संसेक्स 72,085.63 ▲ +440.34
डॉलर 83.011 ▼ +0.051

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 25.0 | 13.0 | 18.0 |
| धनबाद | 25.0 | 17.0 | 20.0 |
| जमशेदपुर | 39.0 | 15.0 | 25.0 |
| पलामू | 26.0 | 16.0 | 19.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



डालटनगंज (मेदिनीनगर), माघ कृष्ण पक्ष 10, विक्रम संवत 2080 डालटनगंज (मेदिनीनगर), रविवार, 04 फरवरी 2024, वर्ष-30, अंक- 109, पृष्ठ-12, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 www.rastriyanaveenmail.com

संपादकीय नियंत्रण की दिशा में उठाने होंगे बड़े कदम ...8
डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित
राजस्थान के पूर्व सीएम अशोक गहलोत ...12 देश/विदेश




## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें हमसे

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 82925 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 8292373444 संपर्क करें।

## पलामू सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 62,540
चांदी (किलो) 71,410

# पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को मिलेगा भारत रत्न

### प्रधानमंत्री मोदी ने कहा-यह उनके लिए भावुक क्षण



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के पूर्व उप प्रधानमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न प्रदान करने की सूचना आज सोशल मीडिया पर साझा की । उन्होंने वयोवृद्ध नेता को फोन कर इसके लिए शुभकामनायें दी हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक्स हैंडल पर इस सूचना को साझा करते हुए भाजपा नेता आडवाणी के साथ अपने दो पुराने फोटो अपलोड किए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, "आडवाणी जी को भारत रत्न से सम्मानित किया जाना मेरे लिए बहुत भावुक क्षण है। मैं इसे हमेशा अपना सौभाग्य मानूंगा कि मुझे उनके साथ बातचीत करने और उनसे सीखने के अनगिनत अवसर मिले।" प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि समय के सबसे सम्मानित राजनेताओं में से एक आडवाणीजी का भारत के विकास में योगदान अविस्मरणीय है। उनका जीवन जमीनी स्तर पर काम करने से शुरू होकर उप प्रधानमंत्री के रूप में देश की सेवा करने तक का है। उन्होंने गृहमंत्री और सूचना एवं प्रसारण मंत्री के रूप में भी अपनी पहचान बनाई। उनके संसदीय हस्तक्षेप हमेशा अनुकरणीय और समृद्ध अंतर्दृष्टि से भरे रहे हैं। उन्होंने कहा है कि सार्वजनिक जीवन में आडवाणी जी की दशकों लंबी सेवा को पारदर्शिता और अखंडता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के रूप में चिह्नित किया गया है। उनकी राजनीतिक नैतिकता ने अनुकरणीय मानक स्थापित किया है। भाजपा नेता आडवाणी ने राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक पुनरुत्थान को आगे बढ़ाने की दिशा में अद्वितीय प्रयास किए हैं।

# भारत रत्न मिलना मेरे आदर्शों और सिद्धांतों का सम्मान

## राष्ट्रपति मुर्मू और पीएम मोदी को धन्यवाद : आडवाणी




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लालकृष्ण आडवाणी ने भारत रत्न से सम्मानित करने के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हार्दिक धन्यवाद कहते हुए कहा है कि यह न केवल एक व्यक्ति के रूप में उनके लिए सम्मान की बात है, बल्कि, यह उनके आदर्शों और सिद्धांतों का भी सम्मान है। लालकृष्ण आडवाणी ने अपने आपको भारत रत्न सम्मान से सम्मानित किए जाने की घोषणा पर बयान जारी कर कहा, मैं अत्यंत विनम्रता और कृतज्ञता के साथ 'भारत रत्न' स्वीकार करता हूं जो आज मुझे प्रदान किया गया है। यह न केवल एक व्यक्ति के रूप में मेरे लिए सम्मान की बात है, बल्कि उन आदर्शों और सिद्धांतों के लिए भी सम्मान है, जिनकी मैंने अपनी पूरी क्षमता से जीवन भर सेवा करने का प्रयास किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के साथ अपने जुड़ाव को याद करते हुए आडवाणी ने आगे कहा, 14 साल की उम्र में जबसे मैं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में स्वयंसेवक के रूप में शामिल हुआ, तब से मैंने केवल एक ही चीज इनाम में मांगा है, जीवन में मुझे जो भी कार्य सौंपा गया है, उसमें अपने प्यारे देश की समर्पित और निस्वार्थ सेवा करना। जिस चीज ने मेरे जीवन को प्रेरित किया है, वह आदर्श वाक्य है 'इदं न मम' - यह जीवन मेरा नहीं है। मेरा जीवन मेरे राष्ट्र के लिए है। आडवाणी ने दीनदयाल उपाध्याय और अटल बिहारी वाजपेयी को याद करते हुए आगे कहा, आज मैं उन दो व्यक्तियों को कृतज्ञतापूर्वक याद करता हूं जिनके साथ मुझे करीब से काम शेष पृष्ठ 11 पर

## एक नजर

### झारखंड में पांच फरवरी से बारिश की संभावना

**रांची।** राज्य में फिलहाल ठंड से राहत की उम्मीद नहीं है। पांच फरवरी से बारिश की संभावना है। सुबह-शाम होने वाले कोहरे से भी अभी राहत नहीं मिलने वाली है। रांची में शनिवार को सुबह से मौसम साफ रहा। धूप भी खिली रही लेकिन हवा की रफ्तार ठंड महसूस करा रही थी। इस संबंध में रांची मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि आने वाले समय में एक बार फिर से मौसम बदलाव होगा। पांच से सात फरवरी के बीच राज्य में बारिश होगी। इस दौरान राज्य में पश्चिमी विक्षोभ का असर देखा जायेगा, जिससे राज्य के दक्षिणी, मध्य और उत्तर पूर्वी भागों में बारिश की संभावना है।

### पंजाब के राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित ने दिया इस्तीफा

**चंडीगढ़।** पंजाब के राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। राज्यपाल पुरोहित ने शनिवार को राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु को अपना इस्तीफा भेजा है। इससे पहले राज्यपाल ने गृहमंत्री अमित शाह के साथ मुलाकात की थी। भाजपा से लंबे समय से जुड़े रहे पुरोहित को 11 सितंबर 2021 को पंजाब का राज्यपाल नियुक्त किया गया था। इससे पहले वह वर्ष 2017 से 2021 तक तमिलनाडु और वर्ष 2016 से 2017 तक असम के राज्यपाल रहे।

# रिमांड अवधि में ईडी के कस्टडी में रहेंगे हेमंत सोरेन, फ्लोर टेस्ट में होंगे शामिल

- दिन में पूछताछ के बाद रात में बिरसा मुंडा जेल में रखने की नहीं मिली अनुमति
- अनुसंधान में क्या पूछना है, कब तक पूछना है यह कोई और तय नहीं कर सकता



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रिमांड की अवधि में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से दिन में पूछताछ के बाद रात में होटवार स्थित बिरसा मुंडा जेल में रखने के आग्रह को ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की कोर्ट ने शनिवार को ठुकरा दिया है। रिमांड की अवधि में हेमंत सोरेन की पूरी कस्टडी ईडी की रहेगी। कोर्ट में हेमंत सोरेन के महाधिवक्ता राजीव रंजन की ओर से सुरक्षा के दृष्टिकोण से हेमंत सोरेन से दिन में पूछताछ के बाद रात में बिरसा मुंडा जेल या अन्य सुरक्षित जगह पर रखने की अनुमति मांगी गई थी। साथ ही कहा गया था कि ईडी कार्यालय में उनकी जान को खतरा है, जिसे कोर्ट ने स्वीकार नहीं किया। कोर्ट ने हेमंत सोरेन के अधिवक्ता, संबंधी एवं पत्नी को रिमांड अवधि में आधे घंटे मिलने की अनुमति दे दी है। इससे पहले शुक्रवार को इस मामले में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी हो जाने के बाद ईडी कोर्ट ने मामला में फैसला सुरक्षित रखा था। ईडी की ओर से हाई कोर्ट के वरीय अधिवक्ता अनिल कुमार ने पक्ष रखा था। ईडी की ओर से कहा गया कि रिमांड में दो तरह की कस्टडी होती है, आधी-आधी कस्टडी नहीं होती है। या तो हेमंत सोरेन को न्यायिक हिरासत में जेल में रखा जाये या रिमांड के दौरान उनसे पूछताछ के लिए इसका पूरा कंट्रोल दिया जाये। किसी से अनुसंधान में क्या पूछना है और कब तक पूछना है यह कोई और तय नहीं कर सकता है। उल्लेखनीय है कि ईडी ने हेमंत को पांच दिनों के रिमांड पर लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। वहीं कोर्ट ने राज्य की चंपाई सरकार के पांच फरवरी के विश्वास मत (फ्लोर टेस्ट) के दौरान हेमंत सोरेन को विधानसभा में उपस्थित होने की अनुमति ईडी कोर्ट ने दे दी है। ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत ने शनिवार को दोनों पक्षों को सुनने के बाद हेमंत सोरेन को विश्वास मत के दौरान सुबह 11:00 बजे विधानसभा में उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। महाधिवक्ता राजीव रंजन और अधिवक्ता प्रदीप चंद्रा ने हेमंत सोरेन की ओर से पक्ष रखा। बहस के दौरान अदालत को बताया गया कि राज्यपाल ने पांच फरवरी को सुबह 11:00 बजे चंपाई सोरेन सरकार के विश्वास मत के लिए समय निर्धारित किया है। हेमंत सोरेन अभी ईडी की न्यायिक हिरासत में हैं, इसलिए उन्हें विधानसभा सत्र शेष पृष्ठ 11 पर

### ईडी की गिरफ्तारी को चुनौती देनेवाली हेमंत की याचिका पर सुनवाई पांच को

**रांची।** अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देनेवाली झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की याचिका पर हाईकोर्ट में पांच फरवरी को सुनवाई होगी। अदालत में पांच फरवरी को सुनवाई के लिए ये मामला सूचीबद्ध किया गया है। 31 जनवरी को जमीन घोटाले से जुड़े मनी लाउंड्रिंग केस में ईडी ने लंबी पूछताछ के बाद हेमंत सोरेन को गिरफ्तार कर लिया था। अभी वे ईडी की रिमांड में हैं। मालूम हो कि मुख्यमंत्री के पद पर रहते हुए किसी राजनीतिज्ञ के मनी लाउंड्रिंग के आरोप में गिरफ्तारी की देश की यह पहली घटना है। हेमंत सोरेन ने अपनी गिरफ्तारी से पहले ईडी के अधिकारियों पर रांची स्थित एससी/एसटी एक्ट के तहत प्राथमिकी भी दर्ज करायी थी। वहीं ईडी की गिरफ्तारी को हाईकोर्ट में चुनौती दी गयी थी।

### पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पूछताछ शुरू

**रांची।** ईडी की टीम जमीन घोटाला मामले में गिरफ्तार पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को कड़ी सुरक्षा के बीच होटवार बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार से लेकर शनिवार को ईडी के हिनू स्थित क्षेत्रीय कार्यालय पहुंची। ईडी की टीम ने हेमंत सोरेन से पूछताछ शुरू कर दी है। कोर्ट ने ईडी को पुलिस रिमांड के दौरान हेमंत सोरेन का मेडिकल चेकअप कराते रहने का निर्देश दिया था। साथ ही किसी तरह की शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना नहीं करने को भी कहा था। इसके अलावा कोर्ट ने पूछताछ के दौरान हेमंत सोरेन को परिवार के सदस्य और वकील से मुलाकात करने की छूट दी थी। मुलाकात की अवधि 30 मिनट निर्धारित है।

# अंकगणित सरकार के पक्ष में समीकरण के सहारे विपक्ष

### सत्ता पक्ष के विधायक गये हैदराबाद, विपक्षी खेमा राजधानी में जमा



**अखिलेश चौबे**

**मेदिनीनगर।** आखिरकार दो दिन इंतजार के बाद जेएमएम विधान मंडल दल के नये नेता चंपई सोरेन को राजभवन से बुलावा आया तथा उन्होंने झारखंड के 12वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ भी ले ली। अब सभी को इंतजार है पांच फरवरी को सदन में सरकार के विश्वास मत हासिल करने का। आंकड़ों पर नजर डालें तो अंकगणित सरकार के पक्ष में नजर आ रहा है। कहते हैं राजनीति में अंकगणित से ज्यादा महत्व केमिस्ट्री का है। ऐसे में गणित को प्रतिकूल देख इस समय झारखंड में विपक्ष की राजनीति पूरी तरह समीकरण के सहारे टिकी है। किसी भी तरह के जोड़-तोड़ की आशंका को निर्मूल करने के लिये जहां सत्ता पक्ष के विधायक शाही शहर हैदराबाद की सैर पर हैं। वहीं विपक्षी विधायक पार्टी नेतृत्व के निर्देश पर शेष पृष्ठ 11 पर

# विरोध के बीच राहुल पहुंचे बाबा मंदिर, की पूजा-अर्चना

### मोदी जिंदाबाद, राहुल गांधी मुदार्बाद, जय श्रीराम के नारे लगे

### पुरोहितों ने पूरे विधि-विधान से आधे घंटे तक पूजा-अर्चना कराई



**देवघर।** भारत जोड़ो न्याय यात्रा के क्रम में राहुल गांधी शुक्रवार की शाम पाकुड़ पहुंचे थे शनिवार को वह देवघर के बाबा बैद्यनाथ धाम मंदिर पहुंचे। गुलाबी धोती और गमछे में मंदिर पहुंचे राहुल को पुरोहितों ने पूरे विधि-विधान से करीब आधे घंटे तक पूजा-अर्चना कराई। बाबा मंदिर में राहुल के आने पर एक शेष पृष्ठ 11 पर

# पलामू में निर्धारित तिथि पर बागेश्वर सरकार के कार्यक्रम पर संशय

### सेवादार ने मई महीने में कार्यक्रम आयोजित होने की जतायी संभावना



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू में बागेश्वर सरकार के निर्धारित कार्यक्रम की तिथि पर संशय के बादल मंडराने लगे हैं। हाईकोर्ट के आदेशानुसार बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री का कार्यक्रम 10 से 15 फरवरी के बीच होना तय हुआ था। लेकिन आज चार फरवरी तक कार्यक्रम की तैयारी की कोई सुगबुगाहट नहीं दिख रही है। कार्यक्रम स्थल पर भी सन्नाटा पसरा हुआ है। शेष बचे 10 दिनों में इतने बड़े कार्यक्रम की तैयारी पूर्ण कर पाना संभव प्रतीत नहीं है। इसकी पुष्टि पलामू में हनुमंत कथा कार्यक्रम में अग्रणी भूमिका निभा रहे बागेश्वर धाम के सेवादार नीतीश कुमार सिंह ने की है। उन्होंने कहा कि पलामू में कार्यक्रम तो तय है, किन्तु तिथि आगे बढ़ सकती है। उन्होंने कहा कि बागेश्वर धाम पर शिवरात्रि के मौके पर गरीब कन्याओं के विवाह का बड़ा कार्यक्रम होता है। इसकी तैयारी एक माह पूर्व शुरू हो जाती है। उक्त कार्यक्रम को ले महाराज जी की व्यस्तता काफी बढ़ जाती है। इसे लेकर एक माह तक महाराज जी धाम पर ही रहते है। इस कार्यक्रम के कारण भी पलामू के कार्यक्रम में देर हो सकती है। वैसे श्री सिंह ने कहा कि आठ फरवरी तक महाराज जी अपने धाम पहुंचेंगे। जिसके बाद उनसे मिलकर आगे की रणनीति तय की जायेगी। उन्होंने आगामी मई माह में कार्यक्रम होने की संभावना व्यक्त की है।

# इंडिया फसलों के बढ़ते दाम के साथ साथ बेहाल अन्नदाताओं की भी हो चिंता



सुनील बादल

**आज** के सबसे तेज और शक्तिशाली प्रचार या दुष्प्रचार के माध्यम सोशल मीडिया पर बड़ी संख्या में लोग चिंता व्यक्त कर रहे हैं कि छः सौ रुपए किलो लहसुन की कीमत हो गई है । पर सालों भर विपरीत परिस्थितियों में जी तोड़ मेहनत करने वाले अन्नदाता कितने खुशहाल हैं और क्यों मंडियों में कई बार अपनी फसलें फेंक कर आते हैं इसकी भी चिंता होनी चाहिए । मोटे तौर पर आज का किसान मजबूरी में खेती करता है न कि शौक से क्योंकि बीज,खाद से कृषि उपकरणों की कीमत हर साल बढ़ जाती है और खेतों में काम करने के लिए श्रमिक नहीं मिलते क्योंकि मुफ्त अनाज से लेकर अनेक लुभावनी योजनाओं से या शहरी क्षेत्र में मुंहमांगी मजदूरी करने से लोग गदगद हैं । उतनी मजदूरी देकर अंत में किसान के हाथ खाली रह जाते हैं । कृषि देश के आर्थिक और सामाजिक ढांचे में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। एक तरफ एमएसपी बढ़ोतरी और फसल बीमा योजनाओं जैसी हालिया पहलों ने आशा की किरणें जगाई हैं, दूसरी तरफ बढ़ती कृषि लागत, अस्थिर बाजार कीमतें, कर्ज के नीचे दबता किसान, जलवायु परिवर्तन व सीमित बुनियादी ढांचा नए सिरे से ध्यान केंद्रित करने और नवीन समाधानों की मांग करता है। जलवायु परिवर्तन सिर्फ कृषि क्षेत्र में ही नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए समस्या बनकर उभरी है। ड्रिप सिंचाई, मृदा संरक्षण तकनीक और सूखा प्रतिरोधी फसल किस्मों को अपनाने जैसी जलवायु-लचीली प्रथाओं को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। जैविक खेती के उपकरण और इनपुट के लिए कर छूट और सब्सिडी किसानों को रासायनिक उर्वरकों से दूर जाने के लिए



प्रोत्साहित कर सकती है। सिंचाई और कृषि प्रसंस्करण के लिए नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों में निवेश जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता घटा सकता है और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम कर सकता है। किसान देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। बीज, उर्वरक, बिजली और पानी पर भारी सब्सिडी देने के बावजूद अधिकांश किसान लगातार संकट में हैं और आत्महत्या और आंदोलन का कारण बन रहे हैं। भारत में किसानों की औसत आय उससे भी कम बनी हुई है। पीएम-किसान जैसी प्रत्यक्ष आय सहायता योजनाओं के लिए आवंटन बढ़ाना बहुत जरूरी है और यह वित्तीय स्थिरता प्रदान कर सकता है। किसानों को उनकी ऊपज का उचित मूल्य देने के लिए पूरे देश में प्रत्येक फसल की घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद सुनिश्चित करने के लिए बजट में विशेष प्रावधान किया जाना चाहिए । बढ़ती कृषि लागत के बीच भारतीय किसानों को गंभीर ऋण संकट का सामना करना पड़ता है। कर्ज के बोझ तले दबा किसान आत्महत्या करने को मजबूर है। एनसीआरबी के आंकड़ों के मुताबिक, साल 2022 में आत्महत्या करने वाले 5,207 किसानों में से 4,999 पुरुष और 208 महिलाएं थीं। आगामी बजट में ऋण राहत योजनाओं, ब्याज मुक्त ऋणों या फसल बीमा कार्यक्रमों के लिए ज्यादा धनराशि का प्रावधान किया जाना जरूरी है। कृषि प्रगति मजबूत बुनियादी ढांचे पर निर्भर करती है। सिंचाई नहरों, भंडारण सुविधाओं और ग्रामीण सड़कों जैसे महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे में निवेश बढ़ाया जा सकता है। ग्रामीण विद्युतीकरण में निवेश और सूचना प्रौद्योगिकी तक बेहतर पहुंच किसानों को मौसम के पैटर्न, बाजार के रुझान और सर्वोत्तम प्रथाओं के बारे में ज्ञान से लैस कर सकती है। खाद्य प्रसंस्करण और पैकेजिंग के बुनियादी ढांचे में निवेश बबार्दी को कम करने, उत्पादों को टिकाऊ बनाने और किसानों के लिए उच्च रिटर्न उत्पन्न करने में मदद कर सकता है। महिलाएं भारतीय कृषि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उनके महत्वपूर्ण योगदान को स्वीकार करते हुए उन्हें सशक्त बनाने के लिए बजट में महिला-विशिष्ट कार्यक्रमों और पहल को बढ़ावा देना चाहिए। पर्यावरण संरक्षण, किसान सशक्तीकरण, बुनियादी ढांचे के विकास, शिक्षा और मूल्य संवर्धन में निवेश को प्राथमिकता देकर हम एक ऐसे भविष्य का निर्माण कर सकते हैं, जहां हमारे किसान समृद्ध हों, खाद्य सुरक्षा की गारंटी हो। उम्मीद करनी चाहिए कि आगामी बजट भारत में कृषि समृद्धि के एक नए युग की शुरूआत करेगा। झारखंड भी इन सभी समस्याओं से जूझ रहा है और सिंचाई के साधनों की कमी से भी।

## एक नजर

### बीडीओ ने लिया सीओ का अतिरिक्त प्रभार

**पाटन।** उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश पर पाटन बीडीओ अमित कुमार झा को सीओ का अतिरिक्त प्रभार दिया गया। शुक्रवार को बीडीओ का प्रभार पाटन सीओ दीपक कुमार मिश्रा ने सौंपा।

### शहीद रणवीर सिंह की टीम बनी चैम्पियन



**पाटन।** स्थानीय पाल्हेकला में नॉकआउट क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला शहीद रणबीर सिंह क्रिकेट टीम व बंग्ला टाइगर क्रिकेट टीम के साथ खेला गया। जिसमें शहीद रणबीर सिंह क्रिकेट टीम ने छह विकेट से जीत हासिल की। मैन ऑफ द सीरीज का खिताब धावा कुमार को दिया गया। मुख्य अतिथि सत्यप्रकाश सिंह के हाथों विजेता टीम को ट्राफी के साथ 21 हजार रुपए नगद व उप विजेता टीम को ट्राफी के साथ 11 हजार रुपए नगद पुरस्कार दिया गया।अंपायर की भूमिका जितेंद्र सिंह व विरेन्द्र सिंह ने निभाई। मौके पर सागर सिंह,रिशु सिंह, प्रभात सिंह, अनिल सिंह, रविशंकर सिंह,चंदू सिंह, रंजन सिंह, बैकुंठ सिंह, रणधीर सिंह, शक्ति सिंह मौजूद थे।

### शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होते : रमेश सिंह

**छत्तरपुर।** नगर पंचायत स्थित बारा निवासी गढ़वा जिले अंतर्गत भंडरिया प्रखंड के फकीराडीह पंचायत स्थित उच्च विद्यालय कुरून में प्रधानाध्यापक के पद पर कार्यरत शिक्षक रामप्रवेश राम को सेवानिवृत्त होने के बाद उन्हें विद्यालय से सम्मानपूर्वक भावभीनी विदाई दी गई। इस दौरान राम प्रवेश राम ने अपने अनुभवों का उल्लेख करते हुये कहा कि 37 वर्ष कार्यकाल में उन्होंने विद्यालय के सारे विद्यार्थी, शिक्षक गण और अभिभावकों को अपना परिवार समझा है। मौके पर उपस्थित सहायक शिक्षक रमेश सिंह ने स्वलिखित कविता सुना कर लोगों को भाव विभोर कर दिया। श्री सिंह ने कहा कि शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होते। मौके पर शिक्षक राज कुमार, उपेंद्र कुमार गुप्ता, सुहानी कुजूर, सुदामा महतो, सुनील कच्छप, डॉक्टर एम कुमार, सुजीत कुमार उपस्थित थे।

### भाजपा का चलो गांव की ओर कार्यशाला

**पाटन।** स्थानीय सुगना पंचायत भवन में भाजपा कार्यकताओं द्वारा चलो गांव की ओर अभियान को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पाटन मंडल अध्यक्ष संजय सिंह ने की। मुख्य अतिथि पूर्व सांसद सह भाजपा नेता मनोज कुमार ने कहा कि गांव चलो अभियान पूरे देश के विधानसभा क्षेत्र में चार फरवरी से 11 फरवरी तक चलाया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन मीडिया प्रभारी सत्येंद्र सिंह ने किया । मौके पर भाजयुमो युवा मोर्चा अध्यक्ष अभिषेक कुमार सिंह, जिला कार्यसमिति सदस्य निरंजन पासवान, वशिष्ठ पांडे, सुजाता सिंह, नीलम देवी, पिंकी विश्वकर्मा, नॉलेज सिंह,जमुना सिंह, गुडू सिंह, सुजीत कुमार, बबल प्रसाद उपस्थित थे।

# प्रखंड कार्यालय में हर शुक्रवार को बनेगा आयुष्मान कार्ड



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** स्थानीय प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में प्रत्येक शुक्रवार को आयुष्मान कार्ड बनाया जायेगा। इसके लिए आयुष्मान आरोग्य मित्र संतोष कुमार सिंह को आदेशित किया गया है। इसकी जानकारी हुसैनाबाद अनुमंडलीय स्वास्थ्य उपाधीक्षक डॉ. दीपक कुमार सिन्हा ने दी है। उन्होंने बताया कि बीते 20 जनवरी को हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय के सभागार में हुई पंचायत समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में बीडीओ के निर्देश पर यह प्रतिनियुक्ति की गयी है।

### नये अध्यक्ष के नेतृत्व में मजबूत होगी भाजपा

**हुसैनाबाद।** अमित तिवारी को दूसरी बार भारतीय जनता पार्टी पलामू जिला का अध्यक्ष बनने पर हुसैनाबाद के भाजपा कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी अब और मजबूती के साथ काम करेगी। इसके लिए प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी एवं संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह के प्रति सभी ने आभार जताया। बधाई देने वालों में प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य रविंद्र कुमार सिंह, नगर मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि श्रवण कुमार, अजय सोनी, रामराज मेहता, अखिलेश मेहता आदि का नाम शामिल है।

# ज्ञान, अध्यात्म और साहित्य की त्रिवेणी थे आचार्य सिद्धेश्वर

### 65 नेत्र रोगियों का किया गया लेंस प्रत्यारोपण



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** आचार्य सिद्धेश्वर फाउंडेशन के सौजन्य से शनिवार को स्थानीय शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में 65 नेत्र रोगियों की आंखों का आपरेशन कर लेंस प्रत्यारोपित किया गया। शिविर का उद्घाटन वरिष्ठ अधिवक्ता चंद्रेश्वर प्रसाद, संस्था के अध्यक्ष अंगद किशोर तथा डॉ. धीरज प्रसाद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस मौके पर चंद्रेश्वर प्रसाद ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आचार्य सिद्धेश्वर पाठक ने संस्था को एकमुश्त इक्यावन लाख रुपए दिए थे। उसी की ब्याज की राशि से प्रति वर्ष नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाता है। संस्था के अध्यक्ष अंगद किशोर ने कहा कि आचार्य सिद्धेश्वर पाठक ज्ञान, आध्यात्म और साहित्य की त्रिवेणी थे। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है। इस अवसर पर संस्था के सचिव आलोक कुमार, कोषाध्यक्ष श्रवण कुमार अग्रवाल,व्यवस्थापक कमलेश कुमार विश्वकर्मा, रविंद्र सिंह, डॉ. अखिलेश,बच्चा सिंह आदि मौजूद रहे।

### विधायक ने दो कब्रिस्तानों के सौंदर्यीकरण का किया शिलान्यास

# क्षेत्र में हो रही विकास की राजनीति

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** हैदरनगर प्रखंड के सिंघना व करीमनडीह गांव के कब्रिस्तान के जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण कार्य का ऑनलाइन शिलान्यास विधायक कमलेश सिंह के निर्देश पर उनके प्रतिनिधि अजीत सिंह ने किया। इस मौके पर विधायक श्री सिंह ने ऑनलाइन संबोधन में लोगों से कहा कि इस कार्यकाल में 44 कब्रिस्तान की चहारदीवारी व सुंदरीकरण कार्य को धरातल पर उतारने का काम किया गया है। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से हुसैनाबाद-हरिहरगंज विस क्षेत्र को विकास के मामले में और बेहतर किया जायेगा। उन्होंने कहा कि वह जातपात नहीं, विकास की राजनीति करते हैं। विधायक प्रतिनिधि अजीत ने कहा कि हुसैनाबाद विधानसभा राज्य का इकलौता क्षेत्र है, जहां विधायक कोटे की राशि ग्रामीणों की बैठक में स्वीकृति के बाद पूरी पारदर्शिता के साथ खर्च की जा रही है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के अन्य दस कब्रिस्तानों की चहारदीवारी निर्माण की स्वीकृति मिली है। मौके पर मुखिया नाजमा खातून, नवाजिश खान, संजय सिंह, रविरंजन सिंह, रेहान अहमद, अजहर अहमद, मुजफ्फर, फैजान, साबित अली, अकबर खान मौजूद थे।



कब्रिस्तान सौंदर्यीकरण कार्य के शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल अतिथि

### दंडाधिकारी प्रतिनियुक्त, धारा 144 लागू

# अनुमंडल क्षेत्र में मैट्रिक और इंटरमीडिएट परीक्षा की तैयारी पूरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** जैक द्वारा आयोजित मैट्रिक व इंटर परीक्षा 2024 को शांति पूर्ण व कदाचार मुक्त संचालन को लेकर कार्यपालक दंडाधिकारी शुभम बेला तोपनो ने धारा 144 लागू की है। इस सम्बंध में कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि झारखंड एकेडमिक काउंसिल की छह फरवरी से शुरू हो रही मैट्रिक व इंटर की वार्षिक परीक्षा-2024 को शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त निष्पादित करने के लिये विधि व्यवस्था को लेकर धारा 144 लागू किया गया है। अनुमंडल क्षेत्र के हुसैनाबाद, हैदरनगर व मोहम्मदगंज के 13 परीक्षा केंद्रों की 100 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा लागू रहेगी। इसके तहत अभिभावक या किसी अन्य को इस परिधि में प्रवेश वर्जित होगा। वहीं पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों के मजमा नहीं लगाने, परीक्षा केंद्रों के आसपास बिना अनुमति के लाउडस्पीकर का प्रयोग नहीं करने का निर्देश दिया गया है। इसके शत-प्रतिशत अनुपालन हेतु तीनों प्रखंडों के संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है। यह निषेधाज्ञा 6 फरवरी से 26 फरवरी तक परीक्षा तिथि के निर्धारित समय से दो घण्टे पूर्व व बाद तक रहेगी।

# 60 घंटे बाद भाकपा माले का अनशन समाप्त



### पदाधिकारियों ने दिया 28 फरवरी तक काम पूरा करने का आश्वासन

**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी/सगालिम।** ग्रामीण जल आपूर्ति योजना के तहत 50 करोड़ की लागत से सात पंचायतों की 48 गांवों में नलजल योजना पानी पहुंचाने की मांग को लेकर भाकपा माले द्वारा किया जा रहा अनशन पदाधिकारियों के आश्वासन के उपरांत 60 घंटे बाद समाप्त हुआ। अधिकारियों ने कहा कि 28 फरवरी तक कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा। विदित हो कि योजना के क्रियान्वयन में भारी अनियमितता का आरोप लगाते हुये पांकी मध्य जिला परिषद खुशबू कुमारी, किसान महासभा के जिला उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह, इजहार अनशन आदि एक फरवरी से अनशन पर बैठे थे। कार्यक्रम में प्रतिदिन सैकड़ों लोग शामिल हो रहे थे। समस्या की गंभीरता को देखते हुये मौके पर पहुंचे पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के एक्जीक्यूटिव इंजीनियर ने आश्वासन देकर मामला शांत कराया। मौके पर भाकपा माले जिला सचिव आरएन सिंह,त्रिलोकी नाथ,पांकी प्रमुख पंचम प्रसाद,नेहाल अंसारी, महेंद्र राम,सीता रामदास, अजीज जी, शुशीला कुंवर,तरुण राज,गुड्डु भुइया,मुकेश कुमार,संतोष कुमार, सोहन जी,बबूल जी, आफताब आलम सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### कार्यपालक दंडाधिकारी ने बीडीओ सीओ व ईओ का लिया प्रभार



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** उपायुक्त पलामू के निर्देश पर छतरपुर कार्यपालक दंडाधिकारी कुमार अरविंद बेदिया ने शनिवार को हरिहरगंज बीडीओ, सीओ तथा ईओ का अतिरिक्त प्रभार निवर्तमान सीओ यामुन रविदास से लिया। पदभार ग्रहण करने के बाद कुमार अरविंद बेदिया को गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। वहीं पदभार ग्रहण करने के बाद श्री बेदिया ने कहा कि प्रखंड व अंचल में स्वच्छ और निष्पक्ष प्रशासनिक सेवा उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने क्षेत्र के विकास के लिए ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों से सहयोग की अपेक्षा की। इस मौके पर सिटी मैनेजर नजीबुल्लाह अंसारी, प्रधान सहायक सरजू बैगा, अंचल नाजिर प्रीतम प्रफुल्ल एक्का, सामुदायिक संगठन कर्ता विचित्रा कुमारी आदि मौजूद थीं।

# उड़ती धूल से ग्रामीण परेशान फोरलेन का निर्माण कार्य रोका

### पानी छिड़काव कराने का कर रहे मांग सड़क किनारे वाहनों की लगी कतार



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** एनएच-75 फोरलेन निर्माण के क्रम में कंपनी के द्वारा बरती जा रही लापरवाही के कारण उड़ रही बेतहाशा धूल के कारण नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उड़ते डस्ट से परेशान स्थानीय लोगों के द्वारा सड़क निर्माण कार्य को बंद कराकर प्रदर्शन किया गया। इससे सड़क के किनारे निर्माण कार्य में लगे वाहनों की लंबी कतार लग गयी। वहीं आवा गमन भी बाधित हो गया। जानकारी के अनुसार ब्रहमोरिया मोड़ के समीप फ्लाईओवर का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। फ्लाईओवर निर्माण कार्य पूरा होने के बाद अप्रोच को भरने के लिए राखड़ भरा जा रहा है। बगैर समुचित इंतजाम के राखड़ उठाने से हवा के झोंकों के साथ डस्ट उड़कर आसपास के घरों में प्रवेश कर रहा है। साथ ही आसपास दुकान, होटल भी धूल-धुसरित हो रहे हैं। इससे खाद्य सामग्री बर्बाद होने के साथ ही क्षेत्र में हृदय व फेफड़े संबंधी बीमारियों के प्रसार का खतरा भी बढ़ गया है। स्थानीय पंचायत सचिव हरिशंकर दुबे, सहित मनोज साव, गनौरी साव, जय प्रकाश तिवारी, दीपक दुबे आदि लोगों ने कहा कि कंपनी कर्मियों के झूठे आश्वासनों से तंग आकर काम बंद कराया गया है। जब तक पानी का छिड़काव नहीं कराया जायेगा। काम नहीं होने दिया जायेगा।

# अयोध्या धाम भ्रमण के लिए 70 तीर्थयात्रियों का जत्था रवाना




**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** शनिवार को नगर पंचायत क्षेत्र के थाना परिसर के समीप स्थित महावीर मंदिर परिसर से पूजा-अर्चना के बाद अयोध्या धाम भ्रमण हेतु 70 तीर्थयात्रियों का जत्था रवाना हुआ।

मौके पर वैश्य जागृति मंच के अध्यक्ष गंगा जायसवाल, संयोजक भोला गुप्ता तथा पुरुषोत्तम जायसवाल उर्फ पिंटू ने हरी झंडी दिखाकर तीर्थयात्रियों से भरी बस को रवाना किया। गंगा जायसवाल ने बताया कि अयोध्या धाम में रामलला के दर्शन सहित तीर्थ स्थल का भ्रमण करेंगे। तीर्थ यात्रा पर जाने वालों में रॉबर्ट गुप्ता, पंकज पासवान, पंकज वैद्य, मालती देवी, प्रियंका देवी आदि का नाम शामिल है। मौके पर अमन सिंह, संजय जायसवाल, बीनू जायसवाल, कुंदन यादव, हरि यादव, अरुण स्वर्णकार, संजय गुप्ता, विनोद सिंह, मृत्युंजय विश्वकर्मा, रिंकू शौंडिक, हरेंद्र सिंह, विकास विश्वकर्मा मौजूद थे।

# पुलिस ने 10 एकड़ में लगे अफीम व पोश्ते की फसल को किया नष्ट



**नवीन मेल संवाददाता**

**नौडीहा बाजार।** पुलिस ने पिछले 24 घंटे के दौरान नौडीहा बाजार एवं मनातू थाना क्षेत्र में कार्रवाई कर 10 एकड़ में लगी पोश्ते और अफीम की फसल को नष्ट किया। छतरपुर अनुमंडल अंतर्गत नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम गोरहो में दो एकड़ में लगी अफीम की फसल को पुलिस ने शनिवार को नष्ट कर दिया। गुप्त सूचना मिलने पर पलामू एसपी रिष्मा रमेशन के निर्देश पर प्रशिक्षु डीएसपी संजीव रंजन, इंस्पेक्टर बीर सिंह मुंडा ने यह अभियान चलाया। पुलिस खेती करने वालों की पहचान में जुटी है। पुलिस ने आसपास के ग्रामीणों को ऐसे फसलों की खेती नहीं करने की हिदायत दी। साथ ही लोगों को एनडीपीएस अधिनियम, नशीले पदार्थों और उसके दुष्परिणामों के बारे में बताया है। इसी क्रम में जिले के मनातू थाना क्षेत्र के नागद गांव के जंगल में एरिया डोमिनेशन के क्रम में मिटार पिकेट के सअनि योगेश चंद्र बोपाई एवं मनातू थाना के पुअनि सुरेंद्र उरांव व सशस्त्र बल द्वारा करीब आठ एकड़ में लगी पोश्ता की फसल को नष्ट किया गया।

# निर्माण कार्यों में गुणवत्ता की अनदेखी से ग्रामीणों में रोष



**नवीन मेल संवाददाता**

**नौडीहा बाजार।** नौडीहा बाजार प्रखंड में हो रहे विभिन्न निर्माण कार्यों में गुणवत्ता की अनदेखी का आरोप लगाते हुये ग्रामीणों ने व्यापक रोष जताया है। ग्रामीणों का कहना है कि हरनी, करकटा आदि क्षेत्रों में अथक प्रयास के उपरांत वर्षो इंतजार के बाद विकास योजनायें धरातल पर उतरी हैं। इसके बाद भी गुणवत्ताविहीन निर्माण कार्यों से समस्यायें दूर होती प्रतीत नहीं हो रही हैं। ग्रामीण सरजू राम, विजय राम, बिगु राम ने कहा कि पलामू सांसद विष्णु दयाल राम व विधायक पुष्पा देवी के द्वारा एक दिसंबर को निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया गया है। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों व प्रतिनिधियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुये इस संबंध में तत्काल आवश्यक कदम उठाये जाने की मांग की है।

## श्रद्धांजलि

### कांडी में मनाई गई अमर शहीद की 102वीं जयंती

# जगदेव प्रसाद के पदचिन्हों पर चलने की जरूरत

**नवीन मेल संवाददाता**

**ऊंटारी रोड।** बसपा प्रदेश अध्यक्ष सह विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय नेता राजन मेहता के नेतृत्व में अमर शहीद जगदेव प्रसाद की 102वीं जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। ततपश्चात कांडी बाजार स्थित कर्पूरी चौक पर जननायक कर्पूरी ठाकुर को माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। साथ ही सोनभद्र इंटर महाविद्यालय स्थित बौद्ध मंदिर परिसर में भगवान बुद्ध व डॉ. भीम राव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। परिखा बौद्ध की अध्यक्षता में आयोजित सभा को संबोधित करते हुये श्री मेहता ने कहा कि वर्तमान में समावेशी विकास के लिये सभी को शहीद जगदेव प्रसाद व जननायक कर्पूरी ठाकुर के पदचिन्हों पर चलने की जरूरत है। विशिष्ट अतिथि प्रमुख संघ की प्रदेश उपाध्यक्ष गीता मेहता, बसपा के प्रदेश महासचिव मनीष सिंह, गढ़वा विधानसभा प्रभारी अजय चौधरी उर्फ मेटल ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन रामप्यारे गुरुजी ने किया। मौके पर गढ़वा जिलाध्यक्ष सुनील गौतम, विश्रामपुर विधानसभा प्रभारी अमेश राम, गढ़वा जिला महासचिव नंद पासवान, गढ़वा जिला उपाध्यक्ष श्रवण मेहता, जिला पार्षद सुषमा कुमारी, राष्ट्रीय नाइ महासभा पलामू के जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र ठाकुर, कृष्णा दास, गिरीश पांडेय, संजय मेहता, मनोज चंचल, प्रिंस ठाकुर उपस्थित थे।



### एसडीपीओ मुकेश कुमार ने पदभार ग्रहण किया

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद के नये एसडीपीओ मुकेश कुमार ने शनिवार को योगदान दिया। उन्होंने छतरपुर स्थित एसडीपीओ कार्यालय में पूर्व एसडीपीओ अजय कुमार से पदभार ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र में पुलिस और जनता के बीच मधुर संबंध बनाना और अपराध पर नियंत्रण रखना उनकी प्राथमिकता होगी। सभी के सहयोग से इस कार्य को पूरा किया जायेगा। उन्होंने कहा कि टीम वर्क से अच्छे परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। वे झारखंड पुलिस सेवा के अधिकारी हैं। यहां आने से पूर्व वे पलामू में डीएसपी के रूप में पदस्थापित थे। उन्होंने बताया कि वे मंगलवार से हुसैनाबाद एसडीपीओ कार्यालय में कार्य का निपटारा करेंगे।

### इण्टर का एडमिट कार्ड नहीं आने से परीक्षा से हुई वंचित, कार्रवाई की मांग

# प्राचार्य व शिक्षकों की लापरवाही से छात्रा का एक साल बर्बाद

**नवीन मेल संवाददाता**

**सगालीम।** प्रखंड के मजदूर किसान इंटर महाविद्यालय डंडार कला पांकी कॉलेज की प्राचार्य व शिक्षकों की लापरवाही का खामियाजा कॉलेज की छात्रा रिशु कुमारी को भुगतना पड़ रहा है ।एडमिट कार्ड नहीं आने से छात्रा इण्टर परीक्षा देने से वंचित रह जाएगी। मामले को लेकर रिशु कुमारी व उसके परिजन काफी चिंतित हैं। छात्रा ने बताया कि डंडार कॉलेज में परीक्षा से वंचित होने वाले ऐसे दर्जनों छात्र -छात्रा हैं। रिशु कुमारी पिता संजय सिंह का रजिस्ट्रेशन और चालान अधिविध परिषद में जमा नहीं होने के कारण उनका एडमिट कार्ड नहीं आया। इस कारण वो परीक्षा में नहीं बैठ पाएंगी। छात्रा का कहना है कि उन्होंने पूरी फीस जमा की है। इसके बावजूद भी मेरा एडमिट कार्ड नहीं आया जो मेरे भविष्य के साथ खिलवाड़ हुआ है।





#### क्या कहते है प्राचार्य

कॉलेज के प्राचार्य अवध बिहारी सिंह से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि गलती से छात्रा का प्रवेश पत्र नहीं आ पाया। अगले वर्ष बिना कोई शुल्क के उसकी परीक्षा होगी।

## सुप्रभात पलामू



**पलामू वासियों को नमस्कार।**

बदलते मौसम ने सभी लोग खुद के साथ अपने परिवार के स्वास्थ्य का भी समुचित ध्यान रखें। बाजार की तली भुनी चीजों को खाने से परहेज करें। प्रर्याप्त मात्रा में जल का सेवन करें।

डॉ. वीपी शुक्ला, चिकित्सक

## पुलिस ने पोस्ता-अफीम के फसल को किया नष्ट



**मेदिनीनगर।** नौडीहा थाना क्षेत्र गोरहो में एसपी रिष्मा रमेशन के निर्देश पर प्रशिक्षु डीएसपी संजीव रंजन व इंस्पेक्टर बीर सिंह मुंडा के नेतृत्व में पुलिस ने पोस्ता-अफीम की खेती को नष्ट किया। पुलिस मादक पदार्थों की खेती करने वालों की पहचान में जुटी है। इस दौरान पुलिस द्वारा आसपास के ग्रामीणों को ऐसे फसलों की खेती नहीं करने के लिये प्रेरित किया गया। साथ ही इसके दुष्परिणामों के बारे में भी जानकारी दी गयी।

### प्रेम प्रसंग में हत्या की आशंका, क्षेत्र में सनसनी

# कुएं में उतराया मिला माइंस चालक का शव

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** छतरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम लोहराही में सुग्रीव प्रजापति के घर के पीछे स्थित कुएं में एक युवक का शव देख क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान छतरपुर थाना अंतर्गत ग्राम जंघबल के स्वर्गीय श्याम नारायण प्रजापति के पुत्र 25 वर्षीय धीरज कुमार के रूप में हुई है। वह करमा कला स्थित एक माइंस में ड्राइवर का काम करता था। बीते 30 जनवरी को अपनी मोटर साईकिल लोहराही गांव में खड़ा कर धीरज लापता हो गया था। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की थी, किंतु उसका कहीं पता नहीं चला। शनिवार सुबह जब एक व्यक्ति लोहराही गांव स्थित नक्कू विश्वकर्मा के कुएं में डीजल पम्प लगाने गया तो पानी में शव उतराया देखा। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया। बताया जाता है कि लोहराही निवासी विश्वनाथ प्रजापति से मृतक की मौसेरी बहन ब्याही हुई है। जिस कुएं से युवक का शव मिला है। उसके चारो तरफ अरहर की फसल लगी है। अधिकतर लोगों का कहना है कि युवक की हत्या कर शव को कुएं में डाला गया है । कयास लगाया जा रहा है कि प्रेम प्रसंग में युवक की हत्या की गयी है। राजद के प्रखंड अध्यक्ष लवलेश यादव ने कहा है कि छतरपुर इलाके में पुलिस की निष्क्रियता के कारण रिहायशी इलाकों के साथ सड़क किनारे स्थित होटलों में धड़ल्ले से अवैध शराब बेची जा रही है। इससे युवा जहां तेजी से नशे की गिरफ्त में आ रहे हैं। वहीं अपराधों का ग्राफ भी बढ़ गया है।



## वन्य जीव के हमले में वृद्धा घायल



**मेदिनीनगर।** पलामू टाइगर रिजर्व के गारू पूर्वी रेंज में शनिवार को वन्य जीव के हमले में एक वृद्धा घायल हो गयी। गारू पूर्वी के रेंजर उमेश कुमार दुबे ने बताया कि विजयपुर निवासी 55 वर्षीय बसमतिया देवी अपने घर से कुछ काम से बाहर निकली थी। इसी दौरान किसी वन्य जीव ने उस पर हमला कर दिया। घायल वृद्धा को पीटीआर के वाहन से ही अस्पताल भेजा गया। वृद्धा का कहना है कि उस पर हमला करने वाला जानवर तेंदुआ था, किंतु जिस जगह पर हमला हुआ वहां की भूमि पथरीली होने के कारण पद्चिन्ह नहीं मिलने से जानवर की पहचान नहीं हो पायी है। वृद्धा को रेबीज का पहला इंजेक्शन लगवा दिया गया है। साथ ही उसे पीटीआर प्रबंधन द्वारा आर्थिक मदद भी की गयी है।

### कार्रवाई के भय से नहीं, खुद की सुरक्षा को लगायें हेलमेट

# सड़क सुरक्षा माह को लेकर निकली प्रभात फेरी


**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह को लेकर जिला प्रशासन और ट्रैफिक पुलिस के द्वारा जिले में विभिन्न स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी के तहत शनिवार को गिरिवर स्कूल के छात्रों द्वारा शहर में प्रभात फेरी निकाल कर लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। कचहरी चौक, छह मुहान, सुभाष चौक, बेलवाटीका चौक, स्टेशन रोड होते हुए गिरवर स्कूल पहुंचकर प्रभात फेरी का समापन किया गया। सड़क सुरक्षा प्रबंधक विनीत कुमार ने बताया कि सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा एवं कदम बढ़ाएं हाथ मिलाएं, झारखण्ड को सुरक्षित राज्य बनाएं के तहत प्रभात फेरी निकाली गई। सभी लोगों से सड़क सुरक्षा के तहत बनाए गए नियमों के अनुसार वाहन चलाने की अपील की जा रही है। ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह ने कहा कि कार्रवाई के भय से नहीं, बल्कि अपने जीवन की रक्षा और परिवार के विकास के लिए हेलमेट लगाना चाहिए। इस मौके पर आईटी असिस्टेंट डब्ल्यू कुमार यादव, रोड इंजीनियर एनालिस्ट अली अंसारी मौजूद थे।




यातायात नियमों का पालन सभी वाहन चालकों के लिये जरूरी

### प्रशिक्षु डीएसपी ने किया जागरूक



**मेदिनीनगर।** पंडवा में प्रशिक्षु डीएसपी राजेश यादव के नेतृत्व में स्कूली छात्र-छात्राओं ने शनिवार को मेदिनीनगर-पंडवा मोड़ मुख्य पथ पर सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकाली। इस दौरान श्री यादव ने लोगों को सड़क सुरक्षा के विभिन्न आयामों से परिचित कराया। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन सभी वाहन चालकों के लिये जरूरी है।

## एक नजर

### नये सीएम को दी बधाई

**मेदिनीनगर।** बेरोजगार संघर्ष मोर्चा ने झारखंड के नवनियुक्त मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को बधाई देते हुये आशा व्यक्त की है कि उनके राज में झारखंड का सर्वांगीण विकास होगा। शिक्षा ,चिकित्सा एवं रोजगार पर विशेष फोकस करेंगे। रिक्त पदों पर नियुक्ति की जायेगी। बधाई देने वालों में मोर्चा अध्यक्ष उदय राम, सनी कुमार, संजीत कुमार, अजीत अजीत कुमार, मनोज सिंह शामिल रहे।

### न्याय यात्रा की लोकप्रियता से भाजपा में घबराहट

**मेदिनीनगर।** जिले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की न्याय यात्री के प्रभारी सुशांत मिश्रा ने जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक एवं अन्य पदाधिकारियों के साथ प्रस्तावित रूट का जायजा लिया। इस दौरान स्थानीय लोगों से चर्चा कर उन्होंने न्याय यात्रा के उद्देश्य की जानकारी दी। जिला अध्यक्ष श्री पाठक ने कहा कि मणिपुर से मुंबई तक 6700 किलो मीटर लंबी भारत जोड़ो न्याय यात्रा को मिल रहे व्यापक जन समर्थन से भाजपा में घबराहट है। मौके पर जिला उपाध्यक्ष संतोष चौबे, अध्यक्ष गोपाल सिंह उपस्थित थे।

### रेड़मा झरना आहर में बगैर सीमांकन हो रहा जीर्णोद्धार कार्य

**मेदिनीनगर।** रेड़मा वार्ड नंबर 18 में झरना टोला स्थित झरना आहर का नगर निगम द्वारा बगैर सीमांकन कराये जा रहे जीर्णोद्धार कार्य से नागरिकों में भारी रोष व्याप्त है। इससे आहर के अतिक्रमण की भी संभावना बढ़ गयी है। विदित हो कि प्लाट नंबर 684 में तीन एकड़ 71 डिसमिल के रकबा वाले इस आहर के चारो तरफ खाली भूमि है। बताया जाता है कि एक करोड़ 18 लाख रुपये की प्राक्कलित राशि की योजना में ठेकेदार द्वारा बगैर सीमांकन कार्य शुरू कराये जाने पर आपत्ति भी जतायी गयी थी, किंतु उसे नजरअंदाज कर काम प्रारंभ कर दिया गया है।

### योध सिंह नामधारी महिला महाविद्यालय में इलेक्ट्रोल लिटरेसी कार्यशाला का आयोजन

# लोक सभा चुनाव का ब्रांड एंबेसडर बनें छात्रायें: डीसी

**पहली बार वोट करने वाली छात्रायें उत्साह के साथ लोकतंत्र के महापर्व में सहभाग करें : उपायुक्त**

**छात्रायें टीम बनाकर आपस मे राजनीतिक परिचर्चा करें**

**इससे राजनीतिक जानकारी के साथ इसमें दिलचस्पी भी बढ़ेगी**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्थानीय योध सिंह नामधारी महिला महाविद्यालय में शनिवार को इलेक्ट्रोल लिटरेसी क्लब कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने की। कार्यशाला को संबोधित करते हुए उपायुक्त श्री रंजन ने कहा कि सभी छात्रायें आगामी लोकसभा चुनाव के लिए अपने जिले का ब्रांड एंबेसडर बनें। ताकि प्रत्येक छात्रा समाज में मतदान के प्रति जागरूकता लाये। पहली बार वोट करने वाली छात्रायें उत्साह के साथ लोकतंत्र के महापर्व में सहभाग करें। साथ ही दूसरों को भी मतदान के लिये प्रेरित करें। छात्रायें टीम बनाकर आपस मे राजनीतिक परिचर्चा करें। इससे राजनीतिक जानकारी के साथ इसमें दिलचस्पी भी बढ़ेगी। उपायुक्त ने उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रीति किस्कु को सोमवार को महिला कॉलेज में कैंप लगाने का निर्देश दिया। कैंप में 18 साल या उससे अधिक आयुवर्ग की वैसी छात्रायें , जिनका मतदाता पहचान पत्र नहीं बना है। उनका मतदाता पहचान पत्र बनाया जाएगा। उन्होंने स्कूल प्रशासन से समय-समय पर वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर उन्होंने छात्राओं द्वारा लगाये गये स्टॉलों का अवलोकन भी किया। मौके पर नगर आयुक्त जावेद हुसैन, महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मोहिनी गुप्ता मौजूद रहीं।




### डीसी ने छात्राओं से किया संवाद

कार्यशाला में उपायुक्त ने कई छात्राओं से संवाद कर उनके प्रश्नों का समुचित जबाब भी दिये। इस दौरान उन्होंने छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के गुर भी सिखाये।

### प्रधान सचिव ने समस्त सिविल सर्जनों को दिया निर्देश

# जिले के 67 आयुष्मान आरोग्य मंदिर होंगे उत्क्रमित

आयुष्मान आरोग्य मंदिर में मेडिकल की सुविधा को बेहतर करने के दिशा में काम करें




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले के 67 आयुष्मान आरोग्य मंदिर उत्क्रमित किये जायेंगे। स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में राज्य के सभी सिविल सर्जनों को इस बाबत निर्देशित किया है। पलामू के सिविल सर्जन डॉक्टर अनिल कुमार ने बताया कि जो आरोग्य मंदिर अन्य विभागों के भवनों में संचालित हो रहे हैं। उन्हें उत्क्रमित करने का निर्देश प्राप्त हुआ है। विदित हो कि स्वास्थ्य विभाग का भवन नहीं होने के कारण जिले के कई आरोग्य मंदिर पंचायत सचिवालय व आंगनबाड़ी केंद्रों में संचालित किये जा रहे हैं। जिले में ऐसे 67 आयुष्मान आरोग्य मंदिर चिन्हित किये गये हैं। सिविल सर्जन ने सभी सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे आयुष्मान आरोग्य मंदिर में मेडिकल की सुविधा को बेहतर करने के दिशा में काम करें। शनिवार को सिविल सर्जन ने ग्रामीण क्षेत्र झाबर, पोलपोल आदि का दौरान कर आरोग्य मंदिरों का जायजा लिया।

# चलो गांव की ओर कार्यक्रम को ले भाजपा ने की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** भाजपा चैनपुर मंडल की बैठक शनिवार को पंचायत भवन के हॉल में हुई। इसमें चलो गांव की ओर कार्यकर्ता प्रवास कार्यक्रम पर चर्चा की गई। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष शशि भूषण पांडेय ने की। कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि प्रदेश द्वारा निर्देशित चलो गांव की ओर प्रवास कार्यक्रम के तहत मंडल में निवास करने वाले वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्त्ता प्रत्येक बूथ पर 10 से 15 तारीख तक प्रवास करेंगे। प्रवास के दौरान प्रदेश द्वारा भेजे गए पत्रक घर-घर तक पहुंचाना, बूथ सत्यापित करना एवं एक बार फिर मोदी सरकार का दीवाल लेखन किया जायेगा। बताया गया कि इस कार्यक्रम के लिए जिला से मंडल में तीन प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। जिसमें मनोज दास,मनीष कुमार पांडे व राजेश कुमार सिंह शामिल हैं। बैठक में दिनेश कुमार प्रजापति, ईश्वरी प्रसाद, सुरेश चौधरी,विनोद बैठा,केदार राम पासी,धर्मदेव सिंह,महेंद्र सिंह, राजेंद्र यादव, गोरख सिंह, लालमणि पासी, बिंदु साव, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष नजरुल अंसारी आदि उपस्थित थे। इस दौरान रामचंद्र दास ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।



### अनियमित खानपान के कारण मोटापा का शिकार हो रहे बच्चे

# फास्ट फूड की जगह बच्चों को दें पौष्टिक आहार

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मेदनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल के अधीक्षक डॉक्टर डीके सिंह ने बताया कि आजकल बच्चे पोषक तत्वों के लिए नहीं बल्कि स्वाद बढ़ाने के लिए भोजन करते हैं। यही वजह है कि फास्ट फूड बच्चो की पहली पसंद बनती जा रही है। जिससे बच्चों में मोटापा तेजी से बढ़ रहा है। लड़कों में पेट के हिस्से का मोटापा अधिक देखने को मिल रहा है। उन्होंने बताया कि फास्ट फूड का अत्यधिक सेवन और खेलकूद में रुचि न दिखाने से यह समस्या बच्चों में बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि जंक फूड के नियमित सेवन से लीवर कमजोर होता है। साथ ही दिमाग भी कमजोर होने लगता है व डायबिटिज का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने इससे बचने के लिए बच्चों के माता-पिता को विशेष सावधानी बरतने की हिदायत दी है।



### प्लास्टिक बॉक्स का न करें प्रयोग

डॉ. सिंह ने बताया कि बच्चों को लंच के लिये प्लास्टिक बाक्स का प्रयोग कदापि न करें। क्योंकि प्लास्टिक में मौजूद हानिकारक केमिकल जेनोएस्ट्रोजेन खाने में मिलकर बच्चे के शरीर में पहुंचकर उसके हार्मोन के संतुलन को बिगाड़ सकता है।

### बच्चों के लिए सुरक्षित इंसुलेटेड लंच बॉक्स

उन्होंने बताया कि बच्चों के लिये इंसुलेटेड बैग वाला लंच बॉक्स सर्वाधिक उपयुक्त है। इस तरह के लंच बॉक्स में न सिर्फ पर्याप्त जगह होती है, बल्कि आसानी से इसे साफ भी किया जा सकता है।

## संक्षिप्त खबरे

### आजसू पार्टी की प्रखंड कमेटी का पुनर्गठन

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड मेदिनीनगर आजसू पार्टी की बैठक जमूने ग्राम में की गयी। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय समिति सदस्य चंद्रशेखर सिंह छोटू एवं संचालन जिला संगठन सचिव शिव शंकर प्रसाद ने किया। बतौर मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष दिलीप चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि केंद्रीय समिति सदस्य संजू सिंह ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। बैठक में सर्वसम्मति से प्रखंड अध्यक्ष नवरंग चंद्रवंशी को बनाया गया। साथ ही उपाध्यक्ष रामाशीष भुइयां व कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी हीरा साव को दी गयी। नवनियुक्त पदाधिकारियों को 15 दिन के अंदर पंचायत से लेकर ग्राम कमेटी तक संगठन का विस्तार करने को कहा गया। मौके पर संजय साव, मनोज कुमार, जितेंद्र कुमार, अमरजीत मेहता, पालुलत पाल, रविंद्र कुमार, रविकांत गुप्ता, सोनू चंद्रवंशी, सत्येंद्र कुमार आदि ने आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

### बजेंद्र नाथ बने दस्तावेज नवीन संघ के अध्यक्ष

**मेदिनीनगर।** पलामू ताईद शेड में दस्तावेज नवीन संघ चुनाव संबंधित आपातकालीन बैठक की गयी। जिसमें 2024 में चुनाव संबंधित चर्चा की गई। साथ ही चुनाव न होने तक सर्व सम्मति से बजेंद्र नाथ सिंह उर्फ मुरारी सिंह को अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसके अतिरिक्त जवाहर मेहता को कोषाध्यक्ष व शशिकांत पांडे को सचिव पद की जिम्मेदारी दी गयी।

### जवान की गणेश वंदना यूट्यूब पर रिलीज

**मेदिनीनगर।** शहर थाना टीओपी वन में कार्यरत टाइगर मोबाइल के जवान रामजी दास की गणेश वंदना को यूट्यूब पर लांच किया गया। इसे दर्शकों द्वारा खूब सराहा जा रहा है। गणेश वंदाना का यूट्यूब पर सब्सक्राइब लाखों में हो गया है। पिछले दिनों भी उन्होंने पलामू और गढ़वा जिले पर आधारित एक गीत को पब्लिक के समक्ष प्रस्तुत किया था। जिसकी लोगों ने खूब तारीफ की थी। रामजी दास ने बताया कि उन्हें बचपन से ही गायन व वादन का शौक रहा है।

### झामुमो युवा मोर्चा ने रेडक्रॉस के नवनिर्वाचित सदस्यों को किया सम्मानित

**मेदिनीनगर।** झामुमो युवा मोर्चा द्वारा गत दिवस रेडक्रॉस के चुनाव में विजयी पदाधिकारियों व सदस्यों को सम्मानित किया है। युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष सन्नी शुक्ला और झामुमो नेता अभिषेक सिंह के नेतृत्व में आयोजित समारोह का संचालन युवा मोर्चा के सचिव आशुतोष विनायक ने किया।

## तैयारी

### जिले में मैट्रिक के 71 एवं इंटर की 37 सेंटरों पर होगी परीक्षा

# जिले में शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त होगी परीक्षा :डीसी



**मैट्रिक व इंटर की परीक्षा छह से, उपायुक्त ने पदाधिकारियों संग की बैठक**

**मैट्रिक के 33,153 एवं इंटर के 29,756 विद्यार्थी परीक्षा में होंगे शामिल**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले में आगामी छह फरवरी से मैट्रिक व इंटर की परीक्षा शुरू होगी। परीक्षा शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त संपन्न कराने को ले शनिवार को उपायुक्त शशि रंजन ने पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में उपायुक्त श्री रंजन ने परीक्षा के लिए जिले में बनाए गए परीक्षा केंद्रों की जानकारी ली। प्रभारी शिक्षा पदाधिकारी सह जिला शिक्षा अधीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि जिले में मैट्रिक के लिये 71 एवं इंटर के लिए 37 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इन परीक्षा केंद्रों में मैट्रिक के 33,153 एवं इंटर के 29,756 विद्यार्थी परीक्षा देंगे। उन्होंने बताया कि मैट्रिक की परीक्षा प्रथम पाली तो इंटर की परीक्षा द्वितीय पाली में होगी। उपायुक्त ने स्वच्छ एवं कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने परीक्षा के लिए प्रतिनियुक्त स्टैटिक एवं उड़नदस्ता दंडाधिकारियों को सजगता के साथ कार्य करने के निर्देश दिये। कहा कि परीक्षा केंद्रों पर समय से प्रश्न पत्र एवं उत्तर पुस्तिका पहुंचे इसकी तैयारी पहले से ही पूर्ण कर लें। बैठक में उपायुक्त श्री रंजन ने सभी केंद्राधीक्षक एवं वीक्षकों को परीक्षा संचालन के दौरान किये जाने वाली तैयारियों पर विस्तार से जानकरी दी। कहा कि परीक्षा के दौरान वीक्षकों का मोबाइल के साथ परीक्षा कक्ष में प्रवेश वर्जित होगा। सभी वीक्षक यह सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी परीक्षार्थी कदाचार ना करें। सभी वीक्षक का यह दायित्व होगा कि केंद्र अधीक्षक द्वारा निर्धारित सीट प्लान के अनुसार ही परीक्षार्थी आवंटित बेंच डेस्क पर बैठें। परीक्षा समाप्ति के उपरांत केंद्र अधीक्षक प्रश्नपत्र सह उत्तर पुस्तिका का रोल कोड एवं रोल नंबर उपस्थिति/अनुपस्थिति के आधार पर अपने प्राधिकृत कर्मियों द्वारा मिलान करते हुए प्राप्त करेंगे। इसी तरह उपायुक्त ने केंद्राधीक्षकों को उनके कार्यों व उनके द्वारा संपादित किए जाने वाले दायित्वों के बारे में भी विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

### परीक्षा केंद्रों से 100 मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा लागू

**मेदिनीनगर।** सदर एसडीओ अनुराग कुमार तिवारी ने क्षेत्र के परीक्षा केंद्रों से 100 मीटर की परिधि में धारा 144 लागू कर दी है। इस बाबत आदेश जारी करते हुए उन्होंने बताया है कि परीक्षा में कदाचार रोकने एवं सुरक्षा को लेकर धारा 144 लागू की गई है। इस दौरान परीक्षा केंद्र परिसर से 100 मीटर की दूरी में अभिभावक या किसी अन्य को रहने की अनुमति नहीं होगी। परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर की परिधि के अंतर्गत पांच अथवा पांच से अधिक व्यक्तियों द्वारा मजमा लगाकर चलने पर प्रतिबंध रहेगा। इसके साथ ही परीक्षा केंद्रों के आसपास बिना अनुमति के लाउडस्पीकर का प्रयोग भी वर्जित रहेगा । साथ ही परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्रों पर प्रतिनियुक्त पदाधिकारी,वीक्षक,परीक्षार्थी व पुलिस बल को छोड़कर किसी भी व्यक्ति को परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर की परिधि में जाने पर प्रतिबंध रहेगा। यह निषेधाज्ञा सिर्फ परीक्षा केंद्रों पर निर्धारित तिथि को ही लागू होगी। सदर अनुमंडल क्षेत्र में मैट्रिक एवं इंटर की परीक्षाओं के लिए कुल 46 केंद्र बनाए गए हैं।

### तनाव मुक्त होकर परीक्षा में शामिल हों परीक्षार्थी:उपायुक्त

**मेदिनीनगर।** आगामी मैट्रिक व इंटर की परीक्षा को लेकर उपायुक्त ने अभिभावकों व अध्यापकों से अपील की है कि वे विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए मैत्रीपूर्ण वातावरण उपलब्ध करायें। जिससे वे बिना किसी दबाव के पढ़ाई कर अपना बेहतर प्रदर्शन कर सकें। उन्होंने परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों कों तनावमुक्त होकर परीक्षा देने की सलाह दी है।

## आवश्यकता है

1994 से प्रकाशित आइपीआरडी और डीएवीपी से मान्यताप्राप्त प्रतिष्ठित दैनिक **'राष्ट्रीय नवीन मेल'** को अपने रांची और डाल्टनगंज संस्करण के लिए उत्साही और ऊर्जावान चीफ रिर्पोटर, समाचार संपादक, पेजिनेटर/सब एडिटर, मार्केटिंग कार्यकारी और प्रखंड स्तर से लेकर ब्यूरो स्तर के रिर्पोटर की आवश्यकता है। ससमय उचित पारिश्रमिक और अन्य सुविधाएं। शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, स्थान और मानदेय की मांग के विवरण के साथ शीघ्रातिशीघ्र आवेदन करें। पत्राचार पूर्णतः गोपनीय रहेगा। hr.rnmail@gmail.com या प्रधान संपादक 'राष्ट्रीय नवीन मेल', 502 बी, मंगलमूर्ति हाइट्स, विशाल मेगामार्ट के पास हरमू रोड रांची 834001 (झारखंड)।

## एक नजर

### भाजपा त्रिदेव समिति की बैठक का आयोजन

**केतार।** केतार प्रखंड के मुकुंदपुर पंचायत सचिवालय में शनिवार को भाजपा त्रिदेव समिति की बैठक हुई। उक्त बैठक में सभी बुथ अध्यक्ष, सचिव एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। विधायक प्रतिनिधि ज्वाला प्रसाद ने सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को आगामी 28 फरवरी को भवनाथपुर (टाउनशिप) में होने वाली 51 गरीब, असहाय बहनों की शादी का सफल आयोजन, वहीं लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर विचार-विमर्श किया। उन्होंने कहा कि इस शादी समारोह को सफल बनाने के लिए हर घर में जाकर उन्हें आमंत्रित करें और उनकी स्वेच्छा अनुसार सहयोग भी ले। इस मौके पर प्रभारी विकर्मा सिंह, मुखिया मुंगा साह, राम प्रसाद कमलापुरी, सुनील सिंह, अरबिंद वर्मा, राजा प्रसाद, योगेंद्र सिंह, संतोष राम, सुदामा सिंह आदि मौजूद थे।

### अबुआ आवास की सूची जारी की गई

**केतार।** प्रखंड विकास पदाधिकारी सावित्री कुमारी ने शनिवार को अबुआ आवास फेज वन के तहत पाचाडुमर पंचायत के लिए योग्य लाभुकों की सूची जारी कर दी है। इसमें पंचायत के 59 योग्य लाभुकों को अबुआ आवास के लिए फाइनल रूप से चिन्हित किया गया है। बीडीओ ने कहा कि सूची में अयोग्य लाभुकों का नाम है तो पंचायत के जनप्रतिनिधि या ग्रामीण 24 घंटे के भीतर प्रखंड कार्यालय में आपत्ति दर्ज करा सकते हैं।

### सम्मेलन को हुई बैठक

**बालूमाथ।** प्रखंड अंतर्गत शनिवार को बिरनदेव उरांव और शंकर उरांव के अध्यक्षता में आदिवासी पड़हा स्वशासन व्यवस्था सम्मेलन को मजबूत और सफल बनाने के लिए एक आहूत बैठक ग्राम धाधू टोला खरटिया में यह सम्मेलन किया गया। आगामी 24 फरवरी 2024 दिन शनिवार को करने का निर्णय लिया गया है। और सात पड़हा चट्टा चितरपुर के अंतर्गत आता है जिसमें आयोजन का स्थान ग्राम गेरेंजा टोला हराफू के स्कूल मैदान के प्रांगण में करने की बात कही गई। मौके पर आजसू प्रखंड अध्यक्ष शंकर उरांव, बिरनदेव उरांव, उदय उरांव, अजय उरांव, बबलू मुंडा, रामलाल भगत, मंगलदेव उरांव, राजू उरांव, पंचू उरांव, सुरेंन उरांव, कमलेश भगत, रामवृक्ष उरांव, सुरेंद्र उरांव, अमित उरांव, संजय उरांव, वीरेंद्र उरांव, सुकू उरांव, बीरबल उरांव, शंभू उरांव आदि मौजूद रहे।

### डेढ़ एकड़ में पोस्ता की खेती की गई नष्ट



**बरवाडीह।** लातेहार पुलिस कप्तान अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर छिपादोहर पुलिस ने थाना क्षेत्र के तनवाई ग्राम में लगी अवैध पोस्ता की फसल को नष्ट किया है। शनिवार को छिपादोहर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार के नेतृत्व में छिपादोहर पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के लात पंचायत के तनवाई ग्राम मे अंचलाधिकारी राकेश सहाय के निर्देश पर अंचल कर्मी एवम अंचल अमीन झमन सिंह के साथ तनवाई ग्राम के रघुनंदन सिंह के डेढ़ एकड़ जमीन में लगी अवैध पोस्ता को पुलिस की मदद से नष्ट कर दिया गया। थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने बताया कि अवैध पोस्ता की खेती करने वाले जमीन मालिक की पहचान कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## गनियारी खुर्द गांव में जामुन के पेड़ से लटके मिले सुनील-प्रियंका के शव

# प्रेमी जोड़े ने फांसी लगा दी जान



**नवीन मेल संवाददाता। धुरकी** थाना क्षेत्र के गनियारी कला पंचायत में गनियारी खुर्द गांव के एक प्रेमी जोड़े ने फांसी लगाकरअपनी जान दे दी।

मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार शाम करीब छह बजे गांव के ही कुछ लोगों ने कैलाश सिंह के खेत में जामुन के पेड़ से लटका हुआ लड़का देखा। लोगों ने पेड़ के करीब जाकर देखा तो लड़की भी अचेत अवस्था में मृत पड़ी थी। लोगों ने मृत लड़के की पहचान मुंदिरका सिंह के पुत्र सुनील सिंह (19) तथा लड़की की पहचान कुलदीप सिंह की पुत्री प्रियंका कुमारी (18) के रूप में की। घटना की सूचना जंगल की आग की तरह फैल गई। स्थानीय मुखिया शम्भू प्रसाद को और धुरकी थाना को इसकी सूचना दी गई। मुखिया की मौजूदगी में धुरकी थाना प्रभारी संतोष कुमार भी दल बाल के साथ घटना स्थल पर पहुंच शव को पेड़ से उतार पांचनामा कर धुरकी थाना ले गए। घटना के संबंध में लड़के की बहन कामोदा कुमारी ने बताया कि भाई 10 बजे तक घर पर ही था। हम लोग खाना खाकर प्रतिदिन की तरह अपने-अपने काम में लग गए। वह कब और कहां गया नहीं पता था। लड़का लड़की के पिता का ट्रैक्टर चालक भी बताया जाता है। इधर लड़की के पिता ने बताया कि बेटी 10 बजे तक घर पर ही थी। उसके बाद घर पर नहीं दिखी तो हम लोगों ने सोचा कि घास काटने गई होगी। मृतका इंटर की छात्रा थी। इस संबंध में थाना प्रभारी संतोष कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि मामला प्रेम प्रसंग का हो सकता है। दुपट्टे से ही लड़का एवं लड़की ने फांसी लगाई होगी। दुपट्टा कामजोर होने के कारण लड़की की तरफ वाला फंदा टूट कर गिर गया होगा। फिलहाल ज्यादा कहना उचित नहीं है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सच सामने आ जाएगा। पुलिस हर पहलू पर छानबीन कर रही है। घटना से इलाके में भय व मातम का माहौल बना हुआ है। शव पोसटमाटम के लिए गढ़वा भेज दिये गये हैं।

# चेन्नई कमाने गये नाबालिग की क्रेशर प्लांट में कार्य करने के दौरान हुई मौत

## लवकेश का शव घर पहुंचते ही मचा कोहराम



**नवीन मेली संवाददाता। चिनिया** थाना क्षेत्र के पूरेगाड़ा गांव निवासी स्वर्गीय जगदीश कोरवा के छोटे पुत्र लवकेश कोरवा (14) काम करने चेन्नई गया था, जहां महालक्ष्मी क्रेशर प्लांट में काम करने के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना 1 फरवरी की बताई जा रही है। घटना के संबंध में मृतक के बड़े भाई शिवपूजन कोरवा ने बताया कि लवकेश को ठेकेदार प्रलोभन देकर ले गया था, जहां काम करने के दौरान उसकी 1 फरवरी को मौत हो गई। इधर मृतक की मां प्रभा कुंवर ने चिनिया थाने में आवेदन देकर कहा है कि उसका नाबालिग पुत्र अपने घर में रहकर कार्य करता था। उसे ग्राम बेसरी पंचायत बेता निवासी फैयाज अंसारी, पिता जाकिर अंसारी ने प्रलोभन देकर कार्य करने के लिए मेरी जानकारी के बिना उसे दिसंबर 2023 में चेन्नई ले गया था। इसके बाद मुझे सूचना दी गई कि आपका लड़का यहां चेन्नई में रहकर काम कर रहा है। 1 फरवरी को सूचना मिली कि पुत्र की मृत्यु पत्थर क्रशर में कटने से हो गई है। क्रेशर मालिक द्वारा पुत्र का शव आज वापस पूरेगाड़ा गांव भेजा गया। वहीं फैयाज अंसारी अभी तक कोई सूचना या सांत्वना देने घर नहीं आया। इससे मुझे यह प्रतीत होता है कि मेरे पुत्र की हत्या की गई है। दोषी पाए जाने वाले लोगों के ऊपर कानूनी कार्रवाई की जाए एवं हमें मुआवजा दिलवाने की कृपा की जाए। इधर शव घर पहुंचते ही परिवार वालों में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना से आसपास के लोग स्तब्ध हैं।

# कांडी ने भवनाथपुर को हराकर फाइनल में किया प्रवेश, खिताबी मुकाबला आज



**नवीन मेल संवाददाता। केतार** प्रखंड क्षेत्र के परसोडीह गांव स्थित उच्च विद्यालय के ग्राउंड में आयोजित शहीद नीलांबर-पीतांबर कास्को क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन-7 के दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में भवनाथपुर ने कांडी को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। भवनाथपुर की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 172 रन बनाकर कांडी टीम के समक्ष 173 रन का लक्ष्य रखा। जवाबी पारी खेलने उतरी कांडी की टीम ने अरूण की शतकीय पारी के 45 गेंद 101 रन बदौलत 14 ओवर में ही 174 रन का लक्ष्य हासिल कर मैच जीत लिया। मैच में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बल्लेबाज अरूण को पूर्व मुखिया अनिल पासवान ने मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया। पूर्व मुखिया ने बताया कि फाइनल मैच रविवार की सुबह 11 बजे कांडी और केतार के बीच खेला जायेगा। मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष संजय वर्मा, सचिव देव कुमार ठाकुर, कोषाध्यक्ष सतेंद्र गुप्ता, एके मौर्य, लव वर्मा, कुश वर्मा, रमेश रजक, बिंदेश्वरी प्रसाद सहित बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रशंसक उपस्थित थे।

# भक्ति कार्यक्रम में हजारों की संख्या में पहुंच रहे श्रद्धालु



**नवीन मेल संवाददाता। सगमा** भैया रुद्र प्रताप देव उच्च विद्यालय परिसर में आयोजित नौ दिवसीय श्री शिव शक्ति महायज्ञ के छठे दिन कथा वाचक शुखेण त्रिपाठी द्वारा प्रवचन किया गया। भक्ति कार्यक्रम में हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। पूरे दिन फेरी परिक्रमा के लिए शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं पुरुष श्रद्धालु भक्त यज्ञ परिसर में शामिल हो रहे हैं और इस महायज्ञ को एक नया स्वरूप प्रदान कर रहे हैं। सगमा यज्ञ समिति द्वारा कराए जा रहे श्री शिव शक्ति महायज्ञ के अवसर पर प्रतिदिन सुबह 8 बजे से 1 बजे तक पूजा हवन दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक प्रवचन व शाम 8 बजे से 1 बजे तक रासलीला कार्यक्रम की प्रस्तुति कि जा रहा है। यह महायज्ञ 29 जनवरी से 6 फरवरी तक चलेगा और 7 फरवरी को भव्य भंडारा के साथ महायज्ञ समापन किया जाएगा। महायज्ञ को लेकर सगमा प्रखंड मुख्यालय सहित गांव में भक्ति के माहौल में रंग चुका है। भक्ति गीतों से पूरा इलाका गुंजायमान हो गया है। यज्ञ स्थल पर पूजा अर्चना करने व अपनी मनोकामनाएं पूर्ण करने को लेकर प्रत्येक दिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु आने जाने ताता लगा हुआ है। इस महायज्ञ में संगम तट नैनी इलाहाबाद से चलकर आए श्री राधे बोलो राधे जी महाराज एवं अन्य विद्वान इस महायज्ञ को सफल बनाने के लिए सगमा की धरती पर पधारे हुए हैं। इस महायज्ञ में बच्चों के मनोरंजन की भी भरपूर साधन है नाव का झूला, जंपिंग राउंड, ट्रेन, सहित बच्चों की उम्र दुनिया की कई अन्य खेल खिलौने की भी दुकान सजी हुई है जिसे श्रद्धालु भक्तों के साथ बच्चे भी यज्ञ परिसर में भरपूर आनंद ले रहे हैं। प्रवचन के आरती में पूर्व विधायक व झामुमो नेता अंनत प्रताप देव झामुमो वरिष्ठ नेता ताहीर अंसारी सहित अन्य लोगों के द्वारा आरती किया गया। मौके पर पूर्व विधायक अनन्त प्रताप देव, झामुमो वरिष्ठ नेता ताहीर अंसारी, रामाधार दुबे, राहत हुसैन, श्रवण सिंह, डॉ हरीदास यादव, मनोज दुबे, कमलेश गोड़, जय गोपाल यादव, देवचंद यादव, अमरनाथ पांडेय, सुभाष यादव, संजय पांडेय, चंद्रकांत यादव आदि मौजूद थे।

# 11वीं के विद्यार्थियों ने 12वीं के छात्र-छात्राओं को दी विदाई



**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा** आरके पब्लिक स्कूल में कक्षा 11वीं के छात्र-छात्राओं द्वारा कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह आयोजित किया गया। स्कूल के प्रशासनिक इंचार्ज प्रमोद कुमार झा और प्राचार्य संतोष पांडेय ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर स्कूल के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पांडेय ने कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना दी एवं परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की कामना की। बताया कि अनुशासन व समय की महत्ता जीवन में सफलता की पहली सीढ़ी है। इसको जीवन में सफलता का मूलमंत्र मानकर ही आप अपने लक्ष्य को पा सकते हैं। उन्होंने शिक्षा में शिक्षक व अभिभावकों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। प्राचार्य ने कहा कि 12वीं की परीक्षा जीवन की सबसे कठिन परीक्षाओं में से एक है। इसकी तैयारी पूरी ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ करनी चाहिए। झा ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप स्कूल से जो शिक्षा प्राप्त किये हैं उसका उपयोग समाज और देश को आगे बढ़ाने में करें। हमारी शुभकामनाएं आपके साथ है। इस अवसर पर कक्षा 11वीं के छात्र-छात्राओं के द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। सिमरन एवं ग्रुप द्वारा मनमोहक स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। रिया सिंह द्वारा स्टेंड अप कॉमेडी, लभली, तन्वी, रिचा एवं रानी ग्रुप द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया। विदाई समारोह में कक्षा 12वीं से सत्यम, शरद, अमन, अभिषेक, रिया, वैष्णवी, खुशी आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कक्षा 11वीं के समृद्धि, शैली और तन्वी के द्वारा किया गया। मिस्टर आरकेपीएस सत्यम कुमार और मिस आरकेपीएस श्रेया श्रुति एवं मिस्टर फेयरवेल आनंद कुमार और मिस फेयरवेल के रूप में ईशिका राज को पुरस्कृत किया गया।

## सम्मान समारोह में भाजपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो सम्मानित

**गढ़वा।** भाजपा जिला कार्यालय गढ़वा में नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो का सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो प्रदेश उपाध्यक्ष जवाहर पासवान जिला प्रभारी बिपीन बिहारी सिंह एवं ओमप्रकाश केशरी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान निवर्तमान जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो को अपना कार्य भार सौंपा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष जवाहर पासवान ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है। छोटा से छोटा कार्यकर्ता भी संघर्ष के दम पर भाजपा में ऊंचे लक्ष्य को प्राप्त करता है। भाजपा कार्यकर्ता संघर्ष के ऊपज है। बिश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि भाजपा में हर तीन वर्ष बाद पद और दायित्व बदलता है। परिवर्तन एक स्वाभाविक प्रक्रिया है। भाजपा के पूर्व विधायक सत्येन्द्र नाथ तिवारी ने कहा कि संगठन का काम करने वाले कार्यकर्ता हमेशा आगे बढ़ते हैं। नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेवारी सौंपी है उस दायित्व का निर्वहन इमानदारी से करूंगा। जिला संगठन प्रभारी बिपीन बिहारी सिंह ने कहा कि भाजपा आनेवाले दिनों में और मजबूत होगा और कार्यकर्ताओं के दम पर आगामी लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रचंड जीत हासिल करेगी। मंच संचालन जिला महामंत्री संतोष दुबे ने किया। मौके पर लातेहार प्रभारी मुकेश निरंजन सिन्हा, वरिष्ठ नेता विनोद तिवारी, बिनय चौबे, राजीव राज तिवारी, रघुराज पांडेय, कन्हैया चौबे, संजय भगत, हरेंद्र दुबे, मुरली श्याम सोनी, राजीव रंजन तिवारी, उमेंद्र यादव, ब्रजेश उपाध्याय, मधुलता कुमारी, विवेकानंद तिवारी, विजय केशरी, बृजेंद्र पाठक, लक्ष्मन राम, रितेश चौबे, भुषण सिंह, उमेश कश्यप, राजेश्वर ठाकुर, बजरंग प्रसाद, कनिष्क आदि मौजूद थे।

# निवर्तमान एसडीपीओ प्रमोद सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर** श्रीलक्ष्मीनारायण महायज्ञ समिति श्री बंशीधर नगर की ओर से अनिकेत पैलेस में आयोजित समारोह में निवर्तमान एसडीपीओ प्रमोद कुमार केसरी को सम्मानित किया गया। केसरी को यह सम्मान श्री बंशीधर नगर शहर के पाल्हे जतपुरा में पिछले वर्ष अनंत समलंकृत पूज्यपाद श्री लक्ष्मीप्रपन्न जीयर स्वामीजी महाराज के चातुर्मास्य व्रत के उपलक्ष्य में उनके पावन सानिध्य में आयोजित श्रीलक्ष्मीनारायण महायज्ञ सह श्रीरामानुजाचार्य सहस्राब्दि जयंती स्मृति महामहोत्सव के विराट आयोजन को सफल बनाने में अतुलनीय योगदान के लिए दिया गया। केसरी ने समिति का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि तीन वर्षों तक श्री बंशीधर नगर में सेवा और ऐतिहासिक महायज्ञ के सफल आयोजन में योगदान का अवसर मिलना उनके लिए सौभाग्य की बात है। श्री बंशीधर जी की कृपा से उन्हें यह सौभाग्य प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि श्री बंशीधर नगर अनुमंडल शांत शहर है, यहां के लोग मिलनसार एव हर सुख दुख ने शामिल होकर हौसला अफजाई करने वाले हैं। यहां लोग एक दूसरे के पर्व त्यौहार में शामिल होकर आपसी सौहार्द बनाए रखते है। एसडीपीओ ने कहा कि तीन वर्षो का कार्यकाल श्री बंशीधर में बेहतर तरीके से बीता है। इस दौरान रामनवमी, श्री बंशीधर महोत्सव, मोहर्रम एवं चातुर्मास्य व्रत सह श्रीलक्ष्मीनारायण महायज्ञ का भव्य और दिव्य आयोजन हुआ, जो जीवनकाल तक स्मरणीय रहेगा। समिति की ओर से लेखा पदाधिकारी धीरेन्द्र चौबे ने कहा कि लगभग महायज्ञ में जुटी 50 लाख लोगों से अधिक की भीड़ को पुलिस ने जिस तरह व्यवस्थित कर आयोजन को सफल बनाया उसमें एसडीपीओ प्रमोद कुमार केसरी का रोल अहम रहा है। रमना थाने में छठ को लेकर प्रशासन और पब्लिक के बीच गतिरोध को समाप्त कर उन्होंने क्षेत्र में शांति व्यवस्था बहाल कर एक मिसाल कायम की है। उन्होंने श्री केसरी की प्रोन्नति के साथ साथ स्वस्थ और सुदीर्घजीवन की कामना की। उस मौके पर आरटीआई कार्यकर्ता बैजनाथ तिवारी व निवर्तमान वार्ड पार्षद रंजन कुमार उर्फ छोटू ने भी विचार व्यक्त किया। समारोह में श्रीलक्ष्मीनारायण महायज्ञ समिति के पदाधिकारियों ने फूल माला पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। चैंबर के पदाधिकारियों ने भी सम्मानित किया। धन्यवाद ज्ञापन नगर पंचायत के सिटी मैनेजर रवि कुमार ने किया। समारोह में बैजनाथ तिवारी, रिटायर्ड कैप्टन सुनील कुमार चौबे अधिवक्ता राजेश पांडेय, धर्मेंद्र प्रताप देव और बंगाली सिंह, संजय पांडेय, विक्रांत सिंह उर्फ सोनू सिंह, गोपाल प्रसाद जायसवाल, मिकी जायसवाल, राकेश विश्वकर्मा, अनूप निराला, विद्या भाष्कर, ओमप्रकाश चौबे, वीरेंद्र प्रसाद, पंकज चौबे, रंजन छोटू, अनूप निराला आदि उपस्थित थे।

## अनदेखी | सिंचाई कूप का जलस्तर काफी नीचे चले जाने से किसान परेशान

# उरिया से अवैध बालू उत्खनन से किसान प्रभावित





**नवीन मेल संवाददाता। मेराल** उरिया नदी से अवैध बालू उत्खनन से किसान प्रभावित हो रहे हैं। इस संबंध में रेजो गांव के किसान अलख नारायण चौबे ने बताया कि सरकार से मुझे नदी किनारे सिंचाई के लिए लिफ्ट इरीगेशन टावर सिंचाई कूप मिला है। लेकिन उरीया नदी से लगातार अवैध बालू के उठाव होने से नदी की गहराई लगभग 8 से 10 फीट नीचे चली गई है। इसके कारण सिंचाई कूप का जलस्तर काफी नीचे चला गया है, जिससे खेतों में सिंचाई करने के लिए काफी कठिनाई उत्पन्न होने लगी है। इसके कारण खेतों में लगे गेहूं के फसल मरने के कगार पर है। उन्होंने कहा कि प्रभावित फसल के नुकसान से अन्न संकट का सामना किसानों को करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि अवैध बालू का उठाव उरीया नदी के दुनुखाड घाट, हासनदाग श्मशान घाट, चिलबिल के पेड़ के पास नदी से तथा वॉटर टावर के सट्टे रेजो घाट से किया जाता है। इसके संबंध में स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र चौधरी को जानकारी दी गई है। इसके बाद अंचलाधिकारी यशवंत नायक तथा जिला खनन पदाधिकारी को भी मिलकर अवैध बालू उठाव को लेकर जानकारी दी गई है। लेकिन इस संबंध में जनप्रतिनिधि या प्रशासन द्वारा अभी तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है। अवैध बालू उठाव के संबंध में जिला खनन पदाधिकारी नंददेव बैठा से पूछे जाने पर बताया कि इस मामले को जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना प्राथमिकता : भुवनेश्वर



**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा** जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य के पद पर भुवनेश्वर साह ने योगदान दिया। उन्होंने निवर्तमान प्राचार्य रामानंद प्रसाद से प्रभार लिया। प्रभार ग्रहण के बाद अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि विद्यालय के छात्र-छात्राओं को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराते हुए दसवी और बारहवीं के रिजल्ट को पहले से और बेहतर करना प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि विद्यालय की छोटी छोटी समस्याओं को जिला प्रशासन और अभिभावक के साथ मिलकर दूर करते हुए विद्यालय को नई ऊंचाई पर ले जाना है।

## बेहतर कार्य के लिए गढ़वा सीएससी को मिला प्रथम पुरस्कार

**गढ़वा।** प्रमंडलीय समीक्षा बैठक में गढ़वा सीएचसी को बेहतर कार्य के लिए प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वहीं मेराल को दूसरा और भवनाथपुर को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। उक्त सभी को सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। बताते चलें कि मूर्ति थाना क्षेत्र के पिछले दिन बेतला में पलामू प्रमंडलीय स्तरी बैठक हुई थी। बैठक में जिला स्तर पर बेहतर करने वाले सीएससी को प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्रस्तुत किया गया था। उसी क्रम में गढ़वा जिले के उक्त तीनों सीएचसी को स्वास्थ्य विभाग की तमाम योजनाओं को शत प्रतिशत पूरा करने के उपलक्ष्य में दिया गया है।

## एक नजर

### क्षमतावर्धन कार्यशाला में 152 मुखिया को किया गया प्रशिक्षित




**चतरा।** पिरामल फाउंडेशन-कैवल्य एजुकेशन फाउंडेशन तथा पंचायती राज विभाग द्वारा डीआरडीए प्रशिक्षण हॉल में आयोजित तीन दिवसीय मुखिया क्षमता वर्धन कार्यशाला शनिवार को सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। कार्यशाला के अंतिम दिन टण्डवा, सिमरिया, कनहाचटी आदि प्रखंड के मुखिया शामिल हुए। वहीं तीन दिवसीय कार्यशाला में बारह प्रखंड के कुल 152 मुखिया को प्रशिक्षित किया गया। कार्यक्रम में आकांक्षी जिला कार्यक्रम पर प्रकाश डालने के साथ कैसे जनप्रतिनिधि अपने पंचायत का विकास बेहतर ढंग से कर सकते हैं उस पार प्रकाश डाला गया। इसके अलाव जीपीडीपी निर्माण जो थीम मुखिया चुने हैं उससे कैसे अपने पंचायत का विकास कर सकते हैं पर विस्तार पूर्वक बताया गया। इसके साथ ही जीपीपीएफटी टीम निर्माण प्रक्रिया आदि पर विस्तार से समझाया गया। पिरामल फाउंडेशन द्वारा लो कॉस्ट, नो कोस्ट एक्टिविटी के दौरान बाल शिक्षा जागरूकता, महिला जागरूकता आदि गतिविधियों के बारे में बताया गया। कार्यक्रम के दौरान पांच प्रखंडों के मुखिया, पिरामल फाउंडेशन टीम के सदस्य तथा काफी संख्या में अन्य लोग मौजूद थे।

### लिपिक जलेशर भगत सेवानिवृत्त होकर घर लौटे



**बारियातु।** जिला कल्यान कार्यालय लातेहार में लिपिक के पद पर कार्यरत साल्वे पंचायत के बारिखाप ग्राम निवासी जलेशर भगत के सेवानिवृत्त होकर घर लौटने पर बारियातु मुखिया संघ अध्यक्ष सह साल्वे पंचायत मुखिया राजीव भगत ने अंगवस्त्र व माला पहना कर स्वागत किया। इस संबंध में जानकारी देते हुए जलेशर भगत ने बताया कि उनके पिता बुलेशर भगत कल्याण कार्यालय लातेहार में कार्यरत थे। उनका 4 नवंबर 1999 को हार्ट अटैक से आकस्मिक निधन हो गया। उन्हीं के बदले में उन्हें नौकरी मिली थी। जलेशर भगत ने बताया कि 8 दिसंबर 2001 को जिला कल्याण कार्यालय लातेहार में लिपिक पद पर योगदान दिया। लगभग 23 साल तक लिपिक के पद पर कार्यरत रहे। 31 जनवरी 2024 को ससम्मान सेवानिवृत होकर घर लोटे।

## एनडीए सरकार में चार मंत्रालय संभाल चुके हैं विधायक बैद्यनाथ राम, उत्कृष्ट विधायक चुने गये हैं रामचंद्र सिंह

# बैद्यनाथ राम व रामचंद्र सिंह को मंत्री बनाने की मांग ने पकड़ी जोर





**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

तेजी से बदलते राजनीतिक घटनाक्रम के बीच चंपई सोरेन ने झारखंड के 12वें मुख्यमंत्री के रूप में शुक्रवार को शपथ ली। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी। चंपई सोरेन के साथ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आलमगीर आलम और राजद के इकलौते विधायक सत्यानंद भोक्ता ने झारखंड कैबिनेट में मंत्री पद की शपथ ली है। चंपई सोरेन के मुख्यमंत्री की शपथ लेने के बाद लातेहार विधानसभा क्षेत्र के विधायक बैद्यनाथ राम और मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह को केबिनेट मंत्री बनाने की मांग जोर पकड़ रही है। बैद्यनाथ राम को एक अनुभवी राजनेता माना जाता है। उन्होंने एनडीए सरकार में चार-चार मंत्रालयों का दायित्व बखूबी संभाला है। हालांकि एक शिक्षक से लेकर मंत्री तक उनका सफर कम दिलचस्प नहीं है। वे सरस्वती शिशु मंदिर में शिक्षक थे। बाद में राजनीति में आ गये। साल 2000 के विधानसभा चुनाव में बैद्यनाथ राम भाजपा से टिकट पाने के प्रबल दावेदार थे, लेकिन उन्हें टिकट नहीं दिया गया। इसके बाद पब्लिक डिमांड में उन्होने निर्दलीय चुनाव लड़ने का फैसला किया। वह बाद में जदयू के टिकट पर चुनाव लड़े और विजयी हुए। तत्कालीन सरकार में उन्हें खेल मंत्री बनाया गया। बाद में उन्हें मद्य निषेध व शिक्षा मंत्री भी बनाया गया। साल 2005 में बैद्यनाथ राम जेडीयू छोड़ कर पुनः भाजपा में आ गये। घर वापसी के बाद 2005 विधानसभा चुनाव बीजेपी के टिकट पर लड़े और विजयी रहे। सरकार में शिक्षा मंत्री बने। साल 2009 में उन्हें बीजेपी के टिकट से हार का सामना करना पड़ा। 2014 में बैद्यनाथ राम विधानसभा चुनाव नहीं लड़े। साल 2019 में जब बीजेपी से उन्हें टिकट नहीं दिया गया तो वे झामुमो में शामिल हो गये और झामुमो के टिकट पर चुनाव जीते। हालांकि चुनाव जीतने के बाद कयास लगाया जा रहा था कि झामुमो की सरकार में उन्हें मंत्रिमंडल में शामिल किया जायेगा, लेकिन ऐसा नहीं हो पाया। बता दें कि पिछले साल विधानसभा सत्र के दौरान बालूमाथ में अस्पताल की मांग को लेकर बैद्यनाथ राम अपनी ही सरकार के खिलाफ धरने पर बैठ गये थे। अब जबकि चंपई सोरेन मुख्यमंत्री बने हैं तो बैद्यनाथ राम को मंत्री बनाने की मांग एक बार फिर जोर पकड़ने लगी है।

वहीं मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह गत वर्ष झारखंड के उत्कृष्ट विधायक चुने जा चुके हैं। 23वें झारखंड विधानसभा स्थापना दिवस पर उन्हें राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। रामचंद्र सिंह को भी चंपई सोरेन मंत्रिमंडल में शामिल करने की मांग बलवती होती जा रही है। लोगों का कहना है कि रामचंद्र सिंह तीन बार विधायक चुने जा चुके हैं। उन्हें चंपई सोरेन मंत्रिमंडल में जगह मिलनी चाहिए। विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर यादव ने कहा कि रामचंद्र सिंह को उत्कृष्ट विधायक चुना गया है, ऐसे में उन्हें मंत्रिमंडल में शामिल किया जाना चाहिए।

### 'चुनाव में जनता देगी विपक्ष को करारा जवाब'



**चंदवा।** झामुमो युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष रंजीत उंराव ने एक प्रेस रिलीज जारी कर लातेहार विधायक बैद्यनाथ राम को झारखंड सरकार में मंत्री बनाने की मांग की है। रंजीत उंराव ने कहा कि लातेहार विधायक बैद्यनाथ राम पूर्वती सरकार में भी दो बार मंत्री रह चुके हैं। उन्होंने मंत्री पद का बखूबी निर्वहन करके दिखाया भी है। अगर उन्हें वर्तमान सरकार में भी मंत्री बनने का अवसर प्राप्त होता है तो वे राज्य में विकास को गति देने के साथ साथ संगठन को भी मजबूती प्रदान करने का काम करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि वर्तमान समय में जिस प्रकार से झारखंड की राजनीति में उथल पुथल हो रहा है उसके लिए सीधे तौर पर विपक्ष जिम्मेवार है। एनडीए शायद झारखंड में आदिवासी, दलित, अल्पसंख्यक समर्थित सरकार को पचा नहीं पा रही है। इस लिए जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर हेमंत सोरेन को परेशान करने का काम किया गया है। हमें न्यायालय में पूरा विश्वास है। एक दिन वे एनडीए द्वारा रचे गए इस चक्रव्यूह को भेद कर बाहर निकलेंगे। और विपक्ष के साजिश का पर्दा फास करने का काम करेंगे। आने वाले समय में विपक्ष को इसका मुंहतोड़ जवाब दिया जायेगा।

# कार्यालय मिलने आए लाभुकों के साथ अभद्रता बर्दाश्त नहीं

## उपायुक्त ने अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का त्वरित निष्पादन का दिया निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में शनिवार को उपायुक्त अबु इमरान द्वारा जनता दरबार में आमजनों की समस्याएं सुनी गई। जनता दरबार में चतरा सादर प्रखंड के ग्राम रामटुंडा निवासी दिव्यांग व्यक्ति ने आवेदन के माध्यम से बताया कि राजस्थान के झुनझुन जिले में क्रेशर में काम करता था। वहीं मेरा हाथ क्रेशर में काम करने के दौरान कबड़ गया, जिसके कारण मैं शारीरिक रूप से आपाहिज हो चुका हूं। घर में एक मात्र कमाऊ सदस्य मैं ही था। आज काम नहीं कर पाने के कारण काफी दिक्कत और परेशानी का सामना मेरे परिवार को करना पर रहा है। घर में पेट भरने हेतु राशन तक उपलब्ध नहीं है। इस पर उपायुक्त ने आवेदन का अवलोकन करते हुए संबंधित पदाधिकारी को नियमानुसार मामले का निष्पादन करने का निर्देश दिया।

इसी प्रकार प्रधान मंत्री आवास योजना, स्वास्थ्य विभाग से संबंधित, आपूर्ति, भूमि विवाद, सामाज कल्याण समेत अन्य मामले लेकर पहुंचे लोगों से उपायुक्त ने एक-एक कर समस्याओं से जुड़े आवेदनों का अवलोकन कर जल्द से जल्द मामले का निष्पादन करने का भरोसा आमजनों को दिया। वहीं उपायुक्त ने जनता दरबार के दौरान जिले के सभी संबंधित पदाधिकारी के साथ ऑनलाइन माध्यम से बैठक कर कहा सभी पदाधिकारी यह ध्यान देंगे कि प्रखंड या जिला मुख्यालय स्थित कार्यालयों में अगर कोई आमजन समस्याओं को लेकर आते हैं तो उसका निष्पादन प्राथमिकता के आधार पर करें। यह भी ध्यान रखा जाय की दूर दराज से गरीब लाभुक बहुत ही उम्मीद से अपने मामले को लेकर कार्यालय पहुंचते हैं। आगे उन्होंने कहा कि प्रायः यह शिकायत प्राप्त होती है कि किसी कार्य या शिकायत के लिए लाभुक अगर प्रखंड या जिला मुख्यालय में स्थित कार्यालय आते हैं तो उनके साथ कर्मी/अधिकारी अभद्रता से पेश आते हैं। इस तरह की कार्यशैली में सुधार कर लें अन्यथा नियम संगत कार्रवाई की जाएगी। ज्ञात हो कि सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार और शनिवार को सुबह 11:30 बजे से 01 बजे अपराह्न तक समाहरणालय में उपायुक्त जनता दरबार के माध्यम से आम जनों की समस्याएं सुन उनका निराकरण करते हैं।

# विश्व कैंसर दिवस के उपलक्ष्य में डीएवी पब्लिक स्कूल ने निकाली जागरूकता रैली




**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

जिला मुख्यालय के जलता स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल ने शनिवार को 'विश्व कैंसर दिवस' के उपलक्ष्य में एक जागरूकता रैली निकाली। डीआरडीए के निदेशक प्रभात रंजन ने डीएवी विद्यालय परिवार की ओर से प्रस्तुत प्रेरणादायक नशा मुक्ति विषय पर आधारित नुक्कड़ नाटक की प्रशंसा की एवं सभी बच्चों को शुभकामना देते हुए झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। जागरूकता रैली जिला समाहरणालय से प्रारंभ होकर थाना चौक कारगिल पार्क पर समाप्त हुई। इसमें लगभग 200 से अधिक बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी बच्चों के हाथ में नशा मुक्ति विषय पर कई प्रकार के संदेश स्लोगन लिखी हुई सैकड़ों तख्तियां भी थीं, जो कि समाज को एक उचित संदेश दे रही थीं। सर्वप्रथम जिला समाहरणालय के नजदीक विद्यालय के बच्चों के द्वारा 'नशा मुक्ति' तथा 'कैंसर के कारण और उपचार' विषय पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर समाज को एक प्रेरणादायक संदेश दिया गया। विद्यालय के संगीत शिक्षक सूरज कुमार मिश्रा के निर्देशन में बच्चों ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। इसके साथ ही साथ विद्यालय के प्राचार्य के द्वारा लिखित और संगीत शिक्षक के द्वारा गाया हुआ प्रेरणा गीत 'शराब पियल छोड़ द, दूध पीय ताजा' को लोगों ने काफी सराहा और सार्थक कहा। ज्ञातव्य है कि 4 फरवरी को विश्व कैंसर दिवस है और हम सभी जानते हैं कि कैंसर एक लाइलाज बीमारी है, जिसके होने से इंसान का तन, मन और धन बर्बाद हो जाता है। इस मौके पर विद्यालय में भी साप्ताहिक पाठ्य सहगामी क्रिया -कलाप के अंतर्गत नशा मुक्ति और कैंसर विषय पर पेंटिंग, भाषण, क्विज आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्राचार्य घनश्याम कुमार सहाय ने कहा कि हमारे जीवन में हर एक पहलू कुछ ना कुछ सीख देती है। आज की युवा पीढ़ी को नशे की बुरी लत में न पड़कर समाज और राष्ट्र के लिए एक अच्छा नागरिक और आदर्श बनना चाहिए। इसके लिए हम सभी की जिम्मेदारी है कि हम अपने समाज को सकारात्मक चीजें प्रदान करें। हमारा समाज सुदृढ़। नशा मुक्त कैसे हो, हम सबको इसके लिए एकजुट होकर सोचने की जरूरत है। प्राचार्य ने कहा कि नशे की लत न सिर्फ इंसान की सामाजिक प्रतिष्ठा का हनन करती है, बल्कि पारिवारिक, आर्थिक, शारीरिक, मानसिक रूप से भी नुकसान करती है। उन्होंने कहा कि इस तरह की जागरूकता रैली निकालने से समाज में एक सकारात्मक संदेश जाता है। बच्चों के साथ-साथ उनके अभिभावकों में भी कैंसर जैसी बीमारी को जड़ से समाप्त करने के लिए जागरूकता आती है। सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं, कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रहा।

# गढ़वा जिले में चिकित्सकों की भारी कमी से सेवाएं प्रभावित

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

जिले में डॉक्टरों की भारी कमी से चिकित्सा की बुनियादी सेवाएं ही अपाहिज नजर आ रही हैं। ग्रामीण क्षेत्र में सभी सीएचसी व पीएचसी पर संसाधनों का टोटा तो लंबे समय से है, ऊपर से स्टाफ की कमी समस्या को और बढ़ा रही है। सभी स्वास्थ्य केंद्र में स्त्री रोग विशेषज्ञ की आवश्यकता है पर कहीं भी स्त्री रोग विशेषज्ञ की तैनाती नहीं की गई है, जिससे महिलाओं की हालत जरा सी गंभीर होने पर मुख्यालय या निजी चिकित्सालयों की शरण में जाना मजबूरी होती है। जिले की करीब 13 लाख आबादी के इलाज के लिए मुख्यालय पर 100 बेड के जिला



अस्पताल के अलावा, सात सीएचसी व 16 पीएचसी हैं और 117 एचएससी हैं। यहां इलाज के लिए संसाधनों का भी टोटा है, ऊपर से डॉक्टरों की हर पायदान पर भारी कमी से मौजूद संसाधनों का भी उपयोग नहीं हो पा रहा है। जिले मे 189 चिकिसकों की जगह 58 डॉक्टर कार्यरत हैं। जिला अस्पताल में स्वीकृत 32 मे चिकित्सकों के सापेक्ष 17 डॉक्टर पदस्थापित हैं। इसके अलावे एनआरएचएम से छह डॉक्टर हैं। सदर अस्पताल में तीन महिला डॉक्टर, एनआरएचएम से एक, नगर ऊंटरी में दो, डंडा में दो, डंडई में एक, भवनाथपुर में एक डॉक्टर पदस्थापित हैं।

## सड़क सुरक्षा को लेकर निकाली गई बाइक जागरूकता रैली



**लातेहार।** जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार के नेतृत्व में यातायात नियम एवं सड़क सुरक्षा को लेकर बाइक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। बाइक रैली के तहत लोगों को सावधानी पूर्वक एवं यातायात नियमों का पालन करते हुये वाहन चलाने के लिए जागरूक किया गया। लोगों को अपनी सुरक्षा के लिए हेलमेट पहन कर बाइक चलाने का संदेश दिया गया। बाइक रैली दूध फैक्टरी से शुरू होकर शहर के मोटरयान ट्रेनिंग स्कूल तक निकाली गयी। बाइक रैली में 70 व्यक्तियों ने हिस्सा लिया।

# अपराध पर नियंत्रण मेरी पहली प्राथमिकता : सुमन

## संदीप ने चतरा के एसडीपीओ का लिया प्रभार



**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

शनिवार को चतरा के 21 वे अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के रूप में नवपदस्थापित एसडीपीओ संदीप सुमन ने निवर्तमान एसडीपीओ अविनाश कुमार से पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के बाद श्री सुमन ने कहा कि अनुमंडल क्षेत्र में सौहार्द एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने एवं विधि व्यवस्था संधारण में पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करूंगा। उन्होंने आगे कहा कि चतरा में अपराध को नियंत्रण करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। वही अफीम तस्करों को मुख्यधारा में आकर एक अच्छे नागरिक की तरह अपना काम करने की उन्होंने नसीहत दी। अन्यथा सलाखों के पीछे जाने के लिए तैयार रहने को कहा। पदभार ग्रहण करने से पूर्व मौके पर उपस्थित पुलिस अधिकारियों ने नये एसडीपीओ को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया तथा निवर्तमान एसडीपीओ को पुष्प गुच्छ देकर विदाई दी। मौके पर एसडीओ सुरेन्द्र उरांव, एडवोकेट रविंद्र कुमार सिंह, राजवीर, कुंदन कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

# समारोह में भाजपा के नए जिलाध्यक्ष का अभिनंदन



**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

नवमनोनित भाजपा जिलाध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता पार्टी द्वारा आयोजित अभिनंदन समारोह में शामिल हुवे। इस दौरान उन्होंने संगठन की मजबूती पर चर्चा करते हुवे कहा कि भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने जो हमपर विश्वास व्यक्त किया है। उसपर खरा उतरने का न सिर्फ प्रयास करूंगा बल्कि संगठन को एक नई ऊंचाई पर लेकर जाऊंगा। लोक सभा चुनाव के बाबत उन्होंने कहा कि भाजपा एक सुसंगठित पार्टी है और लोक सभा ही नहीं बल्कि चतरा के साथ सिमरिया विधान सभा को जितने का भी उन्होंने दावा किया। बैठक जिलाध्यक्ष ने सभी कार्यकर्ताओं से परिचय प्राप्त किया और संगठन को मजबूती प्रदान करने को लेकर हौसला अफजाई किया। मौके पर पूर्व विधायक जनार्दन पासवान के साथ भाजपा जिला कमिटी के सभी पदाधिकारी आदि मौजूद थे।

## सम्मान | झारखंड रत्न समेत कई पुरस्कारों से सम्मानित किये जा चुके हैं रविकांत भगत

# लातेहार के तीन कलाकारों को कोलकाता में मिला फिल्म अवार्ड



**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

जिले के तीन कलाकारों को कोलकाता में फिल्म अवार्ड मिला है। श्याम फिल्म्स इंटरटेनमेंट ने फिल्म अवॉर्ड कोलकाता-2024 का आयोजन किया था। इस समारोह में लातेहार जिला के नागपुरी कुड़ुख गायक रवि कांत भगत ओर अभिनेता रिंकू उरांव व जीतेंद्र भगत को सम्मानित किया गया। रविकांत भगत को कुड़ख वीडिओ एलबम झारखंडी पेल्लो में गायकी के लिए पुरस्कार प्रदान किया गया, जबकि अभिनेता रिंकू उरांव को हे चाला आयो, नामक कुड़ुख वीडिओ एलबम में अच्छी अभिनय के लिए सम्मान दिया गया। जितेंद्र भगत को मांदरिया रइसका नामक नागपुरी वीडिओ एलबम में अभिनय के लिए पुरस्कार दिया गया। बताते चलें कि रवि कांत भगत को उनकी कुडुख भाषा की गायकी और अभिनय के लिए झारखंड रत्न समेंत अन्य कई सम्मान मिल चुके हैं। रविकांत भगत ने अपनी मेहनत से झारखंड में एक एक अलग पहचान बनाई है और लातेहार जिले का नाम रौशन किया है। रविकांत ने बताया कि आज के आदिवासी युवा अपनी माटी की भाषा से विमुख हो रहे हैं। उन्हें फिर से जोड़ना है। आगे बताया कि झारखंड में बन रही नागपुरी फिल्म बीर आइज कर बिरसा का निर्माण किया जा रहा है। इसके निर्देशक मनीष बरवार और मुख्य अभिनेता डा विजय प्रकाश हैं। इस फिल्म में वे एक पुलिस ऑफिसर की भूमिका कर रहे हैं। इस फिल्म को मई 2024 में झारखंड सहित असम, बंगाल, उड़ीसा व छत्तीसगढ़ में एक साथ रिलीज किया जायेगा। भगत ने बताया कि उनकी एक और अपकमिंग नागपुरी शॉर्ट फिल्म करम बिहान है। इसकी शूटिंग लातेहार में की गयी है।

## एक नजर

### ग्रामीणों को दिखाई गईं लघु फिल्में



**लोहरदगा।** जिले के अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र केकरांग में 158 बटालियन सीआरपीएफ द्वारा सशस्त्र बलों एवं जनता के बीच सौहार्दपूर्ण संबंधों को एक नया आयाम देते हुए गृह मंत्रालय भारत सरकार और सीआरपीएफ महानिदेशालय तथा झारखंड सेक्टर सीआरपीएफ के निर्देशानुसार सिविक एक्शन प्रोग्राम वर्ष 2023-24 का आयोजन किया गया। राहुल कुमार, कमांडेंट की देखरेख में प्रदीप कुमार सिंह, द्वि.कमा.अधि., डॉ. रंजीत कुमार तथा हरनीत सिंह, सहायक कमांडेंट 158 बटालियन सीआरपीएफ के द्वारा ग्रामवासियों को जरूरत के अनुसार निःशुल्क फर्टिलाइजर, टिन सीट, सोलर लालटेन, मच्छरदानी, कंबल, प्लास्टिक डब्बा बाल्टी, स्कूल बैग तथा खेलकूद के सामान वितरित किये गए। इसके अतिरिक्त वहां पर डॉ. रंजीत कुमार (उटड) के द्वारा मेडिकल केम्प का आयोजन भी किया गया, जिसमें उनके द्वारा मुफ्त की दवाईयाँ बांटी गई तथा ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच भी की गई, जिससे वहां उपस्थित तमाम ग्रामीणों ने इस कार्यक्रम की भूरी-भूरी प्रशंसा की एवं भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन करने का अनुरोध किया। इस दौरान केकरांग के प्रतिष्ठित नागरिक, स्थानीय पुलिस व सिविल प्रशासन के अधिकारी, ग्रामीण और इलैक्ट्रोनिक व प्रिंट मीडिया जगत के लोग मौजूद थे।

### कुम्हार प्रजापति ट्रस्ट बनने पर समाज में हर्ष



**लोहरदगा।** झारखंड कुम्हार प्रजापति समन्वय समिति की बैठक हुई, जिसमें बताया गया कि अब रजिस्ट्रेशन होने के बाद अब कुम्हार प्रजापति ट्रस्ट लोहरदगा झारखंड के नाम से जाना जाएगा। सभी लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए एक दूसरे को मिठाई खिलाकर एवं अबीर लगाकर खुशी व्यक्त की। कार्यक्रम की अध्यक्षता ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रेम किशोर प्रजापति ने की। उन्होंने ट्रस्ट को आगे बढ़ाने एवं राज्य भर में इसकी अलग पहचान दिलाने के लिए सामाजिक चेतना जगाने पर बल दिया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से नेमघारी प्रजापति, दिनेश प्रजापति, वासुदेव महतो, कमल महतो, शिवनारायण प्रजापति, रामदास महतो, महादेव महतो, सुबोध प्रजापति, चमर महतो, मणिलाल प्रजापति, शशिकांत प्रजापति, राजेश प्रजापति, दुर्गा महतो, राधेश्याम प्रजापति, भागवत महतो, डॉक्टर पवन कुमार प्रजापति, देवानंद महतो, सरोज प्रजापति, पंकज प्रजापति, संदीप कुमार, संदेश कुमार, दीपक प्रजापति, मनोज प्रजापति, राजेश प्रजापति, अनिल महतो, रामदेव प्रजापति संजय प्रजापति देवेंद्र प्रजापति आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन ट्रस्ट के सचिव नरेंद्र प्रजापति एवं धन्यवाद ज्ञापन ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष विनोद कुमार प्रजापति ने किया।

### मैट्रिक और इंटर परीक्षा को लेकर उपायुक्त ने की पदाधिकारियों संग बैठक, दिया निर्देश

# परीक्षा को कदाचारमुक्त व जीरो एरर के साथ संपन्न कराना सुनिश्चित करें : डीसी

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में वार्षिक माध्यमिक-2024 एवं इंटरमीडिएट परीक्षा-2024 (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य) को लेकर बैठक हुई। इस संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी, लोहरदगा द्वारा बैठक में बताया गया कि वार्षिक माध्यमिक परीक्षा-2024 और इंटरमीडिएट परीक्षा 6 फरवरी से प्रारंभ हो रही हैं और 26 फरवरी को संपन्न होगी। वार्षिक माध्यमिक-2024 की परीक्षा के लिए लोहरदगा जिला में कुल 17 परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं। वहीं इंटरमीडिएट परीक्षा-2024 के लिए लोहरदगा जिला में 12 परीक्षा केंद्र निर्धारित हैं। माध्यमिक की वार्षिक परीक्षा सुबह 9.45 से डोप 1 बजे तक और इंटरमीडिएट की परीक्षा दोपहर 2 बजे से 5.15 बजे तक आयोजित होगी।

बैठक में उपायुक्त ने कहा कि परीक्षा को कदाचारमुक्त व जीरो एरर के साथ संपन्न करना है। परीक्षा में किसी भी परीक्षार्थी या शिक्षक द्वारा किसी प्रकार का कदाचार ना किया जाए, इसे सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारी/अधीक्षक सुनिश्चित करायेंगे। अगर कहीं से किसी प्रकार के कदाचार की सूचना आती है तो त्वरित कार्रवाई करें। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा परीक्षा केंद्र में प्रश्न-पत्र का वितरण, परीक्षा की समाप्ति के उपरांत उन उत्तर पुस्तिकाओं का सही स्थान पर ससमय संधारण आदि की जानकारी दी गई। वार्षिक माध्यमिक परीक्षा-2024 में इस वर्ष लोहरदगा जिला में कुल 6958 परीक्षार्थी और इंटरमीडिएट परीक्षा-2024 में कुल 5055 परीक्षार्थी शामिल होंगे। बैठक में पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, अपर समाहर्ता जीतेंद्र मुंडा, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी सौरभ प्रसाद, जिला शिक्षा पदाधिकारी अपरूपा पॉल चौधरी, एलआरडीसी सुजाता कुजूर समेत सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, केंद्राधीक्षक व संबंधित विद्यालयों के प्रधानाध्यापक उपस्थित थे।




### मैट्रिक के 17 और इंटर के 12 परीक्षा केंद्र बनाए गए

1. एसएस हाई स्कूल, किस्को।
2. प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल, किस्को।
3. गवर्नमेंट मिडिल स्कूल, किस्को।
4. गवर्नमेंट गांधी मेमोरियल प्लस टू हाई स्कूल, माराडीह, कुडू।
5. प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल, कुडू।
6. गवर्नमेंट मिडिल स्कूल, टाकू, कुडू।
7. राजकीयकृत बुनियादी स्कूल, कुडू।
8. एमएलए इंटर कॉलेज, लोहरदगा।
9. एसएएसवीएम हाई स्कूल, लोहरदगा।
10. गवर्नमेंट गर्ल्स हाई स्कूल, लोहरदगा।
11. गवर्नमेंट प्लस टू चुन्नीलाल हाई स्कूल, लोहरदगा।
12. उसुर्लाईन कॉन्वेंट गर्ल्स हाई स्कूल, लोहरदगा।
13. लूथेरन हाई स्कूल, लोहरदगा।
14. गवर्नमेंट लाल बहादुर शास्त्री प्लस टू हाई स्कूल, भंडरा।
15. गवर्नमेंट अपग्रेडेड हाई स्कूल, बिटपी, भण्डरा।
16. गवर्नमेंट प्लस टू नंदलाल हाई स्कूल, अरू, सेन्हा।
17. राजकीयकृत गर्ल्स मिडिल स्कूल, सेन्हा।

**इंटरमीडिएट परीक्षा-2024 के लिए बनाये गये केंद्र**

1. एमएलए इंटर महिला कॉलेज, लोहरदगा।
2. गवर्नमेंट प्लस चुन्नीलाल हाई स्कूल, लोहरदगा।
3. गवर्नमेंट कस्तूरबा गर्ल्स मिडिल स्कूल, लोहरदगा।
4. एमएल अग्रवाल एसवीएम इंटर कॉलेज, लोहरदगा।
5. एसएएसवीएम हाई स्कूल, लोहरदगा।
6. मंजुरमति हाई स्कूल, महादेव आश्रम, लोहरदगा।
7. गवर्नमेंट गर्ल्स हाई स्कूल, लोहरदगा।
8. संत स्तानिसलास हाई स्कूल, कैमो पतराटोली।
9. संत अन्ना गर्ल्स हाई स्कूल, कैमो, पतराटोली।
10. उसुर्लाईन कॉन्वेंट गर्ल्स हाई स्कूल, लोहरदगा।
11. उसुर्लाईन कॉन्वेंट गर्ल्स मिडिल स्कूल, लोहरदगा।
12. लुथेरन हाई स्कूल, लोहरदगा।

# कैरो अंचल कार्यालय के अमीन इंद्रदेव का निधन

**नवीन मेल संवाददाता। कैरो**
कैरो अंचल कार्यालय मे कार्यरत अमीन इन्द्रदेव कच्छप की शनिवार को आकस्मिक निधन हो गया है। इन्द्रदेव जी एक मृदुभाषी, व्यवहार कुशल, अंचल कार्यालय मे राजस्व अमीन के पद पर दिसंबर 2018 से कार्यरत थे। वे अपने कार्यो के प्रति पूरी निष्ठा एवं गहन जांच पड़ताल कर ईमानदारी पूर्वक अपनी कार्यो को निपटारा किया करते थे। इनके आकस्मिक निधन से कैरो बीडीओ समेत प्रखंड सह अंचल कार्यालय कर्मियों मे गहरा शोक संवेदना जताते हुये सामुहिक रूप से दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से पुण्य आत्मा को शांति प्रदान की कामना की गयी। वहीं कैरो प्रखंड सह अंचल कार्यालय को बंद कर दिया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रभारी अंचल अधिकारी पवन कुमार महतो, सहायक अभियंता राजीव कुमार, अंचल निरीक्षक अनंत शयनम विश्वकर्मा, पूर्व अंचलाधिकारी कमलेश उरांव, पूर्व अंचल निरीक्षक ऋषिदेव कमल, पूर्व अंचल नाजीर पंकज कुमार लाल, राजस्व कर्मचारी दीपक उरांव, विन्देश्वर उरांव, अंचल कर्मी लाल अविनाश नाथ शाहदेव, पंचायत सचिव गुहा उरांव, जनसेवक प्रदीप कुमार, अमन शिखर, प्रखंड संन्यवक संजीव कुमार, अमन शिखर, प्रखंड आपूर्तिपदाधिकारी किशोर उरांव, रोजगार सेवक हिफ्फजूर रहमान, नंदा भगत, राजमणि कुमारी, पोस्टमास्टर जगदीश यादव, कैरो प्रखंड प्रमुख राम उरांव, उप-प्रमुख मधुलिका रानी, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष अनीश अहमद खान, उपाध्यक्ष बुधुवा उरांव, सदस्य शरत कुमार विद्यार्थी, मुखिया वीरेंद्र महली, जिला शांति समिति सदस्य नजीर आलम खान, सुरज मोहन साहू इत्यादि ने गहरा शोक संवेदना प्रकट किया है।

### कर्मी के निधन पर शोक



**लोहरदगा।** कैरो अंचल में कार्यरत कर्मी इंद्रदेव कच्छप के आकस्मिक निधन पर समाहरणालय परिसर, लोहरदगा में उनके आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन रखा गया। वे अपने पीछे भरा-पुरा परिवार छोड़ गये हैं। मौके पर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, अपर समाहर्ता जीतेंद्र मुण्डा, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, डीटीओ सौरभ प्रसाद, एनडीसी अभिनीत सूरज समेत बड़ी संख्या कर्मिगण उपस्थित थे।

### प्रखंड व अंचल कर्मियों ने दी श्रद्धांजलि

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**
प्रखंड कार्यालय प्रांगण में कैरो अंचल में कार्यरत अमीन इंद्रदेव कच्छप तथा तमाड़ प्रखंड स्थित बाल विकास कार्यालय की महिला पर्यवेक्षिका अलका देवी के आकस्मिक निधन पर प्रखंड व अंचल कर्मियों ने दो मिनट का मौन धारण कर शोक व्यक्त किया। वहीं 1 बजे के उपरांत प्रखंड सह अंचल कार्यालय बंद किया गया। मौके पर



महाबीर असुर, बिफई उरांव, दिवाकर पांडेय, नितशिखा तिर्की, विनय सिंह, कमला देवी, जुनैद अहमद, त्रिवेणी भगत, दिनेश कुमार सिंह, जयराम उरांव उपस्थित थे।

# व्यवहार न्यायालय में फ्री हेल्थ चेकअप कैंप में पीडीजे, जजों व वकीलों ने कराई जांच

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
व्यवहार न्यायालय परिसर लोहरदगा में 3 फरवरी को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार राजेंद्र बहादुर पाल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा सदर अस्पताल लोहरदगा एवं शेल्बी डिवाइन अस्पताल रांची के सहयोग से फ्री हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 300 से ज्यादा लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इसमें न्यायाधीशगण, सिविल कोर्ट कर्मी, अधिवक्तागण, पुलिस बल, पीएलवी आदि मौजूद रहे।



वहीं कैंप में दवा का भी वितरण किया गया। वहीं कैंप का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष डालसा राजेंद्र बहादुर पाल व कैंप में पहुंचे चिकित्सकों द्वारा किया गया। वहीं पीडीजे ने कहा कि स्वास्थ्य जांच सभी के लिए आवश्यक तत्व है, जिसके आधार पर उनके क्रियाकलापों को निरंतरता बनाए रखने के लिए आवश्यक है। डालसा सचिव ने कहा कि उत्तम स्वास्थ्य पर सभी का अधिकार है। जब लोग निरोग रहेंगे तभी सभी काम कर पाएंगे। वहीं कैंप में विशेषज्ञ चिकित्सक डा प्रिया, नेत्र विशेषज्ञ, डा विनीता हीरो पैथोलॉजिस्ट, डा देवनीश खेश गठिया एवं वात रोग विशेषज्ञ, डा विवेक कुमार डेविड, हड्डी रोग विशेषज्ञ, डा हेमंत आल्डा न्यूरोलॉजिस्ट और डा दिप्ती कुजूर महिला एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, डा आरके उपाध्याय फिजिशियन, डॉ विनय कुमार, नेत्र सहायक उपस्थित हुए। वहीं विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा कैंप में पहुंचे लोगों का ईसीजी, बीडीएम, मधुमेह, रक्तचाप, हड्डी संबंधी बीमारी सहित अन्य बीमारियों का जांच किया गया। साथ ही उचित सलाह दी गई। मौके पर एसडीजेएम श्री राजकल्याण, सिविल सर्जन डा राजमोहन खलखो, डीएस डा शंभू नाथ चौधरी, सभी न्यायिक कर्मी, अधिवक्ता, पीएलवी, सहायक चिकित्साकर्मी रवि वर्मा, गोलू सोनी, सूरज, बेला, अजीत, नीलम, रीता मिंज, सुनीता लकड़ा आदि उपस्थित थे।

# एक सप्ताह में माइंसों की स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो की जाएगी अनिश्चितकालीन हड़ताल

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
लोहरदगा गुमला ट्रक आँनर एसोसिएशन एवं झारखंड ट्रक ऑनर एसोसिएशन, विमरला की एक संयुक्त बैठक लोहरदगा बिजली ऑफिस, पतराटोली के समीप संपन्न हुई। बैठक की संयुक्त अध्यक्षता लोहरदगा गुमला ट्रक ऑनर एसोसिएशन के अध्यक्ष कवलजीत सिंह एवं झारखंड ट्रक ऑनर एसोसिएशन, विमरला के अध्यक्ष विनोद राम (बिन्नू) के द्वारा की गई। बैठक में मुख्य रूप से हिंडाल्को कंपनी के कुजाम, विमरला, अमतीपानी, न्यू अमतीपानी (चिरोड़ीह) माँईसो में पिछले कई दिनों से हिंडाल्को कंपनी के द्वारा ट्रक चालको एवं आँनरों को विभिन्न मुद्दों को लेकर जो परेशानियां की जा रही थी उन पर चर्चा की गई कि कंपनी कहीं ना कहीं नए नए-नए नियम लागू करके ट्रक मालिकों को परेशान कर रही है और दूसरी ओर समझौते के मुताबिक महीने में 12 ट्रिप, प्रति ट्रक को नहीं दिया जा रहा है। 12 की जगह 6 और 8 ट्रिप दिया जा रहा है, जिसके कारण ऑनर कर्ज में दबते चले जा रहे हैं। इसको लेकर यह निर्णय हुआ कि कंपनी से अविलंब वार्ता की जाए और 25 सदस्यी प्रतिनिधिमंडल ने हिंडाल्को कंपनी में बैठक की, जिसमें हिंडाल्को की तरफ से सीनियर वाइस प्रेसिडेंट प्रतीक गुप्ता एवं ट्रांसपोर्ट हेड अभिषेक सिंह भी शामिल हुए। एसोसिएशन ने कंपनी को अपनी मांगों से अवगत कराते हुए यह स्पष्ट कर दिया कि एक सप्ताह के अंदर ट्रिप की स्थिति में अगर सुधार नहीं होता है और विभिन्न नए नियमों को कंपनी वापस नहीं लेती है तो चारों माइंस के ट्रक मालिक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। इस पर कंपनी ने आश्वासन दिया कि पांच दिनों के अंदर स्थिति में सुधार किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से एसोसिएशन के उपाध्यक्ष विनोद सिंह, अभय सिंह, अवधेश मित्तल, रहमत अंसारी, बरज सिंह, मोहम्मद बबलू, रंजीत दे, जतरू मुंडा, सफीक अंसारी, राजेश शर्मा, संजीव शर्मा, अजमल कुरैशी, मोहम्मद रिजवान, संजय साहू, शंकर महतो, सोनू कुमार, शशि कुमार वर्मा, फिरोज राही, मोहम्मद अमानुल्लाह, मनोज साहू, रामायण प्रजापति, ननका मिस्त्री, सागर वर्मा, प्रमोद मिश्रा, शंकर उरांव, तीजा उरांव, चंदन कुमार, पंकज सिंह, मुख्तार अंसारी, शोएब अख्तर, बालेश्वर प्रजापति, आसिफ राजा, सुनील साहू, बृजेश प्रसाद, अरुण सिंह, गजाधर महतो, मोहम्मद सरवर, जबार अंसारी, महबूब अंसारी, मोहम्मद मिंटू, मोहम्मद मजीद, जसीम खान, बाबूलाल, सागर, जियाउल अंसारी, मोहम्मद कैश, प्रेमनाथ मिश्रा, दिनेश गुप्ता उपस्थित थे।



**कार्यक्रम** हाजी अफसर कुरैशी के नेतृत्व में हजरत बाबा दुखन शाह के मजार पर लहराया परचम

# परचम कुशाई के साथ शुरू हुआ चार दिवसीय सालाना उर्स

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
हजरत बाबा दुखन शाह (र. अ.) की 99वीं उर्स का आगाज शनिवार को परचम कुशाई के साथ आधिकारिक रूप से प्रारंभ हो गया। अंजुमन इस्लामिया के सदर हाजी मो. अफसर कुरैशी, सेक्रेटरी सफदर आलम, नाइब सदर नेहाल कुरैशी, सहसचिव मुजम्मिल अंसारी, हाजी नसीम अख्तर, जामा मस्जिद के इमाम शमीम रिजवी, हाफिज सफीक, कारी शाहिद कुरैशी फिदाई, असगर अंसारी, लुकमान अंसारी, अबुल कलाम तैगी, सज्जाद अंसारी, सिराज अंसारी, मोहम्मद कैश, सगीर अंसारी, खालिद अंसारी, असगर तैगी आदि समेत अंजुमन के अन्य ओहदेदारों व गणमान्य लोगों द्वारा हजरत बाबा दुखना शाह के मजार पर परचम लहराया गया। मौके पर अंजुमन इस्लामिया सदर हाजी मो. अफसर कुरैशी ने कहा कि आज परचम कुशाई के साथ हजरत बाबा दुखन शाह (रअ) की चार दिनी उर्स मुबारक शुरू हो गई है। 4 फरवरी रविवार को केरत व नातिया ईनामी मुकाबला दोपहर 2:00 बजे से असर तक होगा। 5 फरवरी सोमवार को को अहले सुबह 3.00 बजे गुसुल संदल और चादरपोशी सुबह 6:00 बजे अंजुमन इस्लामिया के जानिब से की जाएगी। तत्पश्चात पुलिस प्रशासन की ओर से गार्ड ऑफ ऑनर व चादरपोशी की जाएगी। सुबह 6:00 बजे से ही कुरआन ख्वानी ख्वाजा गरीब नवाज ट्रस्ट के जानिब से की जाएगी, जबकि बाद नमाज जोहर लंगरखानी होगी। 6 फरवरी को बाद नमाज जोहर लंगरखानी, कुरैश फ्यूल सेन्टर के जानिब से की जाएगी। साथ ही बाद नमाज ईशा ईद मिलादुन्नबी और तबरूक तकसीम की जाएगी। उन्होंने बताया कि 5 एवं 6 फरवरी की रात महफिल ए कव्वाली का प्रोग्राम है। जिसमें टीवी सिंगर सलीम जावेद (मुंबई) एवं टीवी सिंगर सलीम राजा (मुंबई) के बीच शानदार मुकाबला होगा। उन्होंने बताया कि 5 फरवरी के कव्वाली प्रोग्राम का उद्घाटनकर्ता राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू एवं मुख्य अतिथि विधायक डॉ रामेश्वर उरांव होंगे, जबकि 6 फरवरी की रात कव्वाली प्रोग्राम का भी उद्घाटनकर्ता राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू होंगे और मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता होंगे। हाजी मो. अफसर कुरैशी ने बताया कि परंपरा के मुताबिक इस उर्स मुबारक का मुख्य संरक्षक उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण और पुलिस कप्तान हारिस बिन जमां होंगे।



# गतका प्रतियोगिता में शामिल होंगे लोहरदगा के खिलाड़ी



**नवीन मेल संवाददाता। कुडू**
तृतीय राज्यस्तरीय गतका (तलवारबाजी) प्रतियोगिता में लोहरदगा जिले के खिलाड़ी अपना जौहर दिखाने हजारीबाग रवाना हुए हैं। हजारीबाग के बरही स्थित रॉयल ऑर्किड स्कूल में आयोजित इस दो दिवसीय प्रतियोगिता में राज्य के 18 जिलों से कुल 300 खिलाड़ी शामिल हुए हैं। इसमें लोहरदगा के कुडू, कैरो और सेन्हा प्रखंड से बालक वर्ग में मुकेश उराव एवं मिहिर त्रिपाठी और बालिका वर्ग में गीतांजलि उराव, संतोषी कुमारी, कुमकुम कुमारी और अंजलि कुमारी सहित कुल 6 खिलाड़ी हजारीबाग पहुंच चुके हैं। लोहरदगा गतका संघ के महासचिव अमित कुमार सिंह ने बताया कि गतका को खेलो इंडिया, स्कूल गेम, नेशनल गेम और भारतीय खेल प्राधिकरण से मान्यता प्राप्त है। इस गेम में खिलाडियों का भविष्य उज्जवल है यदि चयनित खिलाड़ी राज्यस्तरीय गतका प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करते हैं तो चयनित खिलाड़ियों को उत्तराखंड में राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाले 38 नेशनल गेम में खेलने का मौका मिलेगा।


# संक्षिप्त खबरें

## राहुल गांधी से मिले गांडेय विस के सैकड़ों कार्यकर्ता



**गिरिडीह।** कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के तहत शनिवार की शाम को धनबाद जाने के क्रम में राहुल गांधी का काफिला गांडेय प्रखंड के क्षेत्रों से गुजरा। राहुल गांधी का स्वागत करने के लिए स्थानीय क्षेत्र के इंडिया गंठबंधन के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। राहुल गांधी ने सभी का हाथ हिलाकर अभिवादन किया। बता दें कि देवघर से आने के क्रम में राहुल गांधी ने कुसुभा मोड़, बुधुडीह, पननिया, लक्षुडीह होते हुए जामताडा जिला के सीमा में प्रवेश किया। कुसुभा मोड़ में राहुल गांधी के पहुंचने पर गांडेय विधानसभा के पूर्व विधायक सरफराज अहमद ने गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया। इधर गांडेय प्रखंड के इंडिया गंठबंधन के कार्यकर्ता बाईक रैली के साथ कुसुभा मोड़ पहुंचे और राहुल गांधी के काफिले पर कार्यकताओं द्वारा पुष्प वर्षा कर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

## बिचाली में आग लगने से हजारों की क्षति




**गिरिडीह।** डुमरी के चैनपुर में आज शनिवार को अचानक घर के पास रखी पुआल में आग लग जाने से हजारों रुपए का नुकसान हो गया। घटना की जानकारी मिलने पर पंचायत समिति सदस्य यशोदा देवी घटनास्थल पर पहुंच कर जायजा लिया।उन्होंने बताया कि यहां पता चला कि पुआल में लगी आग को बुझाने के लिए पानी की व्यवस्था नहीं है। जिसपर लोगों ने पानी दूसरे जगह से लाकर किसी तरह आग पर डाला। जिससे उन्होंने तुरंत फायर ब्रिगेड को फोन किया।साथ ही पंचायत के मुखिया को सूचना दिया गया। डुमरी सीओ को भी सूचना दी गई।आग पर नियंत्रण नहीं होता देखकर पीएचईडी एग्जीक्यूटिव को भी जानकारी दी गई। बताया कि नल जल योजना के माध्यम से गांव में नल बढ़ा दिया गया लेकिन पानी की सुविधा नहीं दी गई है। जिससे पानी के अभाव में आज 5000 बिचाली जल गया।कहा कि गरीब के बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण घटना है और गरीब कहां से क्या करेगा। उन्होंने कहा उसको अगर खरीदने जाएंगे तो 12 से 15 लगता है। उसके अनुसार समझिए इस गरीब का कितना क्षति हुआ है। पंसस ने कहा कि इसलिए सरकार से मांग करती हूं कि इस गरीब को ध्यान में रखते हुए इसके हित को ध्यान में रखते हुए मुआवजा दिया जाए जो गरीब का सहयोग हो सके।

## जोरासाख चौक से अवैध कोयला लदे दो पिकअप वैन धराए



**गिरिडीह।** पुलिस अधीक्षक गिरिडीह को प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर जमुआ थाना में थाना प्रभारी के पद पर प्रतिनियुक्त डीएसपी नीलम कुजूर द्वारा थाना के पदाधिकारी और सशस्त्र बल के साथ सुबह अवैध कोयला से लदी 2 पिकअप वाहन जोरासाख चौक पर पकड़ा गया। साथ में 3 व्यक्तियों को भी पकड़ा गया है। जिनका नाम प्रमोद कुमार यादव, दामोदर विश्वकर्मा और राजू सोरेन बताया जा रहा है। पूछताछ के क्रम में इन्होंने बताया कि ये बोकारो से अवैध कोयला लेकर भेलवाघाटी में ईंट भट्ठा वाले को देते हैं। पुलिस द्वारा अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

## भाजपा ने बैठक कर रांची के सम्मलेन को सफल बनाने पर की चर्चा

**जमशेदपुर।** रांची में 11 फरवरी को भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा की ओर से विशाल जनजाति सम्मेलन का आयोजन होगा। इसमें मुख्य रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल होंगे। जनजाति सम्मेलन की सफलता एवं इसमें व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर भाजपा जमशेदपुर महानगर अनुसूचित जनजाति मोर्चा की महत्वपूर्ण बैठक शनिवार को संपन्न हुई। मोर्चा के जिलाध्यक्ष बीनानंद सिरका की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू जिला, जिला के प्रभारी राम सिंह मुंडा, प्रदेश प्रवक्ता काजू सांडिल, प्रदेश कार्य समिति सदस्य उपेंद्र सरदार, भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजीव सिन्हा मुख्यरूप से उपस्थित थे। इस दौरान रांची के प्रभात तारा मैदान में होने वाले जनजाति सम्मेलन में जमशेदपुर महानगर के जनजातीय समाज की सक्रिय एवं अधिक से अधिक भागीदारी को लेकर व्यापक चर्चा कर रूपरेखा बनाई गई। बैठक में सम्मेलन की सफलता के निमित्त जिला एवं विधानसभा स्तर पर संयोजक एवं सह संयोजक की नियुक्ति की गई। जिसमें जिला संयोजक रमेश बास्के एवं सह संयोजक विजय सोय को बनाया गया। बैठक में जनजाति सम्मेलन में हजारों कार्यकताओं व आमजनों के भाग लेने की रूपरेखा बनाई गई।

## खेत में मिला युवक का शव, पुलिस जांच में जुटी

**गिरिडीह।** गिरिडीह के बेंगाबाद थाना इलाके के तिवारीपहरी के चितमाडीह गांव के एक खेत में शनिवार दोपहर 40 वर्षीय युवक मकबूल अंसारी का शव पड़ा मिला। मकबूल की हत्या हुई है या मामला कुछ और है, इसकी जांच में पुलिस जुटी हुई है। खेत में शव पड़ा होने की जानकारी मिलने के बाद काफी संख्या में स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। इस दौरान जानकारी मिलने के बाद बेंगाबाद थाना पुलिस ने भी घटनास्थल पहुंच कर जांच शुरू की। इस दौरान पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा।


### कार्यालय, कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा), पलामू

**किसान भाईयों के लिए आवश्यक सूचना**

**PR. NO.-317321**

प्रिय किसान भाई,

पलामू प्रमण्डल के तीनो जिले पलामू, गढ़वा एवं लातेहार के सभी किसान भाईयों को सूचित किया जाता है कि **दिनांक 06 फरवरी 2024 को पुलिस स्टेडियम, मेदिनीनगर** के प्रांगण में आयोजित "**प्रमण्डल स्तरीय किसान मेला –सह–प्रदर्शनी 2024**" अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

परियोजना निदेशक,
आत्मा, पलामू

PR 317807 District (23-24)_D


# सिमराढाब तालाब पुर्ननिर्माण में भारी अनियमितता उजागर

## ग्रामीणों ने निर्माण कार्य को रोका, आक्रोश





**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
बिरनी प्रखंड के ग्राम पंचायत सिमराढाब में इन दिनों तालाब का कार्य किया जा रहा है। जिसकी प्राकल्लित राशि 98 लाख है। जिसमें भारी अनियमितता बरती जा रही है। नियम को ताक पर रखकर जीर्णोद्धार का कार्य किया जा रहा है। अनियमितता भी ऐसी की देखकर दंग हो जाएंगें। किसी भी दीवार की मजबूती के लिए नींव को मजबूत बनाया जाता है ताकि उसकी लंबी आयु हो लेकिन इसकी नींव ही घटिया किस्म का है। नींव में पत्थर का इस्तेमाल होता है लेकिन पत्थर से पत्थर की जोड़ाई के लिए सीमेंट से नहीं बल्कि पत्थर सिर्फ रख दिया जा रहा है न ही पत्थर से पत्थर के गैप को बंद किया जाता है न ही मसाला डाला जाता है और दीवार के दोनों तरफ हल्का मसाला से प्लास्टर कर दीवार खड़ा कर दिया जा रहा है।

यह निर्माण कार्य किसकी निगरानी में हो रहा है। यह किसी को पता नहीं है। निर्माण स्थल पर न ही कोई अभियंता मौजूद रहते हैं न ही संवेदक। जब संवेदक से ग्रामीणों ने बात किया तो उन्होंने कहा, बात हो गई है। अब किससे बात हुई यह किसी को पता नहीं। ग्रामीणों ने चल रहे निर्माण कार्य में नींव के पत्थर को उठाकर देखा तो नीचे मसाला तो बिल्कुल है ही नहीं सिर्फ पत्थर रखकर धड़ल्ले से चल रहा है निर्माण।

बता दें कि बीते वर्ष 2009 में यह तालाब का निर्माण कराया गया था, जो पहली बारिश 2011 में ही बह गया था। जब स्थानीय लोगों में तरह-तरह के चर्चा होने लगी तो विधायक विनोद कुमार सिंह ने ग्रामीणों के बीच संवेदक को ब्लैक लिस्टेड करने का हवाला देकर लीपापोती किया गया और बीते 18 दिसंबर 2023 पुनः योजना का शिलान्यास किया गया जिसकी लागत 98 लाख है। शनिवार को ग्रामीणों ने निर्माण कार्य में भारी अनिमितता देखकर काम पर रोक लगा दिया तथा संवेदक से दूरभाष पर बातचीत कर मामले से अवगत कराया गया। ग्रामीणों ने कहा जब तक विभाग के अधिकारी जांच नहीं कर लेते हैं, तब तक काम बंद रहेगा।

इस दौरान मुखिया दिलीप रविदास, पंसस प्रत्याशी दिनेश तुरी, किशुन राणा, गुरुदेव प्रसाद, चमटू साव, पितु विश्वकर्मा, बीरेंद्र साव, विनोद साव, बृजनंदन वर्मा आदि लोग उपस्थित थे ।



## घोरथंभा के कोदवारी में अवैध अंग्रेजी शराब फैक्ट्री में छापामारी




**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
गिरिडीह एसपी दीपक कुमार शर्मा के निर्देश पर प्रशिक्षु डीएसपी सह जमुआ थाना प्रभारी नीलम कुजूर के नेतृत्व में धनवार थाना प्रभारी पीकू प्रसाद और घोरथंभा ओपी प्रभारी प्रेम कुमार के सहयोग से घोरथंभा ओपी अंतर्गत ग्राम कोदवारी में एक अवैध अंग्रेजी शराब फैक्ट्री में छापामारी की गई। यह फैक्ट्री गिरिडीह कोडरमा जिला सीमा पर घनघोर जंगल में स्थित है। यह छापामारी धनेश्वर राय, पिता मांगर राय के घर में छापेमारी किया गया। इस दौरान छह गैलन स्प्रिट, मैकडुअल ब्रांड की भरी हुई 14 बोतल तथा पांच भरी हुई बॉटल इंप्रीयल ब्लू, 17 बोरी में करीब हजार पीस खाली बोतल, आठ खाली गैलन, करीब पांच सौ पीस आरएस का कोक तथा करीब पांच सौ पीस आईबी के कोक, एक पीस पांच सौ लीटर की पानी टंकी को जब्त किया गया है।

## ग्रामसभा और स्थानीय स्वशासन को लेकर गोलियों पंचायत के पारंपरिक नेताओं का प्रशिक्षण आयोजित




**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
बेंगाबाद प्रखंड अंतर्गत गोलगो पंचायत में अभिव्यक्ति फाउंडेशन द्वारा ग्राम स्वशासन परियोजना के तहत ग्राम सभा, जीपीडीपी और वनाधिकार कानून को लेकर पारंपरिक नेताओं का उन्मुखीकरण किया गया।

कार्यक्रम में मौजूद झलकडीहा पंचायत के मुखिया श्रीमती अनिता कुमारी ने लोगों को अच्छे से प्रशिक्षण लेने और उसका अनुपालन करने के लिए अपने सुझाव दिए।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में गोलगो पंचायत के सभी मंझी हड़ाम, प्राणिक, नाइके, कुडम नाइके, गोड़ेत और भोदो के साथ साथ बीर बंधु, वनाधिकार समिति के अध्यक्ष सचिव और जनप्रतिनिधि गण भी शामिल हुए। कार्यक्रम के विषय में जानकारी देते हुए अभिव्यक्ति फाउंडेशन जिला समन्वयक मनोज डाउन ने बताया कि अभिव्यक्ति फाउंडेशन का झलकडीहा पंचायत में लगभग एक वर्ष बीतने को आया है। जिसको लेकर इस प्रशिक्षण शिविर में विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। साथ ही सामाजिक नेताओं का ग्राम सभा में उनकी भागीदारी और ग्राम सभा सदस्यों की ग्राम सभा में उपस्थित को लेकर भी विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। जिसमें महिलाओं की उपस्थिति को लेकर विशेष जोर दिया गया। इस प्रशिक्षण शिविर में अभिव्यक्ति फाउंडेशन के मनोज डाउन और विलियम जेकब द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने में उप मुखिया प्रतिनिधि महेंद्र दास, वार्ड सदस्यगण, सुखदेव मोहली, मनोज जेम्स मुर्मू, हिरामुनी मुर्मू समेत गोलगो पंचायत के सभी मंझी हड़ाम, प्राणिक, नाइके, कुडम नाइके, गोड़ेत और भोदो आदि की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

## इनर व्हील क्लब ऑफ गिरिडीह के बैनर तले डॉ मधु भूषण ने लोगों को स्तन कैंसर के प्रति किया जागरूक




**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
वर्ल्ड कैंसर दिवस के अवसर पर इनर व्हील क्लब ऑफ गिरिडीह के द्वारा डॉक्टर मधु भूषण के क्लिनिक में एक जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें वहां उपस्थित मरीजों को डॉक्टर मधु भूषण ने स्तन कैंसर से बचाव एवम उसके उपचार की जानकारी दी।

जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि स्तन कैंसर के खतरे को कम करने का कोई निश्चित तरीका नहीं है लेकिन स्वस्थ वजन प्राप्त करें और उस पर बने रहें। यह वह वजन है, जो आपके लिए सही है। ऐसा आहार लें जिसमें सब्जियां, फल, कैल्शियम युक्त डेयरी खाद्य पदार्थ और कम वसा वाला प्रोटीन शामिल हो, स्तन कैंसर के खतरे को कम कर सकता है। नियमित शारीरिक व्यायाम स्तन कैंसर के खतरे को कम करता है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को 40 की उम्र पार करने के बाद नियमित जांच करवानी चाहिए। मैमोग्राम अक्सर ट्यूमर का पता तब लगाते हैं जब वे इतने छोटे होते हैं कि उन्हें महसूस नहीं किया जा सकता।

**नियमित रूप से स्वयं परीक्षण करें :** नियमित रूप से अपने स्तनों की जांच करने से स्तन स्वस्थ बनाए रखने में मदद मिलती है और आपको स्तन कैंसर के ट्यूमर का पता लगाने में मदद मिल सकती है। कुछ भी असामान्य दिखाई देने पर तुरत डॉक्टर से संपर्क करें। बीमारी का जल्द पता चलने पर स्तन कैंसर इलाज द्वारा पूरी तरह से ठीक हो सकता है।

मौके पर क्लब अध्यक्षा रेखा तर्वे, डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी रश्मि गुप्ता, क्लब आइएसओ डॉक्टर पायल वर्मा, क्लब सदस्या सोनी कंधवे एवं आराधना आदि सदस्याएं मौजूद थी।


### OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT BUILDING DIVISION, DALTONGANJ.

**Very SHORT NOTICE INVITING TENDER**
**Tender Reference No. BCD/DALTONGANJ DIV/16/2023-24**

1. Name of Department :- Building Construction Department
2. Name of Advertiser :- Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj.
3. Date of time of Sale of BOQ :- 12.02.2024 from 10:00 am to 1:00 pm
4. Date and time of Receiving sealed tenders :- 13.02.2024 from 1:00 to 3:00 pm
5. Date and time of Opening of Sealed tenders :- 13.02.2024 from 3:00 to 3:30 pm
6. Place of Sale of BOQ :- 1. In the Office of Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj.
   2. In the Office of Superintendent Engineer, B.C.D Circle No.-02, Ranchi.
7. Place of Opening and Receiving Tender :- As per Place mention in serial No.- 6 (1)
8. Details of Work :-

| Sl.No. | Name of Work | Estimated Cost | Amount of Earnest Money | Cost of Tender Paper | Time Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Proposed Estimate for Miscellaneous Work of S.D.O Residence (Repair of Garage, Electrical and Sanitary Fitting of Residence, Leveling of Residence Campus, Fencing Work, RCC Covered Brick Drain, Cow Shed, Watch Tower & Bathroom), Hussainabad, Palamu, Jharkhand. | 3520300.0 | 70500.00 | 5000.00 | 03 Months |

निविदा में परिमाण विपत्र क्रय हेतू निम्नांकित शर्तें का पालन आवश्यक है:–
- निविदा के साथ सत्यापित निबंधन पत्र, UCAN, पैन कार्ड, विगत तीन साल का आयकर रिटर्न, GST में निबंधन प्रमाण पत्र एवं फार्म अधतन 3B एवं 1 R, अद्यतन चरित्र प्रमाण पत्र एवं विद्युत लाइसेंस या निविदाकार एवं अन्य अनुज्ञप्तिधारी का अलग–अलग शपथ पत्र (यदि कार्य में विद्युत संबंधी कार्यमद हो) की छायाप्रति इत्यादि स्वअभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना होगा।
- परिमाण विपत्र के लिए जमा किया जाने वाला डिमान्ड ड्राफ्ट भारतीय स्टेट बैंक के शाखा के निविदा सूचनापोरांत निर्गत ही मान्य होगा।
- यदि निबंधित संवेदक के प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा निविदा डाली जाती है तो निविदा के साथ मूल प्रति में इस आशय का शपथ पत्र संलग्न करना आवश्यक होगा कि प्राधिकृत व्यक्ति (प्रतिनिधि) किसी आपराधिक मामले में सजायफ्ता नहीं है न किसी प्रकार का आपराधिक मामला दर्ज है। (प्राधिकृत व्यक्ति के द्वारा प्राधिकृत किया हुआ पत्र एवं शपथ पत्र साथ लाने पर निविदा (Hard Copy) लिया जाएगा)
- किसी अपरिहार्य कारण से निविदा रद्द या स्थगित की जाती है तो परिमाण विपत्र की राशि (डिमान्ड ड्राफ्ट) के रूप में वापस नहीं की जायेगी।
- जिला के किसी विभाग द्वारा आवंटित कार्य का एकरारित अवधि बीत जाने के बाद लंबित नहीं होने संबंधी शपथ–पत्र (Affidavit) देंना अनिवार्य होगा।
- निविदा से संबंधित अन्य सूचनाओं एवं NIT के अन्य शर्तों के लिए भवन प्रमण्डल, डालटनगंज के सूचना पट्ट को देखा जा सकता है या कार्यालय अवधि में कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है तथा परिमाण विपत्र में संलग्न नियम एवं शर्तों का अनुपालन करना अनिवार्य होगा।

Executive Engineer,
Building Division, Daltonganj.

PR.NO.317826 Building(23-24):D



### OFFICE OF THE DEPUTY COMMISSIONER, LATEHAR
NDCOffice, Latehar

**CORRIGENDUM**

NDC office, Latehar, decided to make following amendments/addendum in the **PR No. 317183(latehar) 23-24(D)&NIB Ref No. 14 dated 29.01.2024"tender for Supply, Installation of Ro water purifier cum chiller in different Govt. schools in Latehar.**

| Section | OriginalCriteria | Readas/Amendments/Addendums |
|---|---|---|
| Point 3, part A (2) | Earnest Money Deposit (EMD) of Rs. 10,00,000 (Rupees Ten Lakhs Only) is required to be deposited in form of DD from any commercial bank in favour of NDC officer Latehar | Earnest Money Deposit (EMD) of Rs. 10,00,000 (Rupees Ten Lakhs Only) is required to be deposited in form of DD from any commercial bank in favour of NDC officer Latehar. **For MSME's of Jharkhand EMD is NIL.** |

* Rest all others conditions specified in the tender document will remains unchanged.

NDC Officer
Latehar

PR 317795 District(23-24)#D



### ई० प्रोक्योरमेन्ट सेल कार्यपालक अभियंता का कार्यालय भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार

**ई– प्रोक्योरमेन्ट नोटिस**

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं0–**05/2023-24/EE/BCD/LATEHAR** दिनांक– 03.02.2024

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि |
|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड महुआडांड़ के पंचायत अक्सी में उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय, बांसकरचा में 737 मी0 चाहरदिवारी **(Part A+B)** एवं 02 (दो) अदद **G.C.I. Sheet Gate** निर्माण। | **54,12,300.00** |

1. कार्य पूर्ण की अवधि :– 05 (Five) Months
2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 09 / 02 / 2024 को 11:00 बजे
3. बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि / समय :– 22 / 02 / 2024 को 11:00 बजे
4. निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पत्ता :–कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार।
5. निविदा खोलने की तिथि / समय एवं स्थान :– 23.02.2024 को 11:30 बजे
नोडल पदाधिकारी, ई0 प्रोक्योरमेन्ट सेल, अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02, राँची।
6. प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या :–9431501121
7. ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन संख्या :–8434414939
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. सूचना प्रौधोगिकी एवं ई–गवर्नेस विभाग, झारखण्ड सरकार के आदेश ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के द्वारा निर्गत SOP (मानक संचालन प्रक्रिया) एवं भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक 2229 दिनांक 06.10.2023 के आलोक में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, SOP के तहत् अग्रधन की राशि उसी खाते में वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सम्पूर्ण जवाबदेही निविदादाता की होगी।

- अन्य किसी भी प्रकार के बदलाव की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।


Note :- UCAN Registration in mandatory for the Bidders.

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार।

PR.NO.317775 Building(23-24):D

## राजनीति

# भारत तोड़ने की धमकी पर कांग्रेस देश से मांगे माफी



हृदयनारायण दीक्षित

**राहुल** गांधी इस समय भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर हैं। इसके पहले इस कार्यक्रम का नाम उन्होंने भारत जोड़ो रखा था। लेकिन उनकी पार्टी के ही बेंगलुरु से सांसद और कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री शिव कुमार के भाई डीके सुरेश ने भारत तोड़ने की बात की है। उनका वक्तव्य आहतकारी है। उन्होंने आरोप लगाया है कि दक्षिण भारतीय राज्यों का धन उत्तर भारतीय राज्यों को दिया जा रहा है। वे ताजा केन्द्रीय बजट पर टिप्पणी कर रहे थे। बजट प्रावधानों की निन्दा, समर्थन और आलोचना सभी दलों का अधिकार है। उनका यह बयान संसद में भी चर्चा का विषय है। उन्होंने धमकी दी है कि यह प्रवृत्ति जारी रही तो अलग देश की मांग उठाई जायेगी। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी को इस बयान पर कांग्रेस का दृष्टिकोण प्रस्तुत करना चाहिए। वक्तव्य सीधे भारतीय राष्ट्र राज्य पर हमला है। सभी दलों को अपनी विचारधारा और अपनी रणनीति के अनुसार विषय रखने का अधिकार है। लेकिन देश तोड़ने की बात और अलग देश की मांग करने की धमकी का समर्थन कोई भी सामाजिक, राजनैतिक कार्यकर्ता या देश का नागरिक नहीं कर सकता। भारत सम्प्रभु राष्ट्र राज्य है। राष्ट्र की सम्प्रभुता असीम है, अविभाजित है और अखण्ड है। भारत किसी जन पंचायत या किसी समझौते का परिणाम नहीं है। यह स्वयंभू है और सांस्कृतिक दृष्टि से दुनिया का प्राचीनतम राष्ट्र है। भारतीय संस्कृति सनातन प्रवाह है। भारत इसी संस्कृति से निर्मित राष्ट्र है। भारत के सभी राज्य संविधान की कृपा प्रसाद से अस्तित्व में है। सब भारतवासी भारत के प्रति निष्ठावान हैं। संविधान में केन्द्र और राज्यों के अधिकार सुस्पष्ट हैं। भारतीय राज्य खूबसूरत संवैधानिक रचना हैं। संविधान की यह व्यवस्था भारतीय जन गण मन ने मुक्त मन से गढ़ी है। सभी संवैधानिक संस्थाओं के अधिकार और कर्तव्य सुपरिभाषित हैं। भारतीय राष्ट्र की मूल इकाई 'हम भारत के लोग' है। भारत जन गण मन के आनंद से प्रतिबद्ध एक अनुराग है। विश्व कल्याण से प्रतिबद्ध एक निष्ठावान प्रीति है। देश के सभी लोगों की सुख, स्वस्ति और समग्र वैभव भारत का ध्येय है। इस ध्येय में विश्व शान्ति और विश्व कल्याण के आधारभूत तथ्य भी संविधान का भाग हैं। इसलिए भारत के लोगों के लिए एक अखण्ड श्रद्धा है। भारत की रिद्धि, सिद्धि, समृद्धि और उपलब्धि समग्र भारत के लोगों के कर्मतप का परिणाम है। भारत की विश्व प्रतिष्ठा देश के सभी राज्यों और राज्यों के निवासियों के साझे कर्मफल का परिणाम है। उत्तर दक्षिण या पूरब पश्चिम के आधार पर विचार करना व्यर्थ हैं। सुब्रमण्यम भारती विश्व प्रसिद्ध तमिल कवि थे। उन्होंने सम्पूर्ण भारत के गीत गाये हैं। हिन्दी अनुवाद संकलन की पहली कविता का नाम 'वन्दे मातरम' है। भारती कहते हैं, ''पराधीन जीवन पर लज्जित सारा भारत एक साथ है/ हम सब यह संकल्प करेंगे/ कभी नहीं परतंत्र रहेंगे/ हम वन्दे मातरम कहेंगे।'' भारती दक्षिण के थे। पर इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। भारती के हृदय में वन्दे मातरम है। भारती की कविताओं में सप्तसिन्धु भी है और भूगोल की दृष्टि से यह उत्तर पश्चिम में है। भारती को दक्षिण भारतीय कहा जा सकता है। यह सही भी है। लेकिन भारती के हृदय और बुद्धि में अखिल भारतीय अनुराग है। उनके मन में उत्तर की गंगा बहती हैं और दक्षिण की कावेरी भी। ज्ञान को उत्तर दक्षिण में नहीं विभाजित किया जा सकता। वे दक्षिण के कांचीपुरम में बैठकर काशी के विद्वानों का संवाद सुनना चाहते हैं, ''ऐसे यंत्र बनायेंगे/ कांचीपुरम में बैठकर/काशी के विद्वतजन का संवाद सुनेंगे।'' भारती लिखते हैं, ''मुख में वेदों का वास/ हाथ में तीक्ष्ण असि शोभित मंगलकारी।'' विश्व प्रसिद्ध दर्शन शास्त्री अद्वैत दर्शन के प्रचारक आचार्य शंकर भी भौगोलिक दृष्टि से केरल के थे। कह सकते हैं दक्षिण के। लेकिन वे भारतीय दर्शन के शीर्ष व्याख्याता हैं। उन्होंने चारधामों की स्थापना की। केवल दक्षिण में नहीं। उत्तर में बद्रीनाथ। दक्षिण में रामेश्वरम। पश्चिम में द्वारिका और पूरब में जगन्नाथ। विशिष्टाद्वैत के प्रवर्तक रामानुजाचार्य भी दक्षिण के थे। रामकथा विश्व की अमूल्य निधि है। इसकी प्रारम्भिक घटनाएं उत्तर भारत की हैं। तमिल कवि कम्ब नमस्कारों के योग्य हैं। उन्होंने तमिल में रामकथा लिखी।

# नियंत्रण की दिशा में उठाने होंगे बड़े कदम

## विश्व कैंसर दिवस पर विशेष



रमेश सर्राफ धमोरा



**कैंसर** का नाम सुनते ही घबराहट होने लगती है। पीड़ित बीमारी से अधिक तो कैंसर के नाम से डर जाता है। जिस व्यक्ति को कैंसर होता है वह तो गंभीर यातना से गुजरता ही है उसके साथ ही उसका परिवार को भी बहुत कष्टमय स्थिति में गुजरना पड़ता है। जानलेवा होने के साथ ही कैंसर की बीमारी में मरीज को बहुत अधिक शारीरिक पीड़ा भी झेलनी पड़ती है। कैंसर की बीमारी इतनी भयावह होती है, जिसमें मरीज की मौत सुनिश्चित मानी जाती है। बीमारी की पीड़ा व मौत के डर से मरीज घुट-घुट कर मरता है। कैंसर के बारे में जागरुकता बढ़ाने और इसकी रोकथाम, पहचान और उपचार को प्रोत्साहित करने के लिए 04 फरवरी को विश्व कैंसर दिवस मनाया जाता है। विश्व कैंसर दिवस के परिप्रेक्ष्य 04 फरवरी 2000 को पेरिस में न्यू मिलेनियम के लिए कैंसर के खिलाफ विश्व शिखर सम्मेलन में हुआ था। विश्व कैंसर दिवस का प्राथमिक लक्ष्य कैंसर और बीमारी के कारण होने वाली मौतों को कम करना है। 1933 में अंतरराष्ट्रीय कैंसर नियंत्रण संघ ने स्विट्जरलैंड में जिनेवा में पहली बार विश्व कैंसर दिवस मनाया था। यह दिवस कैंसर के बारे में जागरुकता बढ़ाने, लोगों को शिक्षित करने, इस रोग के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए दुनिया भर में सरकारों और व्यक्तियों को समझाने तथा हर साल लाखों लोगों को मरने से बचाने के लिए मनाया जाता है। 2014 में इसे विश्व कैंसर घोषणा के लक्ष्य 5 पर केंद्रित किया गया है, जो कैंसर के कलंक को कम और मिथकों को दूर करने से संबंधित है। दुनिया भर में हर साल एक करोड़ से अधिक लोग कैंसर की बीमारी से दम तोड़ते हैं, जिनमें से 40 लाख लोग समय से पहले (30-69 वर्ष आयु वर्ग) मर जाते हैं। इसलिए समय की मांग है कि इस बीमारी के बारे में जागरुकता बढ़ाने के साथ कैंसर से निपटने की व्यावहारिक रणनीति विकसित करनी चाहिए। 2025 तक कैंसर के कारण समय से पहले होने वाली मौतों के बढ़कर प्रति वर्ष एक करोड़ से अधिक होने का अनुमान है। यदि विश्व स्वास्थ्य संगठन के 2025 तक कैंसर के कारण समय से पहले होने वाली मौतों में 25 प्रतिशत कमी के लक्ष्य को हासिल किया जाय तो हर साल 15 लाख लोगों का जीवन बचाया जा सकता है। अमेरिका और चीन के बाद दुनिया में सबसे ज्यादा कैंसर मरीज भारत में है। 2020 में 1.93 करोड़ नये कैंसर मरीज सामने आये थे, जिनमें 14 लाख से अधिक भारतीय थे। इतना ही नहीं भारत में सालाना बढ़ते कैंसर मामलों के चलते 2040 तक इनकी संख्या में 57.5 फीसदी तक की बढ़ोतरी होने की आशंका है। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के राष्ट्रीय कैंसर रजिस्ट्री कार्यक्रम के अनुसार देश में कैंसर के मामलों की संख्या 2022 में 14.6 लाख से बढ़कर 2025 में 15.7 लाख होने का अनुमान है, जिसके लिए सरकार को चिकित्सा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने की जरूरत है। तभी समय पर कैंसर मरीजों की जांच से पहचान कर सही उपचार कर देकर उनकी जान बचाई जा सकती है। नई दिल्ली स्थित भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने कहा है कि देश के अधिकांश क्षेत्रों में कैंसर की सही निगरानी नहीं हो पा रही है, जिस कारण अधिकांश मामलों में बीमारी का देरी से पता चल रहा है। देश के सभी शोध केंद्रों को पत्र लिख आईसीएमआर ने कैंसर की जांच और निगरानी को आसान बनाने के लिए प्रस्ताव मांगे हैं। देश के सभी जिलों में कैंसर निगरानी और जांच को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य अनुसंधान के तहत नई नीति बनाने के लिए आईसीएमआर को जिम्मेदारी सौंपी है। इसके लिए अलग-अलग शोध टीमें गठित होंगी और भौगोलिक व स्वास्थ्य सेवाओं की मौजूदा स्थिति के आधार पर वैज्ञानिक तथ्य एकत्रित किये जायेंगे। आंकड़े बताते हैं कि भारत में कैंसर से साल 2020 में 7,70,230, 2021 में 7,89,202 और 2022 में 8,08,558 लोगों की मौत हुई है। देश में कैंसर के मामलों की कुल संख्या 2022 में 14,61,427 रही। वहीं 2021 में यह 14,26,447, जबकि 2020 में 13,92,179 थी। सबसे ज्यादा कैंसर के मरीज उत्तर प्रदेश में हैं। यहां 2020 में 2,01,319, 2021 में 2,06,088 और 2022 में 2,10,958 मरीज मिले। वहीं सबसे कम कैंसर मरीज केंद्र शासित प्रदेश लक्षद्वीप में हैं। यहां 2020 में 27, 2021 और 2022 में 28-28 मरीज मिले हैं। कैंसर रोगों का एक समूह है जो असामान्य कोशिकाओं की अनियंत्रित वृद्धि और प्रसार से होता है। ये कोशिकाएं ट्यूमर नामक द्रव्यमान का निर्माण कर सकती हैं। जो शरीर के सामान्य कामकाज में हस्तक्षेप कर सकती हैं, जबकि कैंसर किसी को भी प्रभावित कर सकता है। यह पहचानना आवश्यक है कि कुछ जीवनशैली विकल्प, जैसे धूम्रपान, खराब आहार और शारीरिक गतिविधि की कमी, कैंसर के विकास के जोखिम को बढ़ा सकते हैं। हाल ही में आई एक रिपोर्ट के मुताबिक फफड़ों का कैंसर (लंग्स कैंसर) सबसे खतरनाक कैंसर हो सकता है। हमारे देश में भी लंग्स कैंसर के केस तेजी से बढ़ रहे हैं। डॉक्टरों का अनुमान था कि 2023 के आखिर तक करीब 2.38 लाख से ज्यादा लोगों में लंग्स कैंसर मिल सकता है।

विश्व कैंसर दिवस 2024 की थीम है केयर गैप को बंद करें। यह कैंसर देखभाल में वैश्विक असमानताओं को रेखांकित करती है। यह कैंसर के खिलाफ लड़ाई में सभी के लिए समान स्वास्थ्य देखभाल के महत्व पर जोर देते हुए, गुणवत्तापूर्ण उपचार तक पहुंच में अंतर को पाटने के लिए सामूहिक कार्रवाई का आह्वान करता है। कैंसर का पता लगाने, कैंसर के प्रकार और कारण, डायग्नोस और उपचार में काफी प्रगति हुई है, लेकिन अफसोस की बात है कि दुनिया की ज्यादातर आबादी के पास अभी भी बुनियादी स्वास्थ्य सेवायें नहीं पहुंच पाई हैं, जिसमें गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं की देखभाल, रेगुलर टीकाकरण, यौन और प्रजनन स्वास्थ्य सेवाएं और पुरानी बीमारी का इलाज शामिल है।

> **विश्व कैंसर दिवस के परिप्रेक्ष्य 04 फरवरी 2000 को पेरिस में न्यू मिलेनियम के लिए कैंसर के खिलाफ विश्व शिखर सम्मेलन में हुआ था। विश्व कैंसर दिवस का प्राथमिक लक्ष्य कैंसर और बीमारी के कारण होने वाली मौतों को कम करना है। यह दिवस कैंसर के बारे में जागरुकता बढ़ाने, लोगों को शिक्षित करने, इस रोग के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए दुनिया भर में सरकारों और व्यक्तियों को समझाने तथा हर साल लाखों लोगों को मरने से बचाने के लिए मनाया जाता है। 2014 में इसे विश्व कैंसर घोषणा के लक्ष्य 5 पर केंद्रित किया गया है, जो कैंसर के कलंक को कम और मिथकों को दूर करने से संबंधित है।**

# सभी नेशनल हाईवेज पर ड्राइवरों के लिए आधुनिक भवनों का निर्माण



किशन भावनानी

**वैश्विक** स्तर पर भारत की प्रतिष्ठा का ऐसा आगाज हो चुका है कि जब भारत बोलता है तो सारी दुनियां एकटक होकर ध्यान से सुनती है, वही एक जमाना ऐसा भी था जब भारत पर अंग्रेजों ने 200 से अधिक वर्षों तक राज किया था, आज वही भारतवंशी वहां पर राज कर रहा है जिसे पछाड़ कर भारत आज विश्व की पांचवी अर्थव्यवस्था बन गया है और शीघ्र ही तीसरी भी बन जायेगा जिसका अंदेशा दुनिया के सर्वाधिक एजेंसीयों भी लगा रही होगी, इसी विकसित भारत बनने की कड़ी में नई दिल्ली में भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 1 से 3 फरवरी 2024 शुरू हो चुका है, जिसमें माननीय पीएम शुक्रवार दिनांक 2 फरवरी 2024 को शामिल हुए जिसमें अन्य कई बातों के साथ ट्रक और टैक्सी ड्राइवरों के लिए एक हजार मॉडर्न बिल्डिंग योजना की बात की गई जिसमें सभी नेशनल हाईवेज पर ड्राइवरों के लिए नई सुविधाओं से युक्त आधुनिक भवनों का निर्माण किया जायेगा जो ड्राइवरों के आराम के लिए उपयुक्त होगा, जो उनकी सुविधाओ में मील का पत्थर साबित होगा। कुछ जानकारों द्वारा अंदेशा लगाया जा रहा है कि कहीं यह पिछले दिनों जोरदार ढंग से ड्राइवरों द्वारा की गई हड़ताल जो कि नये फौजदारी कानून में दस वर्ष की सजा का प्रावधान और नये नियमों को तैयार किया गया है उस संबंध से कहीं ना कहीं यह तीनों अधिनियम लागू करने की तैयारी से उन्हें खुश करने की रेवड़ियां तो नहीं बांटी जा रही है, परंतु मेरा मानना है ऐसा नहीं होगा क्योंकि इसकी घोषणा पीएम ने खुद की है और पूरे विश्व ने सुना है। बता दें कि माननीय पीएम शुक्रवार को भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2024 में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने ट्रक ड्राइवरों के लिए बड़ा ऐलान किया। उन्होंने कहा कि ट्रक ड्राइवरों के लिए नेशनल हाईवे पर नई सुविधा वाले आधुनिक भवन बनेंगे, जहां खाने, पानी, टॉयलेट की व्यवस्था होगी। पहले फेज में ऐसे एक हजार भवन बनेंगे। उन्होने कहा कि जो ट्रक चलाते हैं, जो टैक्सी चलाते हैं, वो ड्राइवर हमारी सामाजिक और आर्थिक व्यवस्था का एक अभिन्न हिस्सा हैं। अक्सर ये ड्राइवर्स कई घंटे लगातार ट्रक चलाते हैं, इनके पास आराम का समय नहीं होता। ड्राइवर्स को बीच सफर में आराम देने के लिए केंद्र सरकार ने एक नई योजना पर काम शुरू किया है। चूंकि भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 1-3 फरवरी 2024 गतिशीलता और आपूर्ति को एक साथ लाया है, जिसमें ड्राइवर यानी परिचालकों की महत्वपूर्ण भूमिका है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, सभी नेशनल हाईवे पर ड्राइवरों के लिए नई सुविधाओं वाले आधुनिक भवनों का निर्माण होना मील का पत्थर साबित होगा। साथियों बात अगर हम माननीय पीएम द्वारा ट्रक ड्राइवरों के लिए बड़े ऐलान की करें तो,पीएम ने कहा कि इस योजना के तहत सभी नेशनल हाईवेज पर ड्राइवरों के लिए नई सुविधाओं वाले आधुनिक भवनों का निर्माण होगा। शुरू में ऐसे एक हजार भवन बनाये जायेंगे। पीएम ने कहा कि आज भारत की अर्थव्यवस्था का तेजी से विस्तार हो रहा है। हमारी सरकार के तीसरे कार्यकाल में भारत का दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना तय है। हमारी सरकार के प्रयासों से पिछले 10 वर्षों में करीब 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। आज का भारत भविष्य की नीतियों को ध्यान में रखते हुए नई नीतियां बना रहा है। इसमें निश्चित तौर पर मोबिलिटी सेक्टर के लिए विशेष जगह है। साथियों बात अगर हम मोबिलिटी सेक्टर पर एक्सपो में खास ध्यान देने की करें तो इसमें दिनांक 2 फरवरी 2024 को पीएम ने सभा को संबोधित करते हुए,भव्य आयोजन के लिए भारत के ऑटोमोटिव उद्योग को बधाई दी और एक्सपो में अपने उत्पादों का प्रदर्शन करने वाले प्रदर्शकों के प्रयासों की सराहना की। देश में इतने भव्य और स्टैंडर्ड के कार्यक्रम का आयोजन उन्हें प्रसन्नता और आत्मविश्वास से भर देता है। दिल्ली के लोगों को भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2024 देखने आने की सलाह देते हुए पीएम ने कहा कि यह संपूर्ण गतिशीलता और आपूर्ति श्रृंखला समुदाय को एक मंच पर लाता है। भारत अब एक वैश्विक आर्थिक महाशक्ति बनने की दहलीज पर है, जिसमें ऑटो और मोटर वाहनों के पुर्जे बनाने वाले उद्योग महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। वैश्विक ऑटोमोटिव बाजार में भारत के कद पर प्रकाश डालते हुए, पीएम ने टिप्पणी की,आज, भारत यात्री वाहनों के लिए दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा बाजार है और वैश्विक स्तर पर वाणिज्यिक वाहनों का निर्माण करने वाले शीर्ष तीन देशों में से एक है। इसके अलावा, पीएम ने उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना जैसी पहल के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों का समर्थन करने की सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।

> **पीएम शुक्रवार को भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2024 में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने ट्रक ड्राइवरों के लिए बड़ा ऐलान किया। उन्होंने कहा कि ट्रक ड्राइवरों के लिए नेशनल हाईवे पर नई सुविधा वाले आधुनिक भवन बनेंगे, जहां खाने, पानी, टॉयलेट की व्यवस्था होगी। पहले फेज में ऐसे एक हजार भवन बनेंगे। उन्होने कहा कि जो ट्रक चलाते हैं, जो टैक्सी चलाते हैं, वो ड्राइवर हमारी सामाजिक और आर्थिक व्यवस्था का एक अभिन्न हिस्सा हैं।**

## रिश्ते-नातें

# सब दिखावा है



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त, प्रसिद्ध नवयुवा व्यंग्यकार

**जमाने** को बदनाम करते हुए इंसान कब मशीन बन जाता है, पता ही नहीं चलता। सुबह बसेरा छोड़कर ऑफिस जाता है टेंशन मोल लेने। आखिरकार टेंशन तो टेंशन है। यह कांट्रब्यूटरी पेंशन तो नहीं कि रिटायरमेंट के बाद एक साथ थोक में मिलेगा। यह ओल्ड पेंशन की तरह है जो किश्तों में मिलता रहता है। ऐसा नहीं है कि टेंशन मिटाने के तरीके नहीं है। हैं, लेकिन अपने तरीके के। टेंशन मिटाने के तीन तरीके होते हैं। एक शराब पीकर थोड़ी देर के लिए भुला दो। दूसरा, बसेरे में रहने वालों पर भड़ास के रूप में उल्टी कर दो। तीसरा, आत्महत्या कर लो। ऐसे दौर में गृहस्थी करना कार्बन डाइऑक्साइड के बीच ऑक्सीजन की खोज करने की तरह है। आजकल की बात है। एक दंपत्ति की एक संतान थी। वह बचपन में संतान और बड़ा होने के बाद पालतु की तरह व्यवहार करने लगा। दंपत्ति संतान पर बहुत विश्वास करते थे, क्योंकि वह उन्हीं का खून था। उन्हें क्या पता कि अपनों के खून में भी मालवायरस का अटैक अक्सर हो जाता है। संतान भी माता-पिता के साथ पूरे तन-मन से ढोंग करता था, लेकिन वह भी चमकते सोने की तरह। अपने चरित्र का असली पीतल हमेशा छिपाये रखता था। माता-पिता पुरानी सोच के साथ जैसे-जैसे पुराने पड़ते जा रहे थे, वह उतना ही आधुनिक बनता जा रहा था। मटका फूटकर फ्रिज बन गया, सिलबट्टा जाकर मिक्सर, गिल्ली-डंडा कब क्रिकेट बन गया पता ही नहीं चला। माता-पिता जब भी विश्राम करना चाहते संतान उनके लिए रिक्लायनर वाली कुर्सी आगे कर देता था। सच तो यह है कि वे विश्राम नहीं संतान का स्पर्श चाहते थे। अब संतान न उन्हें प्रणाम करता था और न उनसे बात। शादी हो जाने के बाद हालात और खराब हो गये। संतान वाइफ के चक्कर में माता-पिता के साथ वाई-फाई वाला टच रखने लगा था। दूरी जैसे-जैसे बढ़ती संबंधों का नेटवर्क वैसे-वैसे कमजोर पड़ता जाता। देखते-देखते माँ का स्वगर्वास हो गया। पिता बिस्तर पर लेटे जिंदगी के अंतिम दिन गिन रहे थे। एक दिन की बात है, जब पिता ने बेटे से पानी माँगा। सौ बार माँगने पर झल्लाते हुए एक बार बेटे ने पानी पिलाया। पिता सोया हुआ था, बेटा तेजी से पानी पिलाये जा रहा था। पानी गले में जाने के बजाए कब फेफड़ में पहुँच गया पता ही नहीं चला। पिता सांस लेने में दिक्कत महसूस कर रहे थे। बेटा समझा यह उनका नाटक है। थोड़ी देर में पिता की ईहलीला समाप्त हो गई। बेटे ने समझा कि पिता उसी के हाथों अंतिम बार कुछ पीकर मरना चाहते थे, सो वह प्रसन्न था। उसे लगा कि मैंने पिता के लिए पितृभक्त बेटे के रूप में अपनी सभी जिम्मेदारियाँ निभाई। दुनिया को भी यही लगा। ढोंग सेवा पर हमेशा भारी पड़ता है। एक बेटे के हाथों पिता की हत्या जमाने के लिए सेवा का रूप धारण कर चुका था। सच है अब मौतें सेवा के रूप में लोगों को गले लगा रही है।

> **मटका फूटकर फ्रिज बन गया, सिलबट्टा जाकर मिक्सर, गिल्ली-डंडा कब क्रिकेट बन गया पता ही नहीं चला। माता-पिता जब भी विश्राम करना चाहते संतान उनके लिए रिक्लायनर वाली कुर्सी आगे कर देता था। सच तो यह है कि वे विश्राम नहीं संतान का स्पर्श चाहते थे। अब संतान न उन्हें प्रणाम करता था और न उनसे बात।**

# भारत देश तोड़ने की मांग करने वाले कौन?



आरके सिन्हा

**निस्संदेह** बजट प्रस्तावों की तीखी आलोचना करने में कोई बुराई भी नहीं है। आप देश के सामान्य नागरिक हों या फिर सांसद, आपको केन्द्रीय बजट पर अपनी बेबाक राय रखने का पूरा हक है। पर इस बात को देश का कोई नागरिक कैसे स्वीकार कर सकता है कि कोई इंसान सिर्फ इसलिए ही अलग देश बनाने की मांग करने लगे, क्योंकि उसे बजट प्रस्ताव पसंद नहीं आये। यह पूर्णतः अस्वीकार्य है। कांग्रेस सांसद डीके सुरेश ने यही किया। केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किये गये अंतरिम बजट पर सुरेश ने दक्षिण भारत के लिए 'अलग देश' बनाने की ही मांग कर डाली। धिक्कार है ऐसे सांसद का। अपमान है भारतीय संविधान का, जिसकी शपथ लेकर वे चुने गये और पुनः संसद में वही शपथ लेकर बैठे। उन्होंने कहा है कि अगर विभिन्न करों से एकत्रित धनराशि के वितरण के मामले में दक्षिणी राज्यों के साथ हो रहे 'अन्याय' को ठीक नहीं किया गया तो दक्षिणी राज्य एक अलग राष्ट्र की मांग करने के लिए मजबूर हो जायेंगे। लेकिन, उन्होंने यह बताने से परहेज किया कि अन्याय क्या हो रहा है? केंद्रीय करों से एकत्रित राशि के बंटवारे का एक सर्वसम्मति से तैयार एक नियम होता है जो केंद्र सरकार और राज्य सरकारें मिलकर तय करती हैं और उसी तय नियम के अनुसार करों से प्राप्त धनराशि का बंटवारा होता है। शायद, कांग्रेस के विद्वान सांसद को यह जानकारी नहीं होगी। यह बेहद गंभीर मामला है। भारत को फिर से तोड़ने के बारे में कोई सोचने का भी दुस्साहस भी कैसे कर सकता है। सुरेश बजट प्रस्तावों की जितनी चाहते आलोचना कर सकते थे। उसे सुना जाता। उस पर एक्शन भी लिया जाता यदि उनकी मांगें वाजिब होती। पर वे तो सीमा ही लांघ गये। वे कह रहे हैं कि भारत के दक्षिणी राज्यों से एकत्रित टैक्स की धनराशि को उत्तर भारत में वितरित किया जा रहा है और दक्षिण भारत को उसका उचित हिस्सा नहीं मिल रहा है। कायदे से कांग्रेस आलाकमान को सुरेश के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए थी, पर यह नहीं हुआ। कांग्रेस का इतिहास 'फूट डालो और राज करो' का सदा से ही रहा है। उनके सांसद फिर वही चाल चल रहे हैं। वो उत्तर और दक्षिण को बांटना चाहते हैं। आपको याद होगा कि असम और तमाम पूर्वोत्तर प्रदेशों को देश से तोड़कर अलग करने का आह्वान जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी के छात्र शरजील इमाम ने भी किया था। वह तब से जेल में बंद है। देश जान ले कि यहां शरजील इमाम जैसे कई और भी तत्व पाये जाते हैं। ये सब के सब आस्तीन के सांप हैं। देश को तोड़ने की चाहत रखने वालों के खिलाफ पूरे देश को कमर कस कर लामबंद होना होगा और इन आस्तीन के सांपों को पकड़ -पकड़ कर पूरी तरह से कुचलना होगा। अखंड भारत की अवधारणा को चरम पर पहुंचाने वाले सम्राट चंद्रगुप्त और अशोक की धरती बिहार की किस्मत में अब कैसे-कैसे गद्दार पलने लगे हैं। शरजील इमाम पटना पास के ही जहानाबाद का ही रहनेवाला है। देश के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद और राष्ट्रकवि दिनकर की धरती शरजील इमाम जैसे गद्दारों को कैसे जन्म देने लगी? शरजील इमाम जैसे देश द्रोहियों के कारण महात्मा गांधी की आत्मा भी दुखी अवश्य होगी। करमचन्द गांधी को महात्मा गांधी बिहार की धरती चंपारण आंदोलन से ही बनाया था। खैर, देश को कांग्रेस सांसद सुरेश से यह पूछने का हक है कि उन्होंने भारत को बांटने संबंधी बयान क्यों दिया? सुरेश कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के छोटे भाई हैं। वह कर्नाटक की बेंगलुरु ग्रामीण सीट से सांसद हैं। कर्नाटक से वही कांग्रेस के इकलौते सांसद हैं। उनके जैसे गैरजिम्मेदार नेताओं के कारण ही कर्नाटक जैसे प्रगतिशील राज्य में समय-समय पर भारत विरोधी ताकतें सक्रिय होने लगती हैं। आपको याद होगा कि भारत की आईटी राजधानी बेंगलुरु में 2020 में एक छोटी सी बात को लेकर बहुत बड़ी सांप्रदायिक हिंसा की घटना हो गई थी। सबसे अहम बात यह है कि सारी दुनिया में उस हिंसा को लेकर बेहद गलत संदेश गया। बेंगलुरु जैसे आधुनिक महानगर में उपद्रवियों ने जगह-जगह गाड़ियों को आग लगाई थी और एटीएम तक में तोड़फोड़ की थी। दरअसल बेंगलुरु में एक विधायक के एक कथित रिश्तेदार ने पैगंबर मोहम्मद को लेकर सोशल मीडिया पर कुछ अपमानजनक पोस्ट किया था, जिसकी प्रतिक्रिया में ही सुनियोजित हिंसा हुई थी। बेंगलुरु की उस घटना से साफ हो गया था कि देश में धार्मिक कठमुल्लापन ने बहुत गंभीर रूप ले लिया है। अपने को कट्टर मुसलमान कहने वाले बात-बात पर सड़कों पर उतरने को तैयार रहते हैं। ये अपने मजहब के नाम पर कट्टरता फैला रहे हैं। इससे जाहिलपन बढ़ता जा रहा है। बेंगलुरु में कठमुल्लों ने ईश निंदा के नाम पर गरीब बस्तियों में मुसलमानों को उकसाया-भड़काया। नतीजा यह हुआ कि उन्मादी भीड़ ने जमकर तोड़फोड़ की। घंटों यह हिंसक उन्माद चला। कर्नाटक में हिंदी का भी सियासत के नाम पर अकारण विरोध होने लगा है। वहां पर कुछ समय पहले हिंदी का विरोध करते हुए बेंगलुरु मेट्रो के दो स्टेशनों पर हिंदी में लिखे गये नामों पर कालिख पोती गई थी। यह काम कर्नाटक रक्षणा वेदिके (केआरवी) नामक संगठन ने किया था। केआरवी ने ही बेंगलुरु मेट्रो से उसके सभी स्टेशनों से हिंदी साइन बोर्ड को हटा देने की मांग की थी। संगठन ने हिंदी की घोषणाओं को भी बंद कर देने की मांग रखी थी। अपनी मांग के समर्थन में उसका तर्क था कि केरल और महाराष्ट्र की मेट्रो ट्रेनों में हिंदी भाषा का इस्तेमाल नहीं होता तो बेंगलुरु मेट्रो ऐसा क्यों कर रहा है। उसकी इस मांग का कर्नाटक के कुछ राजनीतिक दल भी समर्थन कर रहे थे। बेंगलुरु मेट्रो केंद्र और कर्नाटक सरकार की संयुक्त परियोजना है। इसके चलते उस पर केंद्र सरकार का 'त्रिभाषा सूत्र' अपने आप लागू हो जाता है। इसके तहत कन्नड़, हिंदी और अंग्रेजी में सूचनाएं लिखने और प्रकाशित करना जरूरी है। कर्नाटक में हिंदी का विरोध तब सही माना जा सकता था यदि वहां कन्नड़ की अनदेखी हो रही होती। कर्नाटक में कन्नड़ भाषा के साथ भेदभाव तो हो नहीं रहा है। दरअसल राज्य के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया हिंदी विरोध का प्रत्यक्ष और परोक्ष समर्थन करके कन्नड़-भाषियों की पहचान की लड़ाई को हवा देने का खतरनाक खेल खेलते रहे हैं। अब कांग्रेस के सांसद डीके सुरेश ने भारत को तोड़ने जैसा बेहद गंभीर बयान दिया तो भी सिद्धारमैया चुप हैं।

**(लेखक, वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)**

> **केंद्रीय करों से एकत्रित राशि के बंटवारे का एक सर्वसम्मति से तैयार एक नियम होता है जो केंद्र सरकार और राज्य सरकारें मिलकर तय करती हैं और उसी तय नियम के अनुसार करों से प्राप्त धनराशि का बंटवारा होता है। शायद, कांग्रेस के विद्वान सांसद को यह जानकारी नहीं होगी। यह बेहद गंभीर मामला है। भारत को फिर से तोड़ने के बारे में कोई सोचने का भी दुस्साहस भी कैसे कर सकता है। सुरेश बजट प्रस्तावों की जितनी चाहते आलोचना कर सकते थे। उसे सुना जाता। उस पर एक्शन भी लिया जाता यदि उनकी मांगें वाजिब होती। पर वे तो सीमा ही लांघ गये।**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## भाजपा के नारे को विकृत किया, कांग्रेस प्रवक्ता गिरफ्तार

**अहमदाबाद।** गुजरात साइबर क्राइम पुलिस ने शनिवार को गुजरात कांग्रेस के प्रवक्ता अमित नायक को गिरफ्तार कर लिया। उन पर की एक दीवार पर लिखे भाजपा के नारे को विकृत करते हुए वीडियो बनाकर उसका प्रसार करने का आरोप है। यह घटना तब सामने आई जब भाजपा के शाहपुर के अभियान और संचार संयोजक अभय शाह की नजर 29 जनवरी को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर नायक के वीडियो पर पड़ी। फुटेज में नायक को भाजपा की दीवार पर लिखे नारे 'फिर एक बार मोदी सरकार' पर पेंटिंग करते हुए दिखाया गया है। साइबर क्राइम पुलिस में दर्ज आधिकारिक शिकायत में शाह ने नायक के कार्यों से इलाके में अशांति फैलने की संभावना पर प्रकाश डाला। शाह ने नायक के साथ अपनी बातचीत का भी जिक्र किया, जिसमें उन्होंने नायक के विरोध के तरीके से असहमति जताई थी।

# हिरासत में रहते हुए राज्यसभा सांसद की शपथ लेंगे संजय सिंह



**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली की एक अदालत ने शनिवार को आप सांसद संजय सिंह को हिरासत में रहते हुए 5 फरवरी को राज्यसभा सांसद के रूप में शपथ लेने की अनुमति दे दी। अदालत ने गुरुवार को मौजूदा संसद सत्र में हिस्सा लेने के लिए 4 से 10 फरवरी तक अंतरिम जमानत की मांग करने वाली सिंह की याचिका पर ईडी को नोटिस जारी किया था। राउज एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश एमके नागपाल ने पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और संजय सिंह की न्यायिक हिरासत भी 17 फरवरी तक बढ़ा दी है। न्यायाधीश ने न्यायिक हिरासत में शपथ लेने के उनके अनुरोध को स्वीकार कर लिया है। संजय सिंह ने अपने अनुरोध के कारण के रूप में 7 फरवरी को उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर में एक अदालत में उपस्थिति का हवाला दिया। कार्यवाही के दौरान अधिवक्ता रजत भारद्वाज, फारुख खान और प्रकाश प्रियदर्शी ने संजय सिंह का प्रतिनिधित्व किया। इसके अलावा, सुनवाई के दौरान अमनदीप सिंह ढल के वकील तनवीर अहमद मीर ने मामले में बिना ऑडियो वाले सीसीटीवी फुटेज पर चिंता जताई और ऑडियो के साथ फुटेज का अनुरोध किया। वकील रजत भारद्वाज ने भी अदालत में दर्ज किए गए बयानों की आपूर्ति की मांग करते हुए एक आवेदन प्रस्तुत किया, जिसमें राघव मगुंटा और पी शरत रेड्डी के बयान भी शामिल थे, जिन्हें माफी दी गई थी। अदालत ने अन्य लंबित आवेदनों पर गौर किया। जिनमें एक सीसीटीवी फुटेज की मांग और दूसरा आरोपी ढल द्वारा ईडी को लिखे गए ईमेल के रिकॉर्ड की मांग करना शामिल है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में तृणमूल विधायक के अंगरक्षक की मौत

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिले में शनिवार को उस वक्त हड़कंप मच गया, जब तृणमूल कांग्रेस विधायक के निजी सुरक्षाकर्मी व करीबी सहयोगी का शव कोलकाता में एमएलए हॉस्टल के परिसर में रहस्यमय परिस्थितियों में मिला। मृतक की पहचान जयदेब घराई के रूप में की गई है, बता दें कि वह राज्य पुलिस का एक कांस्टेबल था और बंदवान विधानसभा क्षेत्र से तृणमूल कांग्रेस विधायक राजीब लोचन सरेन का अंगरक्षक था। कोलकाता पुलिस के डिप्टी कमिश्नर (दक्षिण डिवीजन) प्रियब्रत रॉय के नेतृत्व में एक पुलिस टीम और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची है। एक जांच अधिकारी ने कहा, हम मामले की जांच कर रहे हैं। शव को पहले ही पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है और उसकी मौत के पीछे का सही कारण पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा।

# सपा ने जो आचरण दिखाया है वो निंदनीय है : ब्रजेश पाठक



**एजेंसी। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने राज्यपाल के अभिभाषण पर सपा द्वारा किए गए विरोध पर निशाना साधा है। उन्होंने सपा को अराजकतावादी पार्टी बताया है। उन्होंने कहा कि यह लोग अपने स्वरूप को आज तक बदल नहीं पाए हैं। ब्रजेश पाठक शनिवार को यूपी विधानसभा में चल रहे बजट सत्र के दौरान पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि राज्यपाल सरकार के कामकाज का लेखा-जोखा जनता के सामने पेश कर रही थीं। इस दौरान जो सपा ने आचरण दिखाया है, वो निंदनीय है। उन्होंने कहा कि राज्य में सपा को लोगों ने कई बार खारिज कर दिया है। लेकिन, वह अराजकता पर जोर दे रहे हैं। यह एक बजट सत्र है, बजट प्रस्तुत किया जाएगा और राज्य का संपूर्ण विकास सुनिश्चित किया जाएगा। गरीबों, महिलाओं, किसानों और युवाओं का ख्याल रखा जाएगा। हमारी सरकार आम लोगों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने के लिए लगातार काम कर रही है और हमें इसमें सफलता भी मिल रही है।

## गोवा स्पीकर ने मंत्री को किया बेनकाब, विपक्ष ने मांगा इस्तीफा

**पणजी।** कला एवं संस्कृति मंत्री गोविंद गौडे पर 'विशेष अनुदान' के कथित दुरुपयोग के आरोपों के बाद गोवा में विपक्षी दलों ने उनका इस्तीफा मांगा है।गोवा विधानसभा अध्यक्ष व एसटी समुदाय के वरिष्ठ भाजपा नेता रमेश तावडकर ने कहा कि वह मंत्री की अनुशासनहीनता को बर्दाश्त नहीं करेंगे।तावडकर ने कहा, श्मैं पहली बार ऐसी घटना देख रहा हूं कि मेरी सरकार का कोई मंत्री गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार कर रहा है, अनुशासनहीन है और प्रोटोकॉल का पालन नहीं कर रहा है। मुझे इस बात का दुख है। ऐसा नहीं होना चाहिए। मैं इसे बर्दाश्त नहीं करुंगा।''उनके अनुसार, कला और संस्कृति विभाग ने उन परिवारों को धन जारी किया है, जिन्होंने कई संगठन बनाए हैं, और उन कार्यक्रमों को आयोजित करने में विफल रहे हैं जिनके लिए अनुदान जारी किया गया था।

## एक नजर

### दिल्ली में विरोध-प्रदर्शन का नेतृत्व करेंगे सिद्दारमैया

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने कहा कि कांग्रेस सरकार कर्नाटक में सूखे की स्थिति से निपटने के लिए केंद्र सरकार द्वारा धन आवंटित न करने को लेकर 7 फरवरी को नई दिल्ली में विरोध-प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कहा कि विरोध-प्रदर्शन का नेतृत्व मुख्यमंत्री सिद्दारमैया करेंगे और सभी मंत्री और कांग्रेस विधायक इसमें भाग लेंगे। उपमुख्यमंत्री ने मीडियाकर्मियों से कहा, हम कर्नाटक के लिए न्याय की मांग करेंगे। कर्नाटक में 200 से अधिक तालुक सूखाग्रस्त हैं और केंद्र सरकार द्वारा कोई धन आवंटित नहीं किया गया है।''उन्होंने कहा कि पिछले बजट में घोषित धनराशि राज्य को जारी नहीं की गई है और वर्तमान बजट में भी राज्य के हितों को कमतर आंका गया है।

### विशाखापत्तनम में तहसीलदार की हत्या

**विशाखापत्तनम ।** विशाखापत्तनम के उपनगर कोम्माडी में एक सरकारी अधिकारी की एक अज्ञात व्यक्ति ने हत्या कर दी। एक अपॉर्टमेंट परिसर के तहखाने में शुक्रवार रात को एक हमलावर ने तहसीलदार रामनैया पर लोहे की छड़ों से हमला किया। पुलिस के मुताबिक, किराए के फ्लैट में रहने वाले तहसीलदार रात करीब 8 बजे ऑफिस से घर पहुंचे। रात करीब सवा दस बजे उनके पास एक फोन आया और वह एक व्यक्ति से मिलने के लिए नीचे गए।सीसीटीवी फुटेज से पता चलता है कि दोनों के बीच तीखी बहस हुई और हमलावर ने उन पर लोहे की रॉड से हमला किया और भाग निकला।

### हिमाचल के बद्दी में जली फैक्ट्री के नौ कर्मचारी अभी भी लापता

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के औद्योगिक केंद्र बद्दी में शुक्रवार को भीषण आग लगने के बाद एक इत्र निर्माण फैक्ट्री के नौ कर्मचारी लापता हैं। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। एन.आर. एरोमा फैक्ट्री में शुक्रवार को दोपहर करीब डेढ़ बजे आग लग गई थी। झाड़ माजरी स्थित फैक्ट्री में आग बुझाने का काम अभी भी जारी है। आधिकारिक रिकॉर्ड के अनुसार, आग में 30 कर्मचारी घायल हो गए और उनमें से एक की मौत हो गई। कुल 85 कर्मचारी फंसे थे। फैक्ट्री के मालिक चन्द्र शेखर को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों को सरकार की चेतावनी

# डीपफेक को पहचान कर हटाएं या कानूनी कार्रवाई का सामना करें



**एजेंसी। नई दिल्ली**

सरकार ने इस बात पर जोर दिया है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों को डीप फेक वाली गलत सूचनाओं की पहचान करनी चाहिए और उन्हें हटाना चाहिए, अन्यथा कानूनी कार्रवाई का सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए। हाल ही में अभिनेता अक्षय कुमार भी एक डीपफेक स्कैंडल का शिकार हो गये हैं। एक छेड़छाड़ किये गये वीडियो में कुमार सुपरस्टार को एक गेमिंग ऐप का प्रचार करते दिखाया गया है जबकि वास्तव मे अभिनेता ने कभी भी ऐसी किसी गतिविधि के प्रचार में भाग नहीं लिया है। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने राज्यसभा में एक प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि गलत सूचना और डीपफेक उन नुकसानों में से हैं जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का प्रत्यक्ष परिणाम हैं। मंत्री ने कहा, आईटी नियम, 2021 सोशल मीडिया मध्यस्थों और प्लेटफामों सहित बिचौलियों पर विशिष्ट कानूनी दायित्व डालता है, ताकि सुरक्षित और विश्वसनीय इंटरनेट के प्रति उनकी जवाबदेही सुनिश्चित की जा सके, जिसमें निषिद्ध गलत सूचना, स्पष्ट रूप से गलत जानकारी और डीपफेक को हटाने की दिशा में उनकी त्वरित कार्रवाई भी शामिल है। आईटी नियम, 2021 में प्रदान किए गए कानूनी दायित्वों का पालन करने में प्लेटफॉर्मों की विफलता के मामले में वे आईटी अधिनियम की धारा 79 के तहत अपनी सुरक्षित आश्रय सुरक्षा खो देते हैं और किसी भी कानून के तहत प्रदान की गई परिणामी कार्रवाई या अभियोजन के लिए उत्तरदायी होंगे। वर्तमान समय में आईटी अधिनियम और भारतीय दंड संहिता सहित आईपीसी की धारा 469 भी लागू है। इससे पहले, इंटरनेट पर रश्मिका मंदाना, नोरा फतेही, कैटरीना कैफ, काजोल और क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर जैसी हस्तियों के डीपफेक वीडियो वायरल हो चुके हैं। चन्द्रशेखर ने कहा कि इन-ऐप यूजर रिपोर्टिंग तथा अन्य माध्यमों के जरिये इन मध्यस्थों को यूजरों, पीड़ितों या उनकी ओर से किसी भी व्यक्ति को नियम 3(1)(बी) या नियम 3(2)(बी) से संबंधित उल्लंघनों की रिपोर्ट सरल और आसानी से सुलभ तरीके से करने में सक्षम बनाना चाहिए। मंत्री ने जोर देकर कहा, ह्लमध्यस्थों को आदेश में उल्लिखित समय सीमा के भीतर शिकायत अपीलीय समिति के आदेशों का पालन करना होगा और एक रिपोर्ट प्रकाशित करनी होगी। बिचौलियों को अवैध ऋण और सट्टेबाजी ऐप्स के किसी भी विज्ञापन को अनुमति न देने के लिए अतिरिक्त उपाय करने चाहिए। मध्यस्थों को चेतावनी दी गई है कि अनुपालन न करने पर आईटी अधिनियम की धारा 79(1) के तहत प्रदान की गई देयता से छूट समाप्त कर दी जाएगी। उन्होंने कहा, सरकार की नीतियों का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि देश में इंटरनेट खुला, सुरक्षित और विश्वसनीय हो और सभी 'डिजिटल नागरिकों' के प्रति जवाबदेह हो।

# बिहार में मंत्रियों के विभागों का बंटवारा, मुख्यमंत्री के जिम्मे गृह मंत्रालय



**एजेंसी। पटना**

बिहार में नई सरकार में शपथ लेने वाले मंत्रियों के विभागों का बंटवारा कर दिया गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने पास गृह मंत्रालय, सामान्य प्रशासन सहित कई अन्य विभाग रखे हैं। बिहार के मंत्रिमंडल सचिवालय से जारी अधिसूचना के मुताबिक, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को वित्त, वाणिज्य कर, नगर विकास और आवास, स्वास्थ्य, खेल, पंचायती राज, उद्योग, पशु और मत्स्य संसाधन तथा विधि विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। जबकि, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा को कृषि, पथ निर्माण, राजस्व और भूमि सुधार, गन्ना उद्योग, खान और भूतत्व, श्रम संसाधन, कला संस्कृति और युवा, लघु जल संसाधन, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग सौंपा गया है। विजय कुमार चौधरी को जल संसाधन, संसदीय कार्य, भवन निर्माण, परिवहन, शिक्षा, सूचना और जनसंपर्क विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बिजेंद्र प्रसाद यादव को फिर से ऊर्जा विभाग की कमान सौंपी गई है। इसके अलावा योजना और विकास, मद्य निषेध , उत्पाद और निबंधन, ग्रामीण कार्य, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग दिया गया है। प्रेम कुमार को सहकारिता, पिछड़ा वर्ग और अति पिछड़ा वर्ग कल्याण, आपदा प्रबंधन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन तथा पर्यटन विभाग सौंपा गया है। जदयू के नेता श्रवण कुमार को ग्रामीण विकास, समाज कल्याण और खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण तथा संतोष कुमार सुमन को सूचना प्रावैधिकी तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। सुमित कुमार सिंह को विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा की जिम्मेदारी दी गई है। उल्लेखनीय है कि सभी ने 28 जनवरी को मंत्री पद की शपथ ली थी।

### कांग्रेस कर्नाटक में कराना चाहती है सांप्रदायिक झड़पें : भाजपा

**बेंगलुरु।** भाजपा की कर्नाटक इकाई ने शनिवार को आरोप लगाया कि राज्य की कांग्रेस सरकार सांप्रदायिक झड़पें कराना चाहती है ताकि वे आगामी लोकसभा चुनाव जीत सके।कर्नाटक भाजपा ने अपने एक्स हैंडल पर पोस्ट किया, कांग्रेस ने सांप्रदायिक झड़पें पैदा करने, देश के विभाजन पर बहस शुरू करने और कथित तौर पर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को कम करने के लिए केंद्र सरकार पर आरोप लगाने की अच्छी तरह से तैयार योजना बनाई है।कांग्रेस अपने आईटी सेल के जरिए झूठी खबरें फैलाने और भारत की विरासत का अपमान करने के लिए पूरी तरह तैयार है।कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे खुद इस बात से सहमत हैं कि भाजपा आगामी लोकसभा चुनाव में 400 सीटें जीतेगी। इसके बावजूद, कांग्रेस नेता विकास करने के बजाय झूठी नौटंकियों में लगे हुए हैं और डरे हुए हैं। भाजपा ने कथित 'तुष्टीकरण की राजनीति' को लेकर मुख्यमंत्री सिद्दारमैया की भी आलोचना की। भाजपा ने कहा कि जब किसानों, महिला सुरक्षा और राम मंदिर उद्घाटन की बात आती है तो वह सो जाते हैं। लेकिन, जब तुष्टीकरण की राजनीति की बात आती है तो वह हमेशा सतर्क रहते हैं।मुख्यमंत्री राम मंदिर उद्घाटन के समय भी सोये थे, लेकिन जब बात टीपू जयंती की आती है तो वह जाग जाते हैं।

### शिव सेना नेता पर गोली चलाने वाला विधायक गिरफ्तार

**ठाणे (महाराष्ट्र)।** एक चौंकाने वाली घटना में, भारतीय जनता पार्टी के एक विधायक को एक पुलिस स्टेशन के अंदर सत्तारूढ़ शिवसेना नेता पर कथित तौर पर कई गोलियां चलाने के आरोप में शनिवार को गिरफ्तार कर लिया गया विडंबना यह है कि गोलीबारी की घटना शुक्रवार देर रात उल्हासनगर शहर में हिल लाइन्स पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अनिल जगताप के दफ्तर के अंदर हुई, जो मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का गृह जिला है। सत्तारूढ़ भाजपा के विधायक गणपत कालू गायकवाड़ और शिवसेना शहर अध्यक्ष महेश गायकवाड़ एक कथित भूमि विवाद को सुलझाने के लिए पुलिस दफ्तर में बैठे थे। अचानक, गणपत गायकवाड़ ने अपनी रिवॉल्वर निकाली और महेश गायकवाड़ पर अंधाधुंध कई राउंड फायरिंग कर दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद पुलिस स्टेशन के अंदर अफरा-तफरी मच गई, हालांकि किसी भी पुलिसकर्मी को चोट नहीं आई। गंभीर रूप से घायल और खून से लथपथ महेश गायकवाड़ को इलाज के लिए ठाणे शहर के ज्यूपिटर अस्पताल ले जाया गया।



# लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को '40 सीटें' मिलने में भी संदेह : ममता



**एजेंसी। कोलकाता**

यह स्पष्ट करने के बाद कि आगामी लोकसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस पश्चिम बंगाल में अकेले चुनाव लड़ेगी, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को भविष्यवाणी की कि कांग्रेस को आगामी आम चुनाव में सीटों के मामले में भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। बनर्जी ने यह भी कहा कि उन्हें संदेह है कि कांग्रेस चुनाव में 40 सीटें भी जीत पाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस के पास उत्तर भारत में भगवा शासित राज्यों में भाजपा से मुकाबला करने की ताकत नहीं है। बनर्जी ने पश्चिम बंगाल को केंद्र सरकार से बकाया भुगतान न मिलने के खिलाफ अपने दो दिवसीय धरना-प्रदर्शन के दौरान मीडियाकर्मियों से बात करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी का नाम लिए बिना राज्य में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान लोगों तक पहुँच बनाने के उनके प्रयास का मजाक उड़ाया। यात्रा शुक्रवार को झारखंड में प्रवेश कर गई। उत्तर बंगाल में 'बीड़ी' श्रमिकों के साथ राहुल गांधी की बातचीत का सीधा संदर्भ देते हुए बनर्जी ने कहा, जिसे यह भी नहीं पता कि बीड़ी कैसे बनाई जाती है, वह अब फोटो-शूट का सहारा ले रहा है। अब यही चलन और फैशन चल रहा है। उन्होंने यह भी दोहराया कि पश्चिम बंगाल में अकेले तृणमूल कांग्रेस ही भाजपा का विरोध कर सकती है।उन्होंने कहा, "हमने पहले भी अकेले भाजपा का विरोध किया था और इस बार भी हम ऐसा ही करेंगे।''उन्होंने कांग्रेस पर पश्चिम बंगाल में भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होने के लिए उन्हें आधिकारिक निमंत्रण नहीं भेजने का भी आरोप लगाया। बनर्जी ने कहा, ह्लवे हमारे राज्य में आए लेकिन हमें एक बार भी सूचित नहीं किया। रैली अचानक पश्चिम बंगाल में प्रवेश कर गई। मैंने कांग्रेस को 300 सीटों पर चुनाव लड़ने और शेष क्षेत्रीय दलों के लिए छोड़ने का प्रस्ताव दिया। लेकिन वह सहमत नहीं हुई और इसकी बजाय उसने अपना बड़े भाई वाला रवैया दिखाया।

## सीहोर में बकाया वसूली करने वाले बिजली कर्मचारियों की पिटाई

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के सीहोर जिले के बुधनी संभाग के चकल्दी गांव में बकाया बिल की वसूली करने गए बिजली कर्मचारियों की ग्रामीणों ने पिटाई कर दी। इस पर बिजली कर्मचारी ने सरकारी काम में बाधा सहित अनुचित भाषा का इस्तेमाल करने का मामला थाने में दर्ज कराया है। बताया गया है कि मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा भोपाल वृत्त के बुधनी संभाग में रेहटी वितरण केन्द्र के ग्राम चकल्दी में विजिलेंस दल द्वारा बकाया वसूली का शासकीय कार्य किया जा रहा था। इस दौरान ग्राम चकल्दी निवासी हरिराम साहू, पंकज साहू एवं राजेन्द्र साहू द्वारा शासकीय कार्य में बाधा डालने के साथ ही बिजली कंपनी के कर्मचारियों से दुर्व्यवहार, जाति सूचक गालियां एवं मारपीट की गई।कंपनी द्वारा घटना के तुरंत बाद थाना रेहटी में शासकीय कार्य में बाधा डालने, कर्मचारी से मारपीट एवं दुर्व्यवहार करने पर एफआईआर दर्ज कराई गई है। प्रायः देखने में आ रहा है कि बिजली कर्मियों पर ड्यूटी के दौरान असामाजिक तत्वों द्वारा मारपीट व दुर्व्यवहार किया जा रहा है।

# केजरीवाल के घर नोटिस देने पहुंची क्राइम ब्रांच की टीम



**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की टीम पहुंची है। टीम सीएम को एक मामले के सिलसिले में नोटिस देने पहुंची है।हालांकि, अभी तक यह साफ नहीं हो पाया है कि सीएम अरविंद केजरीवाल को किस मामले में नोटिस दिया गया है। ईडी ने कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले के संबंध में पूछताछ के लिए केजरीवाल को पांचवां नोटिस भी जारी किया था। लेकिन केजरीवाल के एजेंसी के सामने पेश होने के बजाय उनके समर्थकों ने दिल्ली स्थित भाजपा कार्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन किया। सूत्रों के मुताबिक, क्राइम ब्रांच की टीम आप मंत्री आतिशी के आवास पर भी नोटिस देने गई थी। हालांकि, किसी भी स्थान पर नोटिस स्वीकार नहीं किए गए। इस बीच, दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि भाजपा उन रिपोर्टों का स्वागत करती है। जिनमें कहा गया है कि क्राइम ब्रांच ने आप के आरोपों की जांच शुरू कर दी है कि भाजपा आप विधायकों को प्रलोभन दे रही है। दिल्ली भाजपा ने केजरीवाल के झूठे आरोपों की पुलिस जांच की मांग करते हुए 30 जनवरी को एक शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें कहा गया था कि उसने आप विधायकों को ऐसी कोई पेशकश नहीं की है। सचदेवा ने कहा कि अब जब क्राइम ब्रांच ने केजरीवाल को नोटिस दिया है, तो उन्हें या तो अपने आरोपों के समर्थन में सबूत पेश करना चाहिए या आपराधिक कार्यवाही का सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए।

### नीतीश ने पूर्व उप प्रधानमंत्री आडवाणी को दी बधाई

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को देश के सर्वोच्च सम्मान 'भारत रत्न' दिए जाने की घोषणा पर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी है। पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री आडवाणी को भारत रत्न दिए जाने की सरकार की घोषणा के बाद नीतीश ने आडवाणी से दूरभाष पर बात की और उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं देकर उनका अभिनंदन किया।मुख्यमंत्री ने एक्स पर लिखा कि आडवाणी का देश के विकास में बड़ा योगदान है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में उन्होंने देश के गृह मंत्री और उप प्रधानमंत्री के रूप में काफी बेहतर कार्य किया। आडवाणी देश के सम्मानित राजनेताओं में से एक हैं।उन्होंने आगे लिखा, वाजपेयी की सरकार में मुझे उनके सानिध्य में काम करने का मौका मिला। आडवाणी जी का स्नेह मुझे हमेशा मिलता रहा है और उनसे कई चीजें सीखने का भी मौका मिला है। आडवाणी को देश का सर्वोच्च सम्मान 'भारत रत्न' दिए जाने के केंद्र सरकार के निर्णय को स्वागतयोग्य बताते हुए नीतीश ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का भी अभिनंदन किया।



### रामभद्राचार्य से मिलने अस्पताल पहुंचे मंत्री



**देहरादून।** तुलसी पीठाधीश्वर जगतगुरु रामभद्राचार्य की शुक्रवार को हाथरस में रामकथा के दौरान अचानक तबीयत खराब हो गई थी। उन्हें एयरलिफ्ट करके देहरादून के सिनर्जी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां डॉक्टर उनका उपचार कर रहे हैं। डॉक्टरों ने उन्हें खतरे से बाहर बताया है। वहीं, कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी जगतगुरु रामभद्राचार्य का हाल जानने के लिए सिनर्जी अस्पताल पहुंचे। कैबिनेट मंत्री ने अस्पताल पहुंचकर रामभद्राचार्य का हालचाल जाना और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। कैबिनेट मंत्री ने भेंट के दौरान जगतगुरु रामभद्राचार्य का आशीर्वाद भी प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि गुरुदेव हमारी एक धरोहर हैं। उनके स्वास्थ्य में काफी सुधार है।

## विवाद — कनक मठ के पुजारी ने लगाया आरोप

# जाति के कारण मंदिर में नहीं दिया प्रवेश



**एजेंसी। चित्रदुर्ग**

कागिनेले कनक मठ के पुजारी ईश्वरानंदपुरी स्वामी, जो कुरुबा (चरवाहा) समुदाय से हैं, ने दावा किया है कि उन्हें उनकी जाति के कारण कर्नाटक के चित्रदुर्ग जिले के बगुरू गांव में ऐतिहासिक चेन्नाकेशव मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी गई । उन्होंने शुक्रवार को चित्रदुर्ग जिले के सानेहल्ली में 'संक्रमण के रास्ते में धार्मिक मठ' विषय पर एक सेमिनार में भाग लेते हुए यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा, कुरुबा समुदाय के एक साधु के मंदिर में प्रवेश के बाद मंदिर की सफाई की गई। मैं कभी भी चेन्नाकेशव मंदिर के अंदर अपना पैर नहीं रखूंगा। मैंने वैकुंठ एकादशी के अवसर पर मंदिर का दौरा किया था।

### कर्नाटक में लोग सौहार्द्र से रहे : डी.के. शिवकुमार

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने शनिवार को एक मठ के पुजारी के आरोपों पर बयान जारी कर कहा कि राज्य में लोगों को सौहार्द्रपूर्ण ढंग से रहना चाहिए और धार्मिक तनाव नहीं फैलाना चाहिए। एक पुजारी ने कथित तौर पर आरोप लगाया कि उन्हें कर्नाटक में एक मंदिर में प्रवेश करने से रोका गया था। उपमुख्यमंत्री ने आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, "कर्नाटक में कोई अस्पृश्यता नहीं है। हम सब एक हैं और हमें सौहार्द्रपूर्वक रहना चाहिए। मंदिर सभी लोगों के लिए खुले रहेंगे।" शिवकुमार ने बताया कि उन्हें इस घटना की जानकारी मीडिया के माध्यम से मिली और वह इस मुद्दे पर मुजाराई विभाग के अधिकारियों और जिला प्रभारी मंत्री के साथ चर्चा करेंगे। कुरुबा (चरवाहा) समुदाय से ताल्लुक रखने वाले कागिनेले कनक मठ के पुजारी ईश्वरानंदपुरी स्वामी ने दावा किया कि उन्हें उनकी जाति के कारण कर्नाटक में चित्रदुर्ग जिले के बगुरू गांव में चेन्नाकेशव मंदिर में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी गई थी। उन्होंने शुक्रवार को चित्रदुर्ग जिले के सानेहल्ली में 'परिवर्तन की राह में धार्मिक मठ' विषय पर एक सेमिनार में हिस्सा लेते हुए यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा, कुरुबा समुदाय के एक पुजारी के मंदिर में प्रवेश करते ही मंदिर की सफाई कर दी गई।

# पुलिस की वर्दी में अपहरण व्यापारी को असली पुलिस ने छुड़ाया



**एजेंसी। कोलकाता**

कोलकाता के दक्षिणी बाहरी इलाके में एक रेस्तरां के सामने भीड़-भाड़ वाली जगह से शुक्रवार रात को पुलिस बनकर बदमाशों के एक समूह ने बंदूक की नोंक पर एक व्यापारी का अपहरण कर लिया था। पुलिस ने शनिवार को व्यापारी को बचा लिया।पुलिस ने पांच में से तीन अपहरणकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया है। जिनकी पहचान बिप्लब पात्रा (33), अशोक माजी (46) और अरुणांगशु दास (42) के रूप में की गई है।पुलिस ने बताया कि बदमाशों ने व्यवसायी नीतीश शॉ (22) का अपहरण एक बड़ी प्लानिंग के तहत किया था। पांच बदमाशों का एक समूह एसयूवी के साथ रेस्तरां के सामने व्यापारी का इंतजार कर रहा था। उनके वाहन के सामने की विंडस्क्रीन पर पुलिस का स्टिकर लगा था।पुलिस ने आगे बताया कि जैसे ही व्यवसायी रेस्तरां से बाहर आया, तुरंत उसे बदमाशों ने घेर लिया और बंदूक की नोंक पर एसयूवी में जबरदस्ती ले गए। यह पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। फुटेज में वाहन पर लगा पुलिस का स्टिकर भी दिखाई दिया।सिटी पुलिस अधिकारी ने कहा कि इससे पहले कि घटना को देख रहे लोग किसी भी तरह की प्रतिक्रिया दे सकें, पूरा ऑपरेशन कुछ ही मिनटों में पूरा कर लिया गया।

### जम्मू-कश्मीर के पुंछ में हथियार और गोला-बारूद बरामद

**जम्मू।** सेना और जम्मू कश्मीर पुलिस ने एक संयुक्त अभियान में जम्मू एवं कश्मीर के पुंछ जिले के सुरनकोट में दारा सांगला के वन क्षेत्रों में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सेना ने बयान में कहा, जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा प्रदान की गई खुफिया जानकारी के बाद त्वरित प्रतिक्रिया शुरू की गई। जनरल एरिया दारा सांगला में एक संयुक्त तलाशी अभियान के लिए सुरनकोट थाने की एक टीम के साथ 16आरआर की चार ऑपरेशनल टीमों को शामिल करते हुए एक समन्वित प्रयास शुरू किया गया था। बयान में कहा गया है कि ऑपरेशन में एक मोर्टार, तीन बम, मैगजीन के साथ एक पिस्तौल और पांच राउंड गोला-बारूद की बरामदगी हुई। सेना ने कहा, जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ रही है, इस ऑपरेशन के दायरे और निहितार्थों को व्यापक रूप से समझने के लिए और विवरण का पता लगाया जा रहा है। भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस के बीच सहयोगात्मक प्रयास क्षेत्र में सुरक्षा बनाए रखने और आतंक से निपटने के लिए प्रतिबद्धता प्रदर्शित करते हैं।



# जायसवाल का दोहरा शतक, बुमराह के छह विकेट
# भारत की कुल बढ़त 171



दूसरा टेस्ट
दूसरा दिन
45 रन
छह विकेट



**एजेंसी। विशाखापत्तनम**

तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने शानदार गेंदबाजी करते हुए शनिवार को दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन 45 रन पर छह विकेट झटके और इंग्लैंड को पहली पारी में 253 रन पर समेट कर भारत को 143 रन की महत्वपूर्ण बढ़त दिला दी। भारत ने अपनी दूसरी पारी में पांच ओवर में बिना कोई विकेट खोये 28 रन बना लिए हैं और उसकी कुल बढ़त 171 रन की हो गयी है।

दूसरी पारी में दोनों सलामी बल्लेबाजों ने भारत को अच्छी शुरूआत दिलाई है। भारत ने अपनी दूसरी पारी में पांच ओवर में बिना कोई विकेट खोये 28 रन बना लिए हैं और उसकी कुल बढ़त 171 रन की हो गयी है। स्टंप्स के समय यशस्वी जायसवाल 15 और कप्तान रोहित शर्मा 13 रन बनाकर क्रीज पर थे। दोनों ने तीन-तीन चौके लगाए हैं।

भारत की पहली पारी जहां यशस्वी जायसवाल के दोहरे शतक के नाम थी, वहीं मैच की दूसरी पारी जसप्रीत बुमराह की घातक गेंदबाजी के नाम रही। उन्होंने छह विकेट चटकाए और किसी भी इंग्लिश बल्लेबाज को टिकने नहीं दिया। कुलदीप ने भी उनका अच्छा साथ देते हुए तीन विकेट लिए। अश्विन, मुकेश और अक्षर ने निराश किया। सभी ने कम से कम 5 की इकॉनमी से रन दिए।

इंग्लैंड की तरफ से जैक क्रॉली ने अच्छी शुरूआत दी, लेकिन इसके बाद कोई भी बल्लेबाज टिककर नहीं खेल सका। अधिकतर को शुरूआत मिली, लेकिन भारतीय बल्लेबाजों की तरह वे भी इसे बड़ी पारी में तब्दील नहीं कर सके। क्रॉली ने 78 गेंदों में 11 चौकों और दो छक्कों की मदद से 76 रन बनाये। कप्तान बेन स्टोक्स ने 47 रन का योगदान दिया।

बुमराह ने स्टोक्स को बेहतरीन गेंद पर बोल्ड कर भारत को महत्वपूर्ण सफलता दिलाई। बुमराह ने जेम्स एंडरसन को पगबाधा कर इंग्लैंड का आखिरी विकेट भी लिया। बुमराह ने पहले टेस्ट के शतकधारी ओली पोप को बोल्ड किया और जो रुट, जानी बेयरस्टो, और टॉम हार्टली के विकेट भी लिए।

कप्तान रोहित शर्मा को जब विकेट की जरूरत पड़ी, उन्होंने बुमराह को मोर्चे पर लगाया और बुमराह ने अपने कप्तान को निराश नहीं किया। चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव ने बुमराह को अच्छा सहयोग देते हुए 71 रन पर तीन विकेट लिए। अक्षर पटेल ने 24 रन देकर जैक क्रॉली का विकेट झटका। अनुभवी ऑफ स्पिनर अश्विन 12 ओवर में 61 रन देकर कोई विकेट नहीं ले पाए।

इससे पहले सुबह सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (209) दोहरा शतक जमाने में सफल रहे जबकि भारत पहले सत्र में पहली पारी में 396 रन बनाकर आउट हो गया। जायसवाल ने अपने नाबाद 179 रन के रात के स्कोर को टेस्ट में पहले दोहरे शतक में बदल दिया, हालांकि भारत केवल चार रन से 400 तक पहुंचने से चूक गया।

अपने छठे टेस्ट मैच में खेलते हुए, जायसवाल ने समान मात्रा में सावधानी और आक्रामकता का मिश्रण किया और तब भी खड़े रहे जब उनके टीम के साथी दूसरे छोर से गिर रहे थे। वह 102वें ओवर में पदार्पण कर रहे इंग्लैंड के स्पिनर शोएब बशीर की गेंद पर छक्का और चौका लगाकर टेस्ट क्रिकेट में दोहरा शतक बनाने वाले तीसरे सबसे युवा भारतीय बल्लेबाज बन गए।

अनुभवी तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन द्वारा आउट होने से पहले, उन्होंने 290 गेंदों में 19 चौकों और सात छक्कों की मदद से 209 रन की करियर की अविश्वसनीय सर्वश्रेष्ठ पारी खेली। लेकिन यह एक ऐसी सुबह थी जिसमें भारत के आखिरी चार विकेट केवल 32 रन पर गिर गए। एंडरसन ने तीन विकेट लिए जबकि बशीर और रेहान अहमद ने भी तीन-तीन विकेट लिए।

### टेस्ट क्रिकेट में दोहरा शतक लगाने वाले तीसरे सबसे युवा भारतीय बने यशस्वी

**विशाखापत्तनम।** यशस्वी जयसवाल ने शनिवार को इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन विशाखापत्तनम के एसीए-वीडीसीए स्टेडियम में अपना पहला दोहरा शतक दर्ज किया। इसके साथ ही युवा भारतीय सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल (नवंबर 2019) के बाद खेल के सबसे लंबे प्रारूप में दोहरे शतक का आंकड़ा हासिल करने वाले पहले भारतीय बन गए। स्वाभाविक रूप से आक्रामक खिलाड़ी, जयसवाल ने दूसरे छोर पर नियमित अंतराल पर विकेट गिरने के बावजूद शानदार धैर्य दिखाया और 277 गेंदों में 200 रन के आंकड़े तक पहुंच गए। सुनील गावस्कर और विनोद कांबली के बाद तीसरे सबसे कम उम्र के भारतीय खिलाड़ी बन गए।

## डाइविंग मिश्रित टीम स्पर्द्धा में ब्रिटेन ने जीता स्वर्ण

विश्व एक्वेटिक्स चैंपियनशिप



**एजेंसी। दोहा**

ब्रिटेन ने दोहा में 2024 विश्व एक्वेटिक्स चैंपियनशिप में शुक्रवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल किया।

थॉमस डेली, एंड्रिया स्पेंडोलिनी सिरिएक्स, स्कारलेट मेव जेन्सेन और डैनियल गुडफेलो ने असाधारण टीम वर्क का प्रदर्शन करते हुए कुल 421.65 अंक अर्जित कर जीत हासिल की जबकि मेक्सिको और ऑस्ट्रेलिया को क्रमशः रजत और कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

अन्य डाइविंग हाइलाइट्स में ऑस्ट्रेलिया की एलीशा कोलोई महिलाओं की 1 मीटर स्प्रिंगबोर्ड में विजयी रहीं। 22 वर्षीय कोलोई ने प्रभावशाली 260.50 अंक जुटाए। ब्रिटेन की ग्रेस रीड 257.25 के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। उसके बाद मिस्र की महा आइसा रहीं।

## दोहरा शतक जड़ने पर यशस्वी के घर जश्न

### भदोही में लोगों ने बैंडबाजे के साथ मनाया जश्न



**एजेंसी। भदोही**

उत्तर प्रदेश के जनपद भदोही के युवा क्रिकेट यशस्वी जायसवाल की सफलता में एक और उपलब्धि जुड़ गई है। भारत-इंग्लैंड टेस्ट क्रिकेट मैच में युवा फिरकी यशस्वी ने दोहरा शतक लगाया है। जायसवाल की बल्लेबाजी को लेकर गृहनगर और घर पर जश्न का माहौल है।

लोगों ने पटाखे फोड़े और मिठाई बांटने के साथ भांगड़ा डांस भी किया। भारतीय क्रिकेटर यशस्वी जायसवाल भदोही जिले के सुरियावांनगर के रहने वाले हैं। उन्होंने इंग्लैंड टीम के विरुद्ध शानदार लंबी पारी खेलते हुए टेस्ट मैच में दोहरा शतक जड़ा है। इसके बाद उनके घर पर खुशी का माहौल है।

### पिता बोले यह उपलब्धि यशस्वी की मेहनत का फल



यशस्वी के पिता भूपेंद्र जायसवाल ने कहा कि मेरे परिवार के लिए बड़ी उपलब्धि है। यह उनके लिए बड़े ही गर्व और गौरव की बात है कि उनके बेटे ने दोहरा शतक जड़ा। वह बेटे के बेहतरीन प्रदर्शन से बेहद खुश हैं। अपनी पेंट की दुकान में बैठ कर पिता मोबाइल पर खुद बेटे का इंग्लैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन देख रहे थे।

भूपेंद्र ने कहा कि हमारे उप्र के लिए यह गौरव की बात है कि एक हीरा मिला है। यशस्वी प्रदेश और भदोही नाम रौशन कर रहा है। हमारे जनपद और घर में उसकी इस उपलब्धि पर खुशी का माहौल है। यह उसकी मेहनत और काबिलियत का परिणाम है। यशस्वी के नगर के रहने वाले लोगों ने इस मौके पर जमकर पटाखे फोड़े और डांस किया।

उत्साहित लोगों का कहना है कि हम सभी के लिए यह बड़े हर्ष की बात है कि यशस्वी ने शानदार पारी खेली है और सबका मान बढ़ाया है। यह भदोही और देश के लिए गौरव की बात है।

## 44वीं मास्टर एथलेटिक चैंपियनशिप में भाग लेगी झारखंड की टीम

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




44वीं मास्टर एथलेटिक चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए झारखंड मास्टर एथलेटिक एसोसिएशन टीम का गठन कर दिया गया है। चैंपियनशिप श्री शिव छत्रपति स्पोर्ट्स कांप्लेक्स, बालवाड़ी, पुणे में दिनांक 13 फरवरी से 17 फरवरी तक आयोजित होगी।

इस वर्ष झारखंड मास्टर एथलेटिक्स के कप्तान पीसी देवगन को बनाया गया है। जो टीम का झंडा लेकर भी चलेंगे। टीम के मुख्य कोच के भूमिका में अंतर्राष्ट्रीय कोच जवाहर झा और अशोक महतो को बनाया गया है। मैनेजर की भूमिका में संजय राय और राजेंद्र प्रसाद होंगे। झारखंड मास्टर टीम से पुरुष सदस्य 43 और महिलाओं का सदस्य 10 लोग भाग ले रहे हैं। यह जानकारी झारखंड मास्टर एथलेटिक एसोसिएशन के सचिव लक्ष्मण राम ने दी।

## शिवम ने की शानदार बल्लेबाजी

### एलडीए ने जीता मैच



**एजेंसी। लखनऊ**

सुबोध मेमारियल क्रिकेट टूर्नामिंट में एलडीए सेंटर ने सेंट्रल क्रिकेट क्लब को 61 रन से हरा दिया। इस मैच में एलडीए के शिवम दुबे ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 99 रन बनाये। एलडीए ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 40 ओवर में चार विकेट गवांकर 259 रन बनाये। सलामी बल्लेबाज शिवम पांडेय ने नौ चौका और दो छक्का की मदद से 99 बाल पर 99 रन का योगदान दिया। वहीं हिमांशु कुमार एक रन बनाकर ही पवेलियन वापस लौट गये।

## झारखंड के महिला खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन, पहले दिन झटके तीन पदक



**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में चल रहे सिकोकाई ऑल इंडिया कराटे चैंपियनशिप में भाग ले रहे झारखंड के खिलाड़ियों ने अपना उम्दा प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के पहले दिन महिला वर्ग में खिलाड़ियों ने अपना शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन पदक राज्य के नाम किये। वहीं पुरुष वर्ग में एक पदक जीते। सभी विजेता खिलाड़ियों को साउथ एशियन कराटे फेडरेशन के अध्यक्ष हंशी भरत शर्मा एवं कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के महासचिव शिहान संजीव जांगड़ा ने पदक पहनाया।

- जूनियर वर्ग में अनुष्का कुमारी 48 किलो वजन वर्ग के कुमिते में रजत पदक जीती।
- कैडेट वर्ग में खुशबू कुमारी को 68 किलो वर्ग के कुमिते में रजत पदक।
- कैडेट वर्ग में पूनम सोनी को 54 किलो वर्ग के कुमिते में कांस्य पदक पदक।
- वहीं पुरुष वर्ग में रघु तनमय पहन में 68 किलो वर्ग के कुमिते में रजत पदक जीता।

सभी सफल खिलाड़ियों को सिकोकाई कराटे इंटरनेशनल इंडिया के राज्य प्रतिनिधि सह राष्ट्रीय कोच शिहान सुनील किस्पोट्टा बधाई दी। उन्होंने कहा कि महिला खिलाड़ियों ने जिस प्रकार आज अपने उम्दा प्रदर्शन से राज्य के लिए पदक जीता है। यह अन्य खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा साबित होंगे।

## हार हमारी कमजोरियों को परखने का एक मौका है : जेपी डुमिनी



**अबू धाबी।** शारजाह वॉरियर्स को अबू धाबी के जायद क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए आईएलटी20 मैच में एमआई अमीरात के हाथों हार का सामना करना पड़ा। हार के बाद शारजाह वॉरियर्स के मुख्य कोच जेपी डुमिनी ने कहा टूर्नामिंट में आपके सामने हमेशा चुनौतियां आती रहती हैं। ये क्षण आपकी टीम और उनके चरित्र को परिभाषित करने वाले हैं। मैं उन्हें हमेशा एक उपहार के रूप में देखता हूं। दुर्भाग्य से हम पिछली रात पिछड़ गए, लेकिन यह हमें अपनी लचीलेपन का परीक्षण करने का एक शानदार अवसर देता है क्योंकि हम टूर्नामिंट के महत्वपूर्ण भाग के लिए संयोजन बनाते हैं।

## पीकेएल 10 प्रतियोगिता के प्रति लोगों के प्यार को दर्शाता है : कृति सेनन



**एजेंसी। नई दिल्ली**

बॉलीवुड स्टार कृति सेनन और शाहिद कपूर शुक्रवार को गुजरात जायंट्स और हरियाणा स्टीलर्स व दबंग दिल्ली केसी और बंगाल वॉरियर्स के बीच प्रो कबड्डी लीग सीजन 10 के मैच को देखने के लिए नई दिल्ली के त्यागराज इंडोर स्टेडियम पहुंचे।

स्टेडियम में अपने अनुभव को लेकर कृति सेनन ने कहा यहां स्टेडियम में होना बहुत अच्छा है। तथ्य यह है कि प्रो कबड्डी लीग अपने 10वें सीजन में पहुंच गया है, यह दर्शाता है कि लोग प्रतियोगिता को पसंद करते हैं। खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्राप्त होते देखना आश्चर्यजनक है।

इस बीच फिल्म अभिनेता शाहिद कपूर ने कहा जब हम स्टेडियम में दाखिल हुए तो हमने बहुत सारे लोगों को देखा। कबड्डी प्रेमियों के बीच काफी उत्साह था। इसके अलावा दिल्ली में प्रशंसक हमेशा अद्भुत रहे हैं।

जब शाहिद से पूछा गया कि क्या वह कबड्डी में अपना हाथ आजमाना चाहते हैं, तो उन्होंने कहा कबड्डी हम सभी देखते हैं और यह एक बहुत लोकप्रिय खेल है लेकिन मुझे लगता है कि यह खेलना बहुत मुश्किल खेल है। अगर मुझे कभी किसी खिलाड़ी का किरदार निभाने का मौका मिलता है, तो मैं जरूर इसे आजमाऊंगा, लेकिन मुझे नहीं लगता कि मैं असल जिंदगी में यह खेल खेल सकता हूं।

प्रो कबड्डी लीग सीजन 10 का दिल्ली चरण 7 फरवरी को समाप्त होगा और फिर इसके बाद कोलकाता और पंचकुला में आयोजित किया जाएगा।

## खबरें व्यापार जगत की

### निजी निवेश आकर्षित होगा
## बड़ी ढांचागत परियोजनाओं में सरकारी निवेश बढ़ेगा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राजमार्ग, रेलवे और बंदरगाह क्षेत्र में बड़ी बुनियादी ढांचा परियोजनाएं भारतीय अर्थव्यवस्था में विकास को गति देना जारी रखेंगी क्योंकि सरकार ने अंतरिम बजट में इन निवेशों के लिए लागत को बढ़ा दिया है।

बड़ी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में सरकारी निवेश से नौकरियां और आय पैदा होती है, जिसका अर्थव्यवस्था पर कई गुना प्रभाव पड़ता है क्योंकि स्टील और सीमेंट जैसे प्रोडक्ट्स की मांग भी बढ़ जाती है जिससे अधिक निजी निवेश और रोजगार बढ़ता है।

अतिरिक्त नौकरियों के सृजन के साथ, उपभोक्ता वस्तुओं की मांग भी बढ़ती है जिससे देश की आर्थिक विकास दर में और तेजी आती है। निवेश और रोजगार सृजन के चक्र को तेज करने के लिए 2023-24 के बजट ने बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर पूंजीगत लागत को 2022-23 में 7.28 लाख करोड़ रुपये से 37.4 प्रतिशत बढ़ाकर 10 लाख करोड़ रुपये कर दिया है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा गुरुवार को पेश किए गए अंतरिम बजट में विकास को गति देने के लिए बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए आवंटन को 11.1 प्रतिशत बढ़ाकर 11.11 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया है। पिछले साल के बड़े आधार के शीर्ष पर होने वाली वृद्धि के चलते विकास को गति देने के लिए बड़े पैमाने पर निवेश किया जाएगा। वित्त मंत्री ने बताया कि इससे निजी क्षेत्र से भी बड़ा निवेश आकर्षित होगा, जिससे विकास की गति तेज होगी।

एक और सकारात्मक विकास यह है कि सरकार ने राजकोषीय घाटे में कटौती की है और इसलिए उन्हें बाजार से कम उधार लेने की आवश्यकता होगी। इससे बैंकों के पास निजी क्षेत्र की कंपनियों के निवेश को वित्तपोषित करने के लिए अधिक धन बचेगा, जिससे बदले में विकास को गति मिलेगी।

## अमेजन के 50 मिलियन शेयर अगले साल बेचेंगे जेफ बेजोस



**नई दिल्ली।** दुनिया की प्रमुख ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस अगले 12 महीनों में कंपनी के 50 मिलियन (5 करोड़) शेयरों को बेचने की योजना बना रहे हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक 171.8 डॉलर प्रति शेयर की मौजूदा कीमत पर अमेजन के इन शेयरों की कुल वैल्यू 8.6 अरब डॉलर है। अमेरिकी प्रतिभूति और विनिमय आयोग (एसईसी) के एक फाइलिंग में दी जानकारी के अनुसार अमेजन के अरबपति संस्थापक के पास अधिकतम 50 मिलियन शेयर बेचने की योजना थी। एसईसी फाइलिंग के मुताबिक जेफ बेजोस अमेजन स्टॉक के करीब एक अरब शेयरों के मालिक हैं। अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में उम्मीद से अधिक बिक्री दर्ज करने के बाद अमेजन के शेयर में शुक्रवार को करीब 8 फीसदी का उछाल देखा गया। कंपनी की एक नई वार्षिक रिपोर्ट के मुताबिक अमेजन के शेयरों की यह बिक्री योजना पिछले साल 8 नवंबर को शुरू हुई थी, जो 31 जनवरी, 2025 तक पूरी हो जाएगी। 31 दिसंबर, 2023 को समाप्त तिमाही में अमेजन की शुद्ध बिक्री 14 फीसदी की उछाल के साथ 170 बिलियन डॉलर हो गई, जबकि 2022 की चौथी तिमाही में यह 149.2 बिलियन डॉलर थी। उल्लेखनीय है कि जेफ बेजोस ने 1994 में ऑनलाइन ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन की स्थापना की थी। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के अनुसार बेजोस वर्तमान में 185 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ दुनिया के तीसरे सबसे अमीर व्यक्ति हैं।

## स्टेट बैंक का मुनाफा तीसरी तिमाही में 35 फीसदी लुढ़ककर 9,164 करोड़ रुपये



**नई दिल्ली।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने चालू वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही के नतीजे का ऐलान कर दिया है। अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में एसबीआई का एकल आधार पर शुद्ध लाभ 35 फीसदी लुढ़ककर 9,164 करोड़ रुपये रहा है। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में बैंक का शुद्ध लाभ 14,205 करोड़ रुपये रहा था। स्टेट बैंक ने शनिवार को शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि चालू वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही में बैंक का एकल आधार पर शुद्ध लाभ 35 फीसदी लुढ़ककर 9,164 करोड़ रुपये रहा। हालांकि, बैंक ने कहा कि अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में उसकी कुल आमदनी बढ़कर 1,18,193 करोड़ रुपये रही, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 98,084 करोड़ थी। इस दौरान बैंक की ब्याज आय बढ़कर 1,06,734 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 86,616 करोड़ रुपये थी।

दिसंबर, 2023 के अंत तक बैंक की सकल गैर-निष्पादित संपत्ति (एनपीए) घटकर सकल ऋण का 2.42 फीसदी हो गई, जो इससे पिछले साल 3.14 फीसदी थी। इसी तरह तीसरी तिमाही के अंत में बैंक का शुद्ध एनपीए भी घटकर 0.64 फीसदी हो गया, जो पिछले साल 0.77 फीसदी था। एकीकृत आधार पर एसबीआई समूह का शुद्ध लाभ तीसरी तिमाही में 29 फीसदी गिरकर 11,064 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 15,477 करोड़ रुपये था। हालांकि, बैंक की कुल आय इस तिमाही में बढ़कर 1,53,072 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 1,27,219 करोड़ रुपये थी।

## सरकार ने कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स फिर बढ़ाया, नई दरें लागू



सरकार ने विंडफॉल टैक्स को बढ़ाकर 3,200 रुपये प्रति टन किया

**नई दिल्ली।** सरकार ने देश में उत्पादित कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर (विंडफॉल टैक्स) को 1,700 रुपये प्रति टन से बढ़ा कर 3,200 रुपये प्रति टन कर दिया है। वहीं, डीजल, पेट्रोल और विमानन टरबाइन फ़्यूल (एटीएफ) के निर्यात पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (एसएईडी) को शून्य पर रखा है। नई दरें शनिवार, 3 फरवरी से लागू हो गई है। आधिकारिक अधिसूचना के मुताबिक देश में उत्पादित कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर (विंडफॉल टैक्स) को 1,700 रुपये प्रति टन से बढ़ा कर 3,200 रुपये प्रति टन कर दिया गया है। इससे पहले 16 जनवरी को कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स की दर 2,300 रुपये टन से घटा कर 1,700 रुपये टन की गई थी। वहीं, डीजल, पेट्रोल और एटीएफ के निर्यात पर एसएईडी को शून्य पर बरकरार रखा गया है।

**क्या है विंडफॉल टैक्स :** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में उतार-चढ़ाव के बीच घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल के निर्यात पर लगने वाले अप्रत्याशित लाभ कर को विंडफॉल टैक्स कहा जाता है। विंडफॉल टैक्स का पाक्षिक संशोधन होता है। फिलहाल अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत 78 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। उल्लेखनीय है कि पहली बार जुलाई 2022 में उत्पादित घरेलू कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स लगाया था।

# पूर्व सीएम हेमंत के लिए तैयार हो रहा है कैंप जेल

## हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के 72 घंटे बाद भी धाराओं की जानकारी नहीं : झामुमो



**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय महासचिव और प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि सभी लोग यही बोल रहे हैं कि ऐसा नहीं होना चाहिए था। सरकार गठन के बाद से ही इसका अंदेशा था। हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के 72 घंटे हो जाने के बाद भी धाराओं की जानकारी नहीं हुई है कि किस जुर्म में गिरफ्तार किया गया। इसका कोई आधार अभी तक निकल कर सामने नहीं आया है। भट्टाचार्य शनिवार को हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सीएम के इस्तीफा देने के बाद कार्यवाहक मुख्यमंत्री का चयन क्यों नहीं किया गया। यह जमीन आंदोलनकारियों की है। राज्यपाल से हम लोगों ने कहा कि कार्यपालिका का कोई अधिकारी नहीं है लेकिन फिर भी मौन रहे। जब लोगों में आक्रोश देखा तब भाजपा को सांप सूंघ गया और रात में बुला कर सरकार बनने का न्यौता दिया गया। उन्होंने कहा कि राज्यपाल ने किस आधार पर बहुमत सिद्ध करने को कहा। किस चीज का विश्वास मत साबित करने की बात कर रहे हैं। राज्यपाल जितनी संख्या हमारी पहले थी अभी भी हमारे पास है। 47 विधायक अब भी हैं। पार्टी जल्द ही श्वेत पत्र जारी करेगी और बताने का काम करेगी कि कैसे गैरकानूनी तरीके से राजनीतिक तरीके से परेशान किया गया है। कहा कि भाजपा में हिम्मत है तो अविश्वास प्रस्ताव लाकर दिखाये।

## आइएएस क्लब में तैयार हो रहा विशेष सुइट

**अमित कुमार**

**रांची।** पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुये उनके लिए विशेष रूम सुइट तैयार किया जा रहा है। राज्य के एडवोकेट जनरल की मांग पर राजधानी के आईएएस क्लब में इसकी तैयारी जोरों पर है। हालांकि इस बारे में अंतिम निर्णय न्यायालय की रजामंदी के बाद ही लिया जा सकेगा। शनिवार से ही झारखंड पुलिस को क्लब के बाहर तैनात कर दिया गया है। क्लब के अंदर गार्डों की संख्या बढ़ाने की मांग क्लब के संचालक ने की है। वर्तमान में एक ही गार्ड कार्यरत है। विदित हो कि पूर्व सीएम की व्यवस्था में किसी प्रकार कि कोई कमी ना हो। इसके लिए ऊपर वाले फ्लोर में तीन सुइट रूम तैयार किये जा रहे हैं। इसका निर्माण कार्य अगले कुछ दिनों में पूरा हो जाएगा। सुइट रूम पूरी तरह से वेल फर्निस्ड होगा। जिसमें पर्दे, तोशक, टीवी, एसी यहां तक की दीवारों और फर्श पर लगने वाले मार्बल व टाइल्स भी काफी खास होंगे। इसमें कुल कितना खर्च आएगा यह स्पष्ट नहीं है। लेकिन इसमें उपयोग होने वाले सभी सामग्री ब्रांडेड होंगे और इसके निर्माण के बाद यह काफी लग्जिरियस होगा। हरे-भरे पेड़-पौधों से घिरा आईएएस क्लब लगभग चार एकड़ में फैला है। यह एक आलीशान बंग्ला के रूप में तैयार किया हुआ है। इसके मुख्य दरवाजे के पास एक बड़ा हॉल है। जिसकी क्षमता 300 लोगों तक की है। इसके ऊपर कुल 10 कमरे हैं, जिसमें से तीन कमरे का उपयोग सुइट के लिए किया जाएगा। वहां एक खेल का मैदान है। जिसमें क्रिकेट का पिच तथा लॉन टेनिस का कोर्ट बना हुआ है। क्लब के उत्तर-पूर्व में एक विशाल फूलों का बगान है। जिसमें सभी मौसम के अनुसार उगने वाले फूलों के पौधे लगे हैं। इसके साथ ही एक बड़ा सा तालाब है, जिसका पानी काफी साफ है। इसमें कमल के फूल खिलते हैं। वहीं कैम्पस के अंदर स्टाफ क्वार्टर भी मौजूद हैं।



### पूर्व सीएम लालू प्रसाद के लिये भी तैयार हुआ था कैंप जेल

विदित हो कि एकीकृत बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव भी जब गिरफ्तार हुये थे तो उनके लिये भी कांके क्षेत्र में कैंप जेल का निर्माण किया गया था। हेमंत सोरेन एक तरह से सीएम रहते ही गिरफ्तार हुये हैं। ईडी की निगरानी में ही उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दिया है। ऐसे में उनकी सुरक्षा को देखते हुये राज्य के महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कोर्ट से मांग की है कि उन्हें अन्य कैदियों से अलग रखा जाये।

### एक्स पर पूर्व सीएम बाबूलाल ने किया तंज

पूर्व मुख्यमंत्री व भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने पूर्व सीएम हेमंत के लिये सुइट तैयार करने पर व्यंग्य करते हुये एक्स पर पोस्ट किया है। उन्होंने लिखा है कि इससे अच्छा होता कि उन्हें सीएम आवास में ही रखा जाता।

## झामुमो में हिम्मत है तो हेमंत के दिल्ली से रांची भागकर आने का श्वेतपत्र जारी करे : अरुण उरांव



**रांची।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व आईपीएस अधिकारी अरुण उरांव ने शनिवार को झामुमो प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने कर्मों से जेल गए हैं। झामुमो को हिम्मत है तो बताए कि मुख्यमंत्री दिल्ली आवास से फरार क्यों हुए। चार्टर्ड प्लेन से गए थे और भगोड़े की तरह भागते-भागते रांची क्यों पहुंचे? झामुमो को बताना चाहिए कि दिल्ली से रांची भागकर आने के दौरान तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का रूट चार्ट क्या था। कौन-कौन सुरक्षा अधिकारी उनके साथ थे। झामुमो बताए कि आखिर 48 घंटे तक हेमंत सोरेन ने राज्य को किसके भरोसे छोड़ा था। आखिर कौन सी मजबूरी थी कि राज्य की जनता को मुख्यमंत्री के गायब होने की खबर पर स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि झामुमो अपनी नाकामियों और विफलताओं पर श्वेत पत्र जारी करे। झारखंड में जल, जंगल जमीन की लूट पर श्वेत पत्र जारी करे। महिलाओं के साथ हुए छह हजार से अधिक दुष्कर्म की घटनाओं पर श्वेत पत्र जारी करे। उरांव ने कहा कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सोरेन को कई बार पत्र लिखकर सचेत भी किया। दोषियों पर कार्रवाई की सलाह दी लेकिन सत्ता के अहंकार में कोई ध्यान नहीं दिया। उन्होंने कहा कि ईडी की कार्रवाई विधि सम्मत कार्रवाई है।

# झारखंड में पांच फरवरी से बारिश की संभावना

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य में फिलहाल ठंड से राहत की उम्मीद नहीं है। पांच फरवरी से बारिश की संभावना है। सुबह-शाम होने वाले कोहरे से भी अभी राहत नहीं मिलने वाली है। रांची में शनिवार को सुबह से मौसम साफ रहा। धूप भी खिली रही लेकिन हवा की रफ्तार ठंड महसूस करा रही थी। इस संबंध में रांची मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि आने वाले समय में एक बार फिर से मौसम बदलाव होगा। पांच से सात फरवरी के बीच राज्य में बारिश होगी। इस दौरान राज्य में पश्चिमी विक्षोभ का असर देखा जायेगा, जिससे राज्य के दक्षिणी, मध्य और उत्तर पूर्वी भागों में बारिश की संभावना है। बारिश के साथ उत्तरी हिस्से में गर्जन की भी संभावना है। इसमें देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, पाकुड़, गोड्डा जिले में बारिश की संभावना है जबकि छह फरवरी को राज्य के दक्षिणी और मध्य भागों में बारिश की संभावना है। इसमें सरायकेला खरसावां, सिमडेगा, जमशेदपुर, चाईबासा, रांची, बोकारो, धनबाद, रामगढ़, खूंटी जिले में बारिश की संभावना है। सात फरवरी को राज्य में आंशिक बादल छाए रह सकते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### खुद को परिपक्व करने के लिए यात्रा पर निकले हैं राहुल गांधी : रवींद्र राय



**खूंटी।** पूर्व सांसद और भाजपा के खूंटी लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी रवींद्र राय ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का कहीं कोई असर नहीं पड़ेगा। राहुल गांधी खुद को परिपक्व करने के लिए यात्रा पर निकले हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी राजनीतिक नाटक के लिए यात्रा कर रहे हैं। रविंद्र राय शनिवार को तोरपा के विधायक कोचे मुंडा के पैतृक गांव में आयोजित वरिष्ठ भाजपा नेताओं की बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। बैठक में केंद्रीय मंत्री और सांसद अर्जुन मुंडा, लोकसभा संयोजक और विधायक कोचे मुंडा, सह संयोजक ओम प्रकाश साहू, भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता, सुबोध सिंह गुड्डू, अरूण चंद्र गुप्ता, परमेश्वर प्रसाद, जिला उपाध्यक्ष संजय साहू आदि मौजूद थे। बैठक में लोकसभा चुनाव के संबंध में विस्तार से चर्चा की। बैठक के संबंध में रविंद्र राय ने कहा कि हर व्यक्ति अपने मताधिकार का उपयोग करे, इसकें लिए रणनीति बनाई जा रही है। हमने बूथ को शक्ति केंद्र का दर्जा दिया गया है। उन्होंने कहा कि चुनाव को लेकर हर लोकसभा में फिलहाल प्रभारी, संयोजक और सह संयोजक की नियुक्ति पार्टी ने की है। उन्होंने कहा कि चुनाव को लेकर 37 विभाग बनाये गये हैं। एक सप्ताह के अंदर पार्टी का चुनाव कार्यालय भी खोल लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस बार हर लोकसभा में चुनावी घोषणा पत्र बनाया जायेगा। साथ ही दूसरे दल के लोग इस क्षेत्र के विकास में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं, उनका आरोप पत्र भी बनाया जाएगा। लोकसभा प्रभारी ने कहा कि घाषणा पत्र में उस क्षेत्र में किये जानेवाले कार्यों का वर्णन रहेगा। उन्होंने कहा कि पूरे देश के राजनीतिक मानचित्र में खंटी की एक अलग स्थान रखता है।

### झारखंड में राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को राजद का पूर्ण समर्थन

**रांची।** राजद के झारखंड प्रभारी जयप्रकाश नारायण यादव ने पार्टी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के निदेर्शानुसार राजद के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं को निर्देश दिया है कि राहुल की पदयात्रा में शामिल हों। राजद की प्रदेश उपाध्यक्ष अनीता यादव ने शनिवार को कहा कि पार्टी नेताओं का निर्देश है कि राहुल को पूर्ण समर्थन दें। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार जिन राज्यों में पिछड़े, दलित और आदिवासी की सरकार है उसको अस्थिर करने पर लगी हुई है। झारखंड की महागठबंधन की सरकार को गिराने का षड्यंत्र कर रही भाजपा को मुंह की खानी पड़ी।

### गोलीबारी-बमबाजी से दहला धनबाद



#### ग्रामीणों पर आउटसोर्सिंग कंपनी के कर्मियों का हमला, कई घायल

**धनबाद।** झारखंड के धनबाद में शनिवार को आउटसोर्सिंग कंपनी के कर्मियों ने ग्रामीणों पर हमला कर दिया। इस दौरान गोलीबारी व बमबाजी कर तीन बाइक जला दी गयी। मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा ग्रामीणों पर लाठीचार्ज किया गया। बताया जा रहा है कि महिलाओं के साथ पुलिस ने दुर्व्यवहार किया। ये घटना अलकडीहा ओपी की है। सुरंगा बस्ती के समीप ओबी डंप करने के विरोध में आउटसोर्सिंग कंपनी के कर्मियों द्वारा ग्रामीणों पर हमला किया गया। लाठीचार्ज में आधा दर्जन ग्रामीण घायल हो गए हैं। घटना सुरुंगा साउथ तिसरा वर्कशॉप के समीप जीनागढ़ा देवप्रभा आउटसोर्सिंग में ग्रामीण व देवप्रभा के गुर्गों में झड़प हो गयी।

### भाजपा ने सभी सात मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष के नाम की घोषणा की

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने पार्टी के सभी सात मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष के नाम पर सहमति दे दी है। इस संबंध में शनिवार को प्रदेश महामंत्री व सांसद आदित्य साहू के हस्ताक्षर से सूची जारी की गई है। इसमें एससी मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष विधायक किशुन दास को बनाया गया है। पूर्व विधायक शिवशंकर उरांव को फिर से एसटी मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। आरती सिंह को महिला मोर्चा, अल्पसंख्यक मोर्चा का अनवर हयात, ओबीसी मोर्चा का अमरदीप यादव, युवा मोर्चा का शशांक राज तथा किसान मोर्चा का पवन साहू को बनाया गया है।

### पंकज मिश्रा से जुड़े मामले में गवाही दर्ज

**रांची।** अवैध खनन से प्राप्त 1000 करोड़ रुपए से अधिक कमाई की मनी लाउंड्रिंग करने के आरोपी पंकज मिश्रा से जुड़े मामले में ईडी की ओर से गवाह प्रस्तुत किया गया। सुनवाई के दौरान मामले में जेल में बंद आरोपियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश किया गया। अदालत ने आरोपियों की न्यायिक हिरासत की अवधि 13 फरवरी तक के लिए बढ़ा दी है। मामले में अगली गवाही भी 13 फरवरी को ही दर्ज की जाएगी।

### दुष्कर्म के आरोपी जवान को जेल

**खूंटी।** सीआरपीएफ, कुरूंगा कैंप के हेड कांस्टेबल मो अकबर को जेल भेज दिया गया। आरोपी के खिलाफ लकवाग्रस्त ने दुष्कर्म का प्रयास करने और जान से मारने की कोशिश करने का आरोप लगाया था। घटना एक फरवरी की थी और महिला ने इसकी लिखित शिकायत दो फरवरी को अड़की थाना में की थी।

## केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने पूर्वी क्षेत्र कृषि मेले का किया शुभारंभ

# केंद्र सरकार की कोशिश किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की : मुंडा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण व जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा ने शनिवार को खूंटी में पूर्वी क्षेत्र कृषि मेले का शुभारंभ किया। इस मौके पर मुंडा ने कहा कि यह मेला देश के पूर्वी क्षेत्र के किसानों के लिए काफी लाभदायक होगा, जिसकी सार्थकता खेतों में नजर आएगी। केंद्र सरकार की कोशिश है कि हर राज्य खेती में आत्मनिर्भर बने और हमारे किसानों की आय बढ़े। किसानों को गर्व से यह कहने का मौका मिले कि हम किसी के मोहताज नहीं हैं, बल्कि हम मजबूत हैं और हमारे माध्यम से हमारा देश भी सशक्त है।

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अंतर्गत राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान, रांची के तत्वावधान में कृषि विज्ञान केंद्र, तोरपा, खूंटी में आयोजित इस मेले में पूर्वी राज्यों के हजारों किसान शामिल हुए हैं। यहां केंद्रीय मंत्री मुंडा ने कहा कि पूर्वी क्षेत्र में किसानों को परंपरागत खेती के साथ तकनीक से कैसे जोड़ा जाए, उनकी आय बढ़ाते हुए उन्हें आत्मनिर्भर कैसे बनाएं, कृषि संबंधी विभिन्न मुद्दों का समाधान कैसे हो, इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए इस वृहद मेले का आयोजन किया गया है। अर्जुन मुंडा ने कहा कि आज हम इस अवस्था में हैं कि अपनी खाद्यान्न जरूरतों को पूरा कर सकें, लेकिन हमें भविष्य के लिए भी तैयारी करनी है, क्योंकि भूमि सीमित है व आबादी लगातार बढ़ रही है। ऐसे में उत्पादन के साथ-साथ उत्पादकता बढ़ाने पर भी ध्यान दिया जा रहा है। गुणवत्ता व पोषणयुक्त उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रबंधन व गवर्नेंस के माध्यम से कोशिश की जा रही है। विज्ञान व तकनीकी को जोड़ते हुए परंपरागत और पोषक तत्वों की उपलब्धता वाली खेती को बढ़ाकर किसानों के जीवन में खुशहाली व आत्मनिर्भरता की दिशा में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय लगातार कार्य कर रहा है। कार्यक्रम में लोक सभा के पूर्व उपाध्यक्ष पद्म भूषण करिया मुंडा, विधायक कोचे मुंडा, पूर्व सांसद डॉ. रवींद्र राय, आईसीएआर के महानिदेशक डॉ. हिमांशु पाठक आदि मौजूद थे। 5 फरवरी को समापन सत्र में झारखंड के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन मुख्य अतिथि होंगे। मेले में लगभग डेढ़ सौ स्टाल लगाए गए हैं। मेले में सैकड़ों किसानों को लगभग 40 लाख के कृषि उपकरण व अन्य सामग्री का वितरण किया जा रहा है। निदेशक डॉ. अभिजीत कर ने स्वागत भाषण दिया।

### किसानों के लिए लाभदायक होगा किसान मेला इसकी सार्थकता खेतों में नजर आएगी : कृषि मंत्री




## इंडिया गठबंधन की बैठक

# राहुल के न्याय यात्रा को ऐतिहासिक बनाने का निर्णय



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आईएनडीआईए गठबंधन की बैठक भाकपा राज्य कार्यालय में शनिवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता झामुमो के जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम ने की। बैठक में मुख्य रूप से पांच फरवरी को रांची के शहीद मैदान में राहुल गांधी की न्याय यात्रा में आयोजित जनसभा को ऐतिहासिक बनाने का निर्णय लिया गया। सभी दल के लोगों ने एक स्वर में कहा कि रांची के शहीद मैदान में जनसैलाब उमड़ेगा। सभी दल इस न्याय यात्रा में अपनी पूरी ताकत के साथ मैदान में उतरेंगे। इस दौरान राज्य के अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई। मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि एचईसी को बचाने के सवाल को प्राथमिकता से इस जनसभा में राहुल गांधी से उठाने की मांग करेंगे। इस मुद्दे को आईएनडीआई गठबंधन जन आंदोलन का रूप दिया जायेगा। पूर्व सांसद भुनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि यह न्याय यात्रा मोदी सरकार की जन विरोधी नीतियों के कारण पूरे देश में जागरुकता के लिए की जा रही है। यात्रा का उद्देश्य इस देश में मंहगाई, बेरोजगारी, किसानों और मजदूरों को जागरूक कर आनेवाले चुनाव में केंद्र सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए गोलबंदी करने के लिए है। यात्रा के दौरान एचईसी को बचाने के लिए गठबंधन के लोग राहुल गांधी को मेमोरेंडम सौंपेंगे। बैठक में कांग्रेस झामुमो, राजद, सीपीआई, सीपीएम, माले, मासस, आप टीएमसी के प्रतिनिधि शामिल थे।

## पृष्ठ एक के शेष

**भारत रत्न मिलना मेरे आदर्शों और सिद्धांतों का...**

करने का सम्मान मिला, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी। मैं अपनी पार्टी के लाखों कार्यकर्ताओं, स्वयंसेवकों और अन्य लोगों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करता हूं, जिनके साथ मुझे सार्वजनिक जीवन में अपनी पूरी यात्रा के दौरान काम करने का सौभाग्य मिला। मैं अपने परिवार के सभी सदस्यों, विशेषकर अपनी प्रिय दिवंगत पत्नी कमला के प्रति भी अपनी गहरी भावनाएं व्यक्त करता हूं। वे मेरे जीवन में शक्ति और स्थिरता का सबसे बड़ा स्रोत रहे हैं। आडवाणी ने भारत रत्न घोषित किए जाने पर राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को हार्दिक धन्यवाद देते हुए अपने बयान में यह भी कहा, मुझे यह सम्मान प्रदान करने के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को मेरा हार्दिक धन्यवाद। हमारा महान देश महानता और गौरव के शिखर पर प्रगति करे।

**रिमांड अवधि में ईडी के कस्टडी में...**

में विश्वास मत के दौरान उपस्थित रहने की अनुमति दी जाये। अदालत ने दोनों पक्ष को सुनने के बाद हेमंत सोरेन को विधानसभा में विश्वास मत के दौरान उपस्थित रहने की अनुमति दे दी है। इससे पूर्व ईडी ने 31 जनवरी को देर रात जमीन घोटाले के आरोप में गिरफ्तार किया था। एक फरवरी को कोर्ट में पेश किया था। दो फरवरी को अदालत ने पांच दिन की पूछताछ के लिए ईडी को इजाजत दी है।

**अंकगणित सरकार के पक्ष में समीकरण के...**

राजधानी रांची में डेरा डाले हुये हैं। इस समय झारखंड विधानसभा में मनोनीत विधायक जोसेफ ग्लेन गालस्टिन को मिलाकर कुल सदस्य संख्या 80 है। गांडेय से झामुमो विधायक ने इस्तीफा दे दिया है। वहीं बरहेट से निर्वाचित पूर्व सीएम हेमंत सोरेन ईडी की गिरफ्त में हैं। ऐसे में बहुमत के लिये सरकार को महज 40 विधायकों की ही आवश्यकता है। जबकि मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने 43 विधायकों की हस्ताक्षरित सूची राजभवन को दी है। वहीं जेएमएम के लोबिन हेंब्रम, चमरा लिंडा, सीता सोरेन व रामदास सोरेन ने हस्ताक्षर नहीं किये हैं। अब जबकि लोबेन हेंब्रम ने चंपई सरकार को समर्थन देने की घोषणा कर दी है तथा सीता सोरेन तो बकायदा शपथ ग्रहण समारोह में भी मौजूद रहीं हैं। ऐसी स्थिति में सरकार को बहुमत पाना मुश्किल नजर नहीं आ रहा है। इसी बीच विधयक लोबिन हेम्ब्रम के झामुमो से इस्तीफे की घोषणा की खबर ने सत्तारुढ़ गठबंधन की चिंता बढ़ा दी।

**विपक्ष के पास 32 विधायकों का ही आंकड़ा :** विपक्ष के खेमे में इस समय भाजपा के 26, आजसू के तीन, निर्दलीय दो व एनसीपी के एक विधायक ही दिख रहे हैं। यही कारण है कि आंकड़ों को प्रतिकूल देख विपक्ष समीकरण बिगड़ने के इंतजार में है।कब कौन करवट लेगी राजनीति निश्चित नहीं राजनीति कब कौन करवट लेगी यह निश्चित नहीं है। फ्लोर टेस्ट तक न तो सत्ता पक्ष शांत रहेगा और ना ही विपक्ष चैन से बैठेगा। वर्ष 2022 के कोलकाता कैश कांड को अभी लोग भूले नहीं है। साथ ही मंत्रीमंडल गठन को लेकर जेएमएम के साथ कांग्रेस में भी गहरे असंतोष की खबरें हैं। ऐसे में जब तक सदन में सरकार पास न हो जाये।

**विरोध के बीच राहुल ने पहुंचे...**

बजे से आम भक्तों की इंट्री पर रोक लगा दी गई थी। मंदिर में पंडा पुरोहितों ने अपने-अपने तय मंदिर में बैठकर राहुल गांधी का अभिवादन किया। उनके मंदिर से लौटने के बाद फिर आम भक्तों की इंट्री प्रारंभ कर दी गई। इसके पूर्व मंदिर में प्रवेश के समय राहुल गांधी को थोड़ी परेशानी झेलनी पड़ी। मंदिर परिसर में प्रवेश करते ही राहुल गांधी के चारों ओर भीड़ इकट्ठा हो गई। इस दौरान भीड़ मोदी-मोदी के नारे लगा रही थी। मंदिर के निकास द्वार के पास भी सैकड़ों लोग जमे थे जो नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, राहुल गांधी मुदार्बाद के साथ जय श्रीराम के नारे लगा रहे थे। इधर राहुल गांधी के आगमन पर उनके स्वागत में बाबा मंदिर वीआईपी गेट से लेकर मंदिर प्रशासनिक भवन एवं मंदिर को फूलों से सजाया गया। बाबा मंदिर प्रभारी सह एसडीएम दीपांकर चौधरी ने बताया कि इस दौरान राहुल गांधी की सुरक्षा का पूरा ख्याल रखा गया था।

**भाजपा ने सरकार चोरी करने की कोशिश की लेकिन कांग्रेस ने इसे बचाया :** बाबा मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद राहुल गांधी टावर चौक देवघर से वीर कुंवर सिंह चौक तक रोड शो करते हुए पहुंचे। इस दौरान राहुल ने कहा कि झारखंड की जनता ने यहां कांग्रेस गठबंधन की सरकार चुनी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ईडी, सीबीआई और आईटी से कहा है, जो भी हमारा विरोध कर रहा है उसके पीछे पड़ जाइए। भाजपा ने यहां आपकी सरकार चोरी करने की कोशिश की लेकिन कांग्रेस ने आपके मतदान की रक्षा की और आपकी सरकार बचाई। पूरे देश में कांग्रेस पार्टी और आईएनडीआईए भाजपा की विचारधारा के खिलाफ लड़ रहा है। क्योंकि, हम किसी से डरते नहीं हैं। आगे कहा, पूरे हिंदुस्तान का एक्स-रे होना चाहिए। जातिगत जनगणना हो ताकि पता चले किसकी कितनी भागीदारी है।

**झारखंड में किन-किन जिलों से गुजरेगी यात्रा :** झारखंड में इस यात्रा को दो चरणों में पूरा किया जाना है। पहले चरण में 11 जिलों से होकर यह यात्रा निकलेगी। दूसरे चरण में दो जिलों में यह यात्रा पहुंचेगी। पहले चरण में जिन जिलों से यह यात्रा निकल रही है उसमें दुमका, जामताड़ा, गिरिडीह, धनबाद, बोकारो, रामगढ़, रांची, खूंटी, सरायकेला, जमशेदपुर, चाईबासा, पलामू और गढ़वा है। जबकि दूसरे चरण में पलामू और गढ़वा यह यात्रा पहुंचेगी।

# भारत की राजनीति में शुचिता के प्रतीक हैं लालकृष्ण आडवाणी : बाबूलाल मरांडी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा के वरिष्ठ नेता और देश के पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न देने की घोषणा का भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने स्वागत किया। उन्होंने खुशी जताई और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया। मरांडी ने शनिवार को बयान जारी कर कहा कि भारतीय राजनीति में आडवाणी जी शुचिता का प्रतीक हैं। उन्होंने न तो परिवार के लिए राजनीति की और न ही पैसे के लिए। उन्होंने अपना पूरा जीवन राष्ट्र को समर्पित कर दिया। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि जब उन पर भ्रष्टाचार का आरोप लगा तो उन्होंने लोकसभा से इस्तीफा दे दिया और घोषणा की कि जब तक वह बरी नहीं हो जाते तब तक वह सदन में प्रवेश नहीं करेंगे। जांच के बाद उन्हें बरी कर दिया गया और तभी उन्होंने संसद का चुनाव लड़ा। ऐसे आदर्श को भारत रत्न से सम्मानित करना अपने आप में गौरव की बात है। वह वास्तव में इसके हकदार हैं। बाबूलाल मरांडी ने लालकृष्ण आडवाणी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बधाई देते हुए कहा कि इस फैसले से हम सभी खुश हैं। लालकृष्ण आडवाणी को इससे पहले 2015 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था। आठ नवंबर 1927 को कराची में पैदा हुए लाल कृष्ण आडवाणी भाजपा के संस्थापक सदस्यों में से एक हैं। 2002 से 2004 के बीच वह अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में उप प्रधानमंत्री रहे। इससे पहले वह 1998 से 2004 के बीच एनडीए सरकार में गृह मंत्री थे। लाल कृष्ण आडवाणी से पहले अटल बिहारी वाजपेयी को भारत रत्न दिया गया था।

# आम लोगों के लिए छह से खुलेगा राजभवन उद्यान

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजभवन उद्यान आम लोगों के लिए छह फरवरी से खोला जा रहा है। उद्यान 12 फरवरी तक सुबह 10 बजे से अपराह्न तीन बजे तक खुला रहेगा। कोई भी व्यक्ति सुबह 10 बजे राजभवन के गेट नंबर-दो से अपना रजिस्ट्रेशन और सुरक्षा जांच कराकर दिन के एक बजे तक ही अंदर प्रवेश कर सकेंगे। प्रवेश पूरी तरह निःशुल्क होगा। राजभवन ने लोगों की भीड़ की संभावना को देखते हुए दर्शक को अंदर अधिकतम 30 मिनट तक ही भ्रमण करने की अनुमति दी है। प्रवेश करने के लिए हर व्यक्ति को अपने पास पहचान पत्र रखना अनिवार्य होगा। इस उद्यान में 400 किस्म के 17 हजार से अधिक गुलाब हैं। विदेशों से मंगाये गये फूल सहित भारत-पाकिस्तान युद्ध में उपयोग में लाये गये टैंक, बड़ा चरखा, शहीद स्थल आदि आकर्षण का केंद्र हैं।

**52 एकड़ में फैला है राजभवन :** झारखंड राजभवन लगभग 52 एकड़ में फैला हुआ है। इसका निर्माण 1930 में हुआ था। आम लोगों के लिए सबसे पहले उद्यान वर्ष 2004 में खोला गया था। उस समय सैयद सिब्ते रजी गवर्नर थे। इस उद्यान में 400 किस्म के 17 हजार से अधिक गुलाब हैं। परिसर में कृत्रिम ऑक्टोपस, पहाड़-झरने और दीवारों पर बने सोहराय पेंटिंग्स आकर्षण के केंद्र हैं। बच्चों के खेलने के लिए चिल्ड्रेन पार्क भी है। परिसर में मौसमी फूलों की भरमार है। पीला बांस सहित रुद्राक्ष, कल्पतरू आदि के पेड़, आर्किड गार्डेन, स्ट्रॉबेरी, संतरा, मौसम्मी, सेव, चीकू, काजू, जामुन, कपूर, तेजपत्ता, लेमन ग्रास, गुलमर्ग, चंदन, लौंग, कबाबचीनी, दालचीनी, इलाइची आदि के पेड़ हैं।



KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
" Smiles & More"
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिबल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## एक नजर

### अभिनेता साधु मेहर के निधन पर प्रधानमंत्री ने जताया दुख



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने अभिनेता, निर्देशक और पद्मश्री से अलंकृत साधु मेहर के निधन पर दुख जताया। साधु मेहर का शुक्रवार को मुंबई में 84 वर्ष की आयु में निधन हो गया था। प्रधानमंत्री ने शनिवार को एक्स पोस्ट में लिखा, साधु मेहर का निधन फि ल्म जगत और हमारी सांस्कृतिक विरासत के लिए एक गहरी क्षति है। हिंदी और ओडिया सिनेमा दोनों में एक दिग्गज, उनका सिनेमाई प्रदर्शन और समर्पण अनुकरणीय था। इस अपूरणीय क्षति पर शोक व्यक्त करने वाले उनके परिवार, सहकर्मियों और कई प्रशंसकों के साथ मेरी संवेदनाएं हैं। उनकी याद में हम उनके द्वारा छोड़ी गई समृद्ध कलात्मक विरासत को संजोते हैं।

### सीबीआई ने कोलकाता व 24 उत्तरी परगना जिले में 8 स्थानों पर ली तलाशी

**नई दिल्ली।** जाली अधिवास प्रमाणपत्र रैकेट मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने शनिवार को कोलकाता और 24 उत्तरी परगना जिले में 8 स्थानों पर तलाशी ली। सीबीआई की यह कार्रवाई जाली अधिवास प्रमाण पत्र जारी करने वाले सक्रिय गिरोह के खिलाफ है।

### एनआईए ने गोला-बारूद तस्करी मामले में मुख्य आरोपी को किया गिरफ्तार




**नई दिल्ली।** एनआईए ने हथियारों, गोला-बारूद और विस्फोटकों की सीमा पार तस्करी के नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। इसके साथ ही मामले में एनआईए ने एक मुख्य आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान मिजोरम के ममित इलाके के रहने वाले लालनगाइहौमा के रूप में हुई है। एनआईए के मुताबिक भारत के कुछ उत्तर पूर्वी राज्यों में बड़े पैमाने पर अवैध हथियार और गोला-बारूद आपूर्ति नेटवर्क के संचालन के बारे में इनपुट के बाद मुख्य आरोपित लालनगाइहौमा आइजोल मिजोरम से पकड़ा गया। आरोपित की गिरफ्तारी गुरुवार को हुई थी। एनआईए ने अपने बयान में कहा है कि यह मुख्य आरोपित अन्य लोगों के साथ न केवल उत्तर-पूर्वी राज्यों में बल्कि सीमा पार भी हथियारों, गोला-बारूद और विस्फोटक सामग्री की तस्करी में लगा हुआ था। वह अंतरराष्ट्रीय सीमा पार स्थित विद्रोही समूहों सहित विभिन्न गुर्गों के साथ मिलकर काम कर रहा था।

# पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न देने की घोषणा पर बधाईयों का तांता

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भाजपा के कद्दावर नेता और पूर्व उप प्रधानमंत्री लाल कृष्ण आडवाणी को भारत रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर करते हुए इस बात की जानकारी दी और उन्हें फोन पर बधाई दी। इस घोषणा के बाद से ही कई नेताओं और मंत्रियों की प्रतिक्रिया सामने आ रही है। इसी बीच, महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा, एनसीपी प्रमुख शरद पवार और बीआरएस एमएलसी के कविता ने भी प्रतिक्रिया दी है। विपक्ष के कुछ नेताओं की प्रतिक्रिया अब तक सामने आई है।

### आडवाणी को भारत रत्न दिए जाने पर अमित शाह ने जताई खुशी

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न दिए जाने पर खुशी जताई है। शाह ने शनिवार को एक्स पर लिखा, 'हमारे वरिष्ठ नेता और देश के पूर्व उप-प्रधानमंत्री आदरणीय लालकृष्ण आडवाणी को 'भारत रत्न' दिए जाने की घोषणा से अत्यंत प्रसन्नता है। आडवाणी आजीवन निःस्वार्थ भाव से देश और देशवासियों की सेवा में समर्पित रहे हैं।' शाह ने कहा कि देश के उप-प्रधानमंत्री जैसे विभिन्न संवैधानिक दायित्वों पर रहते हुए उन्होंने अपने दृढ़ नेतृत्व से देश की सुरक्षा, एकता और अखंडता के लिए अभूतपूर्व कार्य किए। आडवाणी को भारतीय राजनीति में प्रामाणिकता के मानक तय करने वाले राजनेता के रूप में जाना जाता है।



### आडवाणी के योगदान ने भारत के विकास पथ पर अमिट छाप छोड़ी



भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न देने की घोषणा का केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि आडवाणी को राष्ट्र की दशकों लंबी सेवा के लिए प्रतिष्ठित भारत रत्न से सम्मानित होने पर हार्दिक शुभकामनाएं। अनुराग ठाकुर ने एक्स पोस्ट में कहा कि एक कट्टर राजनेता, उनके योगदान ने भारत के विकास पथ पर एक अमिट छाप छोड़ी है। राजनीति और सांस्कृतिक एकता के क्षेत्र में एक स्थायी विरासत छोड़ी है।

### कांग्रेस ने भाजपा पर कसा तंज

कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा, निश्चित रूप से भारत रत्न पुरस्कार मिलने पर आडवाणी को बधाई देनी चाहिए। मैं भी बधाई देता हूं। कायदे से तो वे अपनी पार्टी की अपनी सरकार में सर्वोच्च पद के योग्य थे पर पीएम ने उन्हें कम से कम भारत रत्न दिया इसके लिए आडवाणी को बधाई। वहीं, महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा ने पीएम मोदी पर तंज कसते हुए कहा कि उन्होंने तो सुना था कि मोहन भागवत को भारत रत्न दे रहे हैं। उन्होंने आडवाणी को बधाई देते हुए कहा कि मोहन भागवत को भी भारत रत्न दिया जाएगा।

### आडवाणी को बहुत-बहुत बधाई : के कविता

बीजेपी के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न दिए जाने की घोषणा पर बीआरएस एमएलसी के कविता ने कहा, भारत रत्न दिए जाने पर लाल कृष्ण आडवाणी को बहुत-बहुत बधाई। यह अच्छा है कि राम मंदिर भी बन गया और लाल कृष्ण आडवाणी को भारत रत्न से सम्मानित किया गया है। बीजेपी का एजेंडा पूरा होता दिख रहा है।

### अखिलेश ने दी प्रतिक्रिया

बीजेपी के वरिष्ठ नेता लाल कृष्ण आडवाणी को भारत रत्न देने की घोषणा पर समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा, यह भारत रत्न सम्मान वे (भाजपा) अपने वोट बचाने के लिए दे रहे हैं।

### शिवसेना नेता ने की मांग

शिवसेना (यूबीटी) नेता आनंद दुबे ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा, हमें अभी पता चला कि लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न से सम्मानित किया जा रहा है।

### कांग्रेस नेता उदित राज ने कहा

एलके आडवाणी को सरकारी सम्मान दिया है, लेकिन दस सालों में वास्तविक सम्मान नहीं दिया गया। पीएम मोदी उन्हें मंचों पर नजरअंदाज करते रहे। उन्हें राष्ट्रपति नहीं बनाया।

### शरद पवार ने दी बधाई

शरद पवार ने कहा, भारत के पूर्व उप प्रधानमंत्री और वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित होने पर बेहद खुश हैं। देश के विकास में उनका बहुमूल्य योगदान है, हार्दिक बधाई..!

# प्रधानमंत्री ने ओडिशा को दी 70 हजार करोड़ की परियोजनाओं की सौगात

## आडवाणी को भारत रत्न पर मोदी ने कहा- राष्ट्र सेवा में जीवन खपाने वालों को राष्ट्र कभी भुलाता नहीं

**एजेंसी। संबलपुर/नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को ओडिशा के संबलपुर में एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान करीब 70,000 करोड़ रुपये की कई बुनियादी ढांचागत परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर कहा कि केंद्र हर क्षेत्र में ओडिशा का समर्थन कर रहा है। आज जिन विकास कार्यों का उद्घाटन और आधारशिला रखी गई है वे ओडिशा की प्रगति को महत्वपूर्ण बढ़ावा देंगे। ये परियोजनाएं ओडिशा में सुविधाओं के साथ-साथ यहां के नौजवानों के लिए हजारों नए रोजगार के अवसर लाने वाली हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न दिए जाने की घोषणा को लेकर प्रधानमंत्री ने कहा कि आज देश ने अपने एक महान सपूत पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को 'भारत रत्न' देने का निर्णय लिया है। आडवाणी का ये सम्मान इस बात का प्रतीक है कि राष्ट्र की सेवा में अपना जीवन खपाने वालों को राष्ट्र कभी भुलाता नहीं है। उन्होंने कहा कि वह सौभाग्यशाली हैं कि उन्हें आडवाणी का स्नेह और मार्गदर्शन निरंतर मिलता रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में केंद्र सरकार द्वारा बनाई गई योजनाओं से ओडिशा को काफी फायदा हुआ है। केंद्र सरकार के मदद और प्रयासों से ओडिशा पेट्रोलियम और पेट्रो-रसायन के क्षेत्र में विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने कहा कि ओडिशा के रेलवे सेक्टर को पहले की तुलना में 12 गुना ज्यादा बजट दिया गया है। पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत ग्रामीण ओडिशा में लगभग 50,000 किलोमीटर सड़कों का निर्माण किया गया है।गौरतलब है कि पिछले 10 वर्षों में पेट्रो-रसायन के क्षेत्र में 1.25 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया गया है।




### 21वीं सदी की चुनौतियों से 20वीं सदी के दृष्टिकोण से नहीं लड़ा जा सकता, पुनर्विचार की जरूरत

पीएम मोदी ने आह्वान किया है कि 21वीं सदी की चुनौतियों से 20वीं सदी के दृष्टिकोण से नहीं लड़ा जा सकता। इस पर पुनर्विचार, पुनर्कल्पना और सुधार की जरूरत है। उन्होंने अपना नजरिया आज (शनिवार) यहां राष्ट्रमंडल कानूनी शिक्षा संघ (सीएलईए) - राष्ट्रमंडल अटॉर्नी और सॉलिसिटर जनरल कॉन्फ्रेंस (सीएएसजीसी)- 2024 का उद्घाटन करते व्यक्त किया। प्रधानमंत्री मोदी ने इस दिशा में भारत के किए गए प्रयासों का उल्लेख भी किया।

### पीएम 6 को एनआईटी गोवा परिसर का उद्घाटन करेंगे

पीएम 6 फरवरी को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) गोवा के स्थायी परिसर का उद्घाटन करेंगे। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय के अनुसार इस मौके पर गोवा के राज्यपाल श्रीधरन पिल्लई, गोवा के मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत, केंद्रीय शिक्षा और कौशल विकास मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग और पर्यटन राज्य मंत्री श्रीपाद नाइक और दक्षिण गोवा से सांसद फ्रांसिस्को सरदिन्हा आदि गण्यमान्य लोग उपस्थित रहेंगे।

### राजस्थान के पूर्व सीएम अशोक गहलोत अस्पताल में भर्ती



**जयपुर।** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को सांस लेने में तकलीफ की शिकायत के बाद शनिवार को जयपुर के सवाई मानसिंह (एसएमएस) अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों के मुताबिक, अब उनकी हालत स्थिर है। उन्हें कोविड-19 और स्वाइन फ्लू से संक्रमित पाया गया है। अस्पताल के अतिरिक्त अधीक्षक डॉ. प्रदीप शर्मा ने बताया कि गहलोत को रात करीब 12 बजे भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने उसकी जांच की। अन्य वरिष्ठ डॉक्टरों की एक टीम उनकी देखभाल कर रही है। डॉक्टरों ने कहा कि देर रात जब गहलोत को अस्पताल लाया गया तो शुरूआती जांच में उनका ऑक्सीजन सेचुरेशन लेवल 85-90 के बीच था जो काफी कम है। उन्हें रात में भर्ती होने के लिए कहा गया। सुबह उनका बीपी, पल्स रेट और अन्य शारीरिक पैरामीटर सामान्य रहे। डॉक्टरों ने बताया कि उन्हें अभी ऑक्सीजन दी गई है। पिछले कुछ दिनों से गहलोत अस्वस्थ हैं।

# भारत में कैंसर के 14.1 लाख नए मामले, 9.1 लाख मौतें

**एजेंसी। नई दिल्ली**

डब्ल्यूएचओ के नवीनतम अनुमानों के अनुसार 2022 में, भारत में कैंसर के 14.1 लाख से अधिक नये मामले सामने आए और इस रोग के कारण 9.1 लाख से अधिक मौतें हुईं। कैंसर पर शोध के लिए अंतरराष्ट्रीय एजेंसी (आईएआरएसी) के अनुमानों के अनुसार, पुरुषों में होंठ, मुंह और फेफड़े का कैंसर सबसे आम था, जो नये मामलों का क्रमशः 15.6 प्रतिशत और 8.5 प्रतिशत है। वहीं, महिलाओं में स्तन कैंसर और सर्वाइकल कैंसर सबसे आम थे। नये मामलों में इनकी हिस्सेदारी क्रमशः 27 और 18 प्रतिशत थी। आईएआरसी, डब्ल्यूएचओ की कैंसर एजेंसी है। यह भी पाया गया कि कैंसर से पीड़ित होने की जानकारी मिलने के बाद पांच साल तक जीवित रहने वाले लोगों की संख्या भारत में करीब 32.6 लाख है। वैश्विक स्तर पर, एजेंसी ने कैंसर के दो करोड़ नये मामलों एवं 97 लाख मौतों तथा कैंसर का पता चलने के बाद पांच साल तक करीब 5.3 करोड़ लोगों के जवित रहने का अनुमान लगाया है। प्रत्येक पांच में से एक व्यक्ति कैंसर से पीड़ित होता है और प्रत्येक नौ पुरुष में से एक और 12 महिलाओं में से एक की इस रोग से मौत होती है। भारत में, 75 वर्ष की उम्र के होने से पहले कैंसर से पीड़ित होने का जोखिम 10.6 प्रतिशत है, जबकि इसी आयुवर्ग में कैंसर से मौत होने का खतरा 7.2 प्रतिशत है। वैश्विक स्तर पर, ये जोखिम क्रमशः 20 प्रतिशत और 9.6 प्रतिशत हैं। डब्ल्यूएचओ ने 115 देशों से सर्वे नतीजों को प्रकाशित करते हुए कहा कि अधिकांश देश सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज (यूएचसी) के हिस्से के रूप में कैंसर और इस रोग के कारण होने वाले दर्द से संबंधित देखभाल सेवाओं को पर्याप्त रूप से वित्तपोषित नहीं करते हैं।

### डब्ल्यूएचओ के रिपोर्ट में हुआ खुलासा




## करांची में चुनाव प्रचार के दौरान पोस्टर फाड़ने से भड़की हिंसा

# किशोर के सिर पर लगी गोली, मौत

**एजेंसी। कराची**

पाकिस्तान की आर्थिक राजधानी कराची के न्यू कराची सेक्टर 11-जे में शुक्रवार रात चुनाव प्रचार के दौरान पीपीपी और मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट-पाकिस्तान (एमक्यूएम-पी) कार्यकर्ताओं के बीच हुई झड़प में एक 12 वर्षीय लड़के की मौत हो गई। इस झड़प में दो अन्य व्यक्ति घायल हो गए। जिओ न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, एक सप्ताह के भीतर कराची की दो प्रमुख पार्टियों के बीच यह दूसरी घातक झड़प है। पाकिस्तान में आठ फरवरी को आम चुनाव होना है। पुलिस ने कहा कि मृतक की पहचान अब्दुल रहमान के रूप में हुई है। गोलियों और डंडों से घायल लोगों में 40 वर्षीय अशरफ और 16 वर्षीय शुमैल शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, इस झड़प के दौरान एक गोली अब्दुल रहमान के सिर को पार कर गई। अब्दुल ने मौके पर दम तोड़ दिया। पुलिस ने कहा कि एक राजनीतिक दल के पोस्टर फाड़ने के बाद यह झड़प हुई।



### पैरा एथलीट ने इंडिगो क्रू मेंबर्स पर लगाया दुर्व्यहार का आरोप

**चेन्नई।** भारतीय पैरा एथलीट सुवर्णा राज एक बार फिर चर्चाओं में है। सुवर्णा राज ने इंडिगो एयरलाइंस के क्रू मेंबर्स पर दुर्व्यवहार का आरोप लगाया है। उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा कि मैंने शुक्रवार को विमान में मौजूद चालक दल के सदस्यों से करीब 10 बार व्हीलचेयर की मांग की थी लेकिन उन्होंने इस मांग को स्वीकार नहीं किया। सुवर्ण राज का आरोप है कि नई दिल्ली से चेन्नई की फ्लाइट के दौरान इंडिगो एयरलाइंस के चालक दल के सदस्यों से मैंने गुजारिश की थी कि मुझे विमान के दरवाजे पर अपनी निजी व्हीलचेयर चाहिए।

# 21 लाख श्रमिकों के सौ दिन के काम के बकाए का भुगतान करेगी बंगाल की सरकार : ममता बनजी

**एजेंसी। कोलकाता**

कोलकाता के रेड रोड पर बंगाल के प्रति केंद्र सरकार के कथित उपेक्षापूर्ण रवैये के खिलाफ दो दिनों से धरने पर बैठीं राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को बड़ा ऐलान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार बंगाल के मजदूरों को 100 दिनों के काम के बकाए का भुगतान करेगी। 21 फरवरी को 21 लाख वंचित लोगों के खाते में पैसे आएंगे। ममता बनर्जी ने कहा कि जिन 21 लाख श्रमिकों का पैसा केंद्र सरकार ने नहीं दिया है, उनका पैसा 21 फरवरी को उनके बैंक खाते में चला जाएगा। राज्य सरकार यह धनराशि भेजेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि तीन साल से केंद्र ने मजदूरों को 100 दिनों का पैसा नहीं दिया है। बंगाल सरकार उस बकाए का भुगतान करेगी। उन्होंने कहा कि 11 लाख आवास को अभी तक मंजूरी नहीं दी गई है। आवास के विषय पर वह बाद में बात करेंगी।



सीएम ममता टीएमसी कार्यकर्ता योगेन्द्र यादव के साथ कोलकाता में शनिवार को विभिन्न सामाजिक कल्याण योजनाओं के लिए केंद्र से राज्य के 'बकाया' की मांग को लेकर धरने पर बैठीं।

### 2.29 लाख हजार करोड़ का नहीं दिया हिसाब

मुख्यमंत्री की इस घोषणा के साथ राजनीतिक चर्चा तेज हो गई है। भाजपा सांसद दिलीप घोष ने कहा कि कैग की रिपोर्ट के अनुसार केंद्र से अलग-अलग समय पर 2 लाख 29 हजार करोड़ रुपये आए लेकिन राज्य ने इसका कोई हिसाब नहीं दिया। आपातकालीन निधि का भी हिसाब नहीं है। अगर पैसे थे तो पहले ही दिए जा सकते थे।

# पहला सर्वेक्षण पोत 'संध्याक' नौसेना के बेड़े में शामिल

### समुद्र की गहराई में जाकर हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण के साथ नौवहन मार्गों का निर्धारण करेगा पोत

### नई पीढ़ी के हाइड्रोग्राफिक उपकरणों से समुद्र विज्ञान और भूभौतिकीय डेटा एकत्र करेगा जहाज

**एजेंसी। नई दिल्ली**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार की मौजूदगी में शनिवार को सर्वेक्षण पोत 'संध्याक' औपचारिक तौर पर नौसेना के बेड़े में शामिल कर लिया गया। नौसेना के बेड़े में इसे शामिल किया जाना हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की समुद्री ताकत बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इसका उपयोग हाइड्रोग्राफी सर्वेक्षण में किया जाएगा जैसे चीनी नौसेना भारत और अन्य के निकट महासागर में करती है।

### बढ़ेगी भारत की समुद्री ताकत



रक्षा मंत्रालय ने गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई) के साथ 30 अक्टूबर, 2018 को 2435 करोड़ रुपये की कुल लागत से चार सर्वेक्षण पोतों (लार्ज) का निर्माण करने के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर किये थे। इन पोतों को इंडियन रजिस्टर ऑफ शिपिंग क्लासिफिकेशन सोसायटी के नियमों के अनुसार डिजाइन और निर्मित किया गया है। इस पोत की प्राथमिक भूमिका बंदरगाह तक पहुंचने वाले मार्गों का सम्पूर्ण तटीय और डीप-वॉटर हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण करना और नौवहन मार्गों का निर्धारण करना होगी। इसके परिचालन क्षेत्र में ईईजेड, एक्सटेंडेड कॉन्टिनेंटल शेल्फ तक की समुद्री सीमाएं शामिल हैं। ये पोत रक्षा और नागरिक अनुप्रयोगों के लिए समुद्र विज्ञान और भूभौतिकीय डेटा भी एकत्र करेंगे।

इन पोतों की दूसरी भूमिका युद्ध या आपातकालीन स्थिति के दौरान अस्पताल के रूप में कार्य करने की होगी। लगभग 3400 टन के विस्थापन के साथ 110 मीटर लंबा और 16 मीटर चौड़ा 'संध्याक' अत्याधुनिक हाइड्रोग्राफिक उपकरणों जैसे डेटा अधिग्रहण और प्रसंस्करण प्रणाली, स्वायत्त अंडरवाटर वाहन, रिमोट चालित वाहन, डीजीपीएस लॉन्ग रेंज पोजिशनिंग सिस्टम, डिजिटल साइड स्कैन सोनार से लैस है। दो डीजल इंजनों से संचालित यह पोत 18 समुद्री मील से अधिक की गति से चलने में सक्षम है। ये जहाज मौजूदा संध्याक श्रेणी के सर्वेक्षण जहाजों की जगह लेंगे, जो समुद्र विज्ञान और भूभौतिकीय डेटा एकत्र करने के लिए नई पीढ़ी के हाइड्रोग्राफिक उपकरणों से लैस हैं।

इस प्रोजेक्ट का पहला सर्वेक्षण जहाज 'संध्याक' (यार्ड 3025) जीआरएसई ने बनाया है, जबकि शेष तीन जहाजों के निर्माण की परिकल्पना एलएंडटी शिपबिल्डिंग, कट्टुपल्ली में की गई है। इस पोत के निर्माण की प्रक्रिया 12 मार्च, 2019 को शुरू हुई और इस पोत को 05 दिसंबर, 2021 को लॉन्च किया गया। बंदरगाह और समुद्र में व्यापक परीक्षणों से गुजरने के बाद पिछले साल 04 दिसंबर को इसे भारतीय नौसेना को सौंपा गया था। संध्याक का निर्माण 80 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री के साथ किया गया है। इस परियोजना का संचालन भारतीय नौसेना के युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो ने किया है।

### भारतीय मूल के बैरिस्टर वरुण घोष ऑस्ट्रेलियाई सीनेट में नियुक्त



**मेलबर्न।** भारतीय मूल के बैरिस्टर वरुण घोष अगले सप्ताह ऑस्ट्रेलियाई सीनेट में अपना पद संभालेंगे और लेबर पार्टी ने आधिकारिक तौर पर उन्हें पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया (डब्ल्यूए) का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना है। गुरुवार को डब्ल्यूए संसद की संयुक्त बैठक में वर्तमान सीनेटर पैट्रिक डोडसन की जगह लेने के लिए फ्रांसिस बर्ट चेम्बर्स के बैरिस्टर 38 वर्षीय घोष को चुना गया। पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया की विधान सभा ने एक्स को घोषणा की, विधान सभा और विधान परिषद ने संघीय संसद की सीनेट में पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व करने के लिए सीनेटर वरुण घोष को चुना है।

## फिल्म जगत

### पूनम पांडे की मौत की खबर को टीवी स्टार्स ने बताया 'पब्लिसिटी स्टंट', कहा- 'शर्म करो'



मौत की खबर फैलाने के बाद कंट्रोवर्शियल एक्ट्रेस-मॉडल पूनम पांडे ने कहा कि वह जिंदा हैं और यह सब उन्होंने सर्वाइकल कैंसर के खिलाफ जागरूकता फैलाने के लिए किया था। जब उनके सोशल मीडिया अकाउंट के जरिए 32 साल की उम्र में सर्वाइकल कैंसर से पीड़ित होने पर बयान जारी किया गया, तो हर कोई हैरान रह गया। कंगना रनौत, जिनके शो 'लॉक अप' ने पूनम पांडे को रियलिटी टीवी स्टार का दर्जा दिया, उनकी 'मौत' पर 'शोक' जताने वाली पहली महिला थीं। एक्ट्रेस ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर लिखा, यह बहुत दुःखद है, एक यंग लड़की को कैंसर से खोना विभिषिका है। ओम शांति! रियलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी' में पांडे के साथ काम करने वाली संभावना सेठ ने कहा कि उन्होंने उन्हें कभी नहीं बताया कि उन्हें सर्वाइकल कैंसर है। एक्ट्रेस द्वारा मौत की झूठी खबर की पुष्टि करने के बाद लोगों ने इसे एक पब्लिसिटी स्टंट करार दिया। अभिनेत्री पायल घोष ने कहाः कुछ लोगों को जागरूकता के नाम पर इस तरह के स्टंट करना मजाक लगता है। सर्वाइकल कैंसर से पीड़ित लोगों को नर्क का जीवन जीना पड़ता है, लेकिन कुछ लोग इसे पीआर के लिए इस्तेमाल करना अपना अधिकार समझते हैं! दुःखद।"